सुप्रभात
रांची, शनिवार
15.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 270



12 सलमान के साथ अफेयर पर पूजा हेगड़े ने तोड़ी चुप्पी




## न्यूज डायरी

### वीरेंद्र राम का रिश्तेदार आलोक रंजन को जेल

**रांची।** जेल में बंद पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इडी कोर्ट के आदेश के बाद आलोक से एक दिन पूछताछ की।

### राज्यभर में नक्सली बंद का आंशिक असर

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद का झारखंड में आंशिक असर रहा। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। चतरा के कुंदा में 5 माओवादियों को मारने के विरोध में बंद रखा गया है।

### कृतज्ञ राष्ट्र ने दी डॉ आंबेडकर को श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में शुक्रवार को कृतज्ञ राष्ट्र ने संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर को उनकी 132 वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### 125 फीट ऊंची आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव ने संविधान निर्माता डॉ आंबेडकर की जयंती पर शुक्रवार को उनकी 125 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देकर हेलीकॉप्टर से प्रतिमा पर पुष्पवर्षा भी की गयी।

### इनामी फरार नक्सली ने पटना में किया सरेंडर

**रांची।** 15 लाख के इनामी भाकपा माओवादी कमांडर इंदल गंझू ने पटना में पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है। इंदल मूल रूप से बिहार के गया जिला के इमामगंज थाना क्षेत्र के असरैन का है। झारखंड पुलिस उसे रिमांड पर लेगी।

### जिला खनन पदाधिकारी को कुचलने का प्रयास

**देवघर।** देवघर जिला के जसीडीह थाना क्षेत्र के लालपुर के समीप शुक्रवार को छापेमारी करने गये जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार के साथ बालू माफियाओं ने दुर्व्यवहार किया। धक्का-मुक्की और मारपीट के बाद उन्हें कुचलने का प्रयास भी किया गया।

### केजरीवाल से पूछताछ के लिए सीबीआइ का समन

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 16 अप्रैल को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। आबकारी नीति में अनियमितता के मामले में उनसे पूछताछ की जायेगी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |



**बैसाखी के मौके पर गुरुनानक स्कूल में सजा विशेष दीवान** फोटो : समीर

# झारखंड में आग उगल रहा सूरज

## आफत की गर्मी... चाईबासा का 43, तो 12 जिलों का पारा 42 डिग्री पार

- 12 जिलों का तामपान 42, तो चाईबासा का पारा 43 पार
- 17 और 19 अप्रैल को बारिश संभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य भर में बढ़ती गर्मी से आम लोग ही नहीं पशु और पक्षी भी परेशान होने लगे हैं। वैशाख माह की शुरुआत में ही सूरज आग उगल रहा है। चाईबासा में अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। वहीं मौसम केंद्र, रांची की रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड के 24 में से 12 जिले यानी देवघर, धनबाद, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, चतरा, गढ़वा, पलामू, जमशेदपुर और सरायकेला में पारा 42 डिग्री हो गया है। आने वाले चार दिनों में पारा 44 डिग्री तक जा सकता है। इस मामले में रांची, खूंटी और गुमला के लोग भाग्यशाली हैं। इन तीन जिलों का अधिकतम पारा 39 डिग्री तक पहुंचा है। (शेष पेज 11 पर)



### आने वाले दिनों में और गर्मी बढ़ेगी

आगामी दो दिनों तक लोगों को गरमी से और परेशानी बढ़नेवाली है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में हाल के दिनों में कोई सिस्टम बनने के संकेत नहीं हैं। देश के पश्चिम से पूर्व तक बनी टर्फ लाइन अब कमजोर हो चुकी है। दक्षिण से यूपी तक बना टर्फ सिस्टम भी अब खत्म हो रहा है। इसके बाद झारखंड के आसपास के वातावरण में सिस्टम नहीं रहने के कारण राज्य में आने वाले दिनों में और गर्मी बढ़ेगी। मौसम विभाग की मानें तो 16 अप्रैल तक तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी। ये वृद्धि दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक होगी। 16 अप्रैल के बाद तापमान में विशेष अंतर नहीं देखा जायेगा।

# आर्मी लैंड स्कैम : सीआइ समेत 7 आरोपी गये जेल

- कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेशी, आइएएस छवि रंजन से पूछताछ संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला मामले में इडी ने सीआइ सहित सात लोगों को गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के समक्ष पेशी के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें सरकारी कर्मचारी के साथ-साथ जमीन का अवैध कारोबार करने वाले लोग भी शामिल हैं। वहीं इडी पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में पूछताछ के लिए सम्मन भेज सकती है। ईडी ने गुरुवार को देर रात कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार किया था। जेल भेजने से पूर्व इन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव प्रसाद उर्फ काका मौजूद थे। अंबेडकर जयंती होने के कारण अवकाश होने की वजह से आरोपितों को जज कॉलोनी स्थित आवासीय कार्यालय में पेश किया गया था।

(शेष पेज 11 पर)



### इन्हें भेजा गया जेल

रांची स्थित बड़गाईं अंचल कर्मचारी भानु प्रताप, रिम्स कर्मचारी अफसर अली खान, इम्तियाज खान, तलहा खान, मो सददाम, अयाज खान (बरियातू) और प्रदीप बागची-(आसनसोल-कोलकाता)

### वंशवाद और क्षेत्रवाद विकास में बाधक : मोदी

**गुवाहाटी।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को वंशवाद और क्षेत्रवाद की नीति पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि उनकी सरकार कोई भी निर्णय किसी निजी स्वार्थ या वोट बैंक की राजनीति से नहीं बल्कि देश और देशवासियों के हित को ध्यान में रख कर करती है। उन्होंने कहा, जब वंशवाद, क्षेत्रवाद, भ्रष्टाचार और अस्थिरता की राजनीति हावी होने लगे तो विकास असंभव हो जाता है। मोदी ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों में हुए विकास की चर्चा से कुछ लोगों को बहुत परेशानी होती है। सिर्फ श्रेय पाने के ऐसे भूखे लोगों व राज करने की उनकी भावना ने देश का बड़ा अहित किया है। पीएम पूर्वोत्तर में 1,123 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गुवाहाटी को राष्ट्र को समर्पित करने के लिए आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे।

# बिजली कटौती न करें खरीद कर दें : हेमंत

- पैसे की चिंता न करें, 3 माह की प्लानिंग कर 600 मेगावाट खरीदें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली संकट से लोगों को हो रही परेशानी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गंभीरता से लिया है। शुक्रवार को बिजली संकट की स्थिति पर सीएम ने ऊर्जा सचिव से पूरी जानकारी ली। सीएम ने कहा कि बिजली की मांग बढ़ गयी है, तो बाहर से खरीद कर बिजली आपूर्ति करें। अगले तीन महीने की प्लानिंग के साथ 600 मेगावाट बिजली खरीदें। पैसा लगता है तो लगने दें, पर बिजली कटौती न हो। आम जनता को अबाधित बिजली मिलती रहे, इसकी व्यवस्था करें। सीएम ने अविलंब 600 मेगावाट बिजली खरीदने का निर्देश दिया।

ऊर्जा सचिव ने बिजली संकट पर सीएम को बताया कि बिजली



की मांग बढ़ गयी है। 300 से 400 मेगावाट तक अतिरिक्त बिजली की मांग बढ़ गयी है, जिसके कारण लोड शेडिंग करना पड़ रहा है। सीएम से निर्देश मिलते ही ऊर्जा सचिव सह सीएमडी झारखंड ऊर्जा विकास निगम अविनाश कुमार ने झारखंड बिजली वितरण निगम को अविलंब 600 मेगावाट बिजली खरीदने का निर्देश दिया।

(शेष पेज 11 पर)

# डॉ आंबेडकर के विचार हर व्यक्ति के लिए अनुकरणीय : हेमंत सोरेन



- बाबासाहेब की जयंती पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर डोरंडा स्थित उनकी प्रतिमा पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने माल्यार्पण किया। राज्यपाल ने कहा कि डॉ आंबेडकर भारत के महानतम सपूतों में से एक थे। समाज और राष्ट्रहित में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा भीम राव अंबेडकर किसी परिचय के मोहताज नहीं है। बाबा साहेब मजबूत इरादों के शख्सियत थे। वे एक महान शिक्षाविद, विधिवेत्ता और समाज सुधारक थे। उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो सभी वर्ग और तबके को सम्मान देता है। उनका व्यक्तित्व और विचार हर किसी के लिए अनुकरणीय हैं।

### आप पान-मसाला और गुटखा बेच रहे हैं, कोई अमृत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** आप कोई अमृत थोड़ी बेच रहे...? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी गुटखा, पान मसाला और तंबाकू से जुड़ी एक अर्जी पर सुनवाई के दौरान की। उच्चतम न्यायालय, मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर अर्जी पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें तमिलनाडु सरकार ने गुटखा, पान मसाला और चबाने वाले तंबाकू जैसे उत्पादों पर लगाये गये बैन को रद्द कर दिया था। याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान हाईकोर्ट के फैसले के पक्ष में मौजूद प्रतिनिधि पर बेंच ने तीखी टिप्पणी की। बेंच ने कहा कि प्रतिवादी ऐसा सामान बेच रहे हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान प्रतिवादी की तरफ से पेश सीनियर एडवोकेट सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि तंबाकू उत्पादों पर परमानेंट बैन मौजूदा लीगल फ्रेमवर्क के परे है।

### रांची में 16, राज्य में 30 नये मरीज

**रांची।** कोरोना जांच बढ़ते ही झारखंड में संक्रमित मरीज बढ़ने लगे। पिछले 24 घंटे में 30 नये संक्रमित मिले हैं। वहीं 22 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। सबसे अधिक 16 नये रांची में मिले हैं। जमशेदपुर में 07 नये संक्रमितों की पहचान हुई है। हजारीबाग में 01, कोडरमा में 01, लातेहार में 02, लोहरदगा में 01, रामगढ़ में 01 और पश्चिम सिंहभूम में 01 नया केस कोरोना का मिला है। वर्तमान में राज्य के 24 में से 15 ऐसे जिले हैं, जहां कोरोना के एक्टिव केस हैं।

### बंगाल आतंकमुक्त हो सकता है : शाह

**सूरी।** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि दीदी-भतीजा (ममता-अभिषेक) के कथित अपराधों को दूर करने का एकमात्र तरीका राज्य में भाजपा को सत्ता में लाना है। वह बीरभूम के सूरी में सभा में बोल रहे थे। अवैध अप्रवासन एवं गौ तस्करी रोकने और बंगाल को आतंकमुक्त करने का एकमात्र तरीका भाजपा है।




# तलाक की कीमत @ 25 करोड़ !

## कोरोनाकाल से बढ़े मामले, राज्य के फैमिली कोर्ट में हजारों केस लंबित

**कुबेर सिंह**

**रांची।** आपको आश्चर्य होगा कि अब तलाक की कीमत लग रही है। तलाक देने के एवज में पत्नियां इसकी कीमत तय कर कर रही हैं। ऐसा ही एक मामला रांची सिविल कोर्ट में दायर हुआ है। जिसमें तलाक लेने वाली पत्नी ने पति से 25 करोड़ की डिमांड कर दी है। पति इंडियन नेवी में कार्यरत है। पत्नी की इस डिमांड को वह पूरा करने में असमर्थ है तो उसने भी तलाक के लिए कोर्ट में आवेदन दिया है, लेकिन पत्नी की ओर से मांगी जा रही 25 करोड़ की राशि देने से साफ इनकार कर दिया। अब तलाक के मुद्दे पर बहस तो हो रही है, लेकिन कीमत पर एकमत नहीं बन पाया है। मामला विचाराधीन है।

(शेष पेज 11 पर)

### शक, अफेयर, नशा, ईगो के कारण बढ़ रहे मामले

कोरोना काल में और उसके बाद फैमिली कोर्ट में केसों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अधिकांश केसों में पारिवारिक विवाद, पति-पत्नी के झगड़े, संयुक्त परिवार में छोटे-मोटे विवाद वकीलों के टेबल पर आने लगे। केस कोर्ट में दायर होने लगे। वकीलों की मानें तो लॉकडाउन में पति-पत्नी के बीच घर में काम करने को लेकर अधिक झगड़े हुए थे। एडवोकेट अमृत कुमार सिंह के मुताबिक, कोरोना काल में पति-पत्नी के सामान्य झगड़े भी कोर्ट में पहुंचने लगे थे। तलाक के प्रमुख कारणों में पारिवारिक झगड़े, नशा, एक दूसरे पर शक, अवैध संबंध, ईगो का टकराव, धार्मिक मतभेद रहे हैं।

> सिविल कोर्ट में पति- पत्नी तलाक के मुद्दे को लेकर आते हैं। कई मामलों में समझौता हो जाता है तो कई मामले लंबे समय तक पेंडिंग रह जाते हैं। इसकी वजह यह होती है कि पति पत्नी को तलाक तो देना चाहता है, लेकिन उसकी डिमांड को पूरा नही करना चाहता है। - **मुकुल सहाय, वरीय अधिवक्ता, सिविल कोर्ट**

## स्वास्थ्य मेला के प्रोत्साहन को लेकर निकाली गयी साइकिल रैली

# हर माह 14 तारीख को राज्य के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य मेला लगेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर तरीके से लागू करने एवं लोगों के बीच बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए हर महीने की 14 तारीख को प्रत्येक हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। भारत का सबसे पहला हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर आज के दिन 2018 में खोला गया था, जिसका पांचवी वर्षगांठ आज पूरा देश मना रहा है।



इसी क्रम में शुक्रवार को रांची जिला अंतर्गत स्वास्थ्य मेला के प्रोत्साहन के लिए साइकिल रैली तथा बैलून उड़ाकर आइइसी कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (मारवाड़ी कॉलेज) के स्वयंसेवकों द्वारा साइकिल रैली निकाली गयी, जिस के मुख्य अतिथि स्टेट नोडल ऑफिसर एनसीडी सेल, डॉ ललित रंजन पाठक थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ शशिभूषण खलको (एसीएमओ), डॉ असीम कुमार मांझी (डीआरसीएचओ), डॉ. अजिमुरब मुस्तफी (डीसीओ एवं नोडल ऑफिसर एनसीडी सेल) रांची ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम में मारवाड़ी कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश सिंह, सदर अस्पताल प्रबंधक डॉक्टर जोरन एस. कंडलना ने साइकिल चलाकर लोगों को प्रोत्साहित किया।

उपरोक्त स्वास्थ्य कार्यक्रम के जागरूकता एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक माह की 14 तारीख को झारखंड के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य मेला के आयोजन का निर्णय स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान सरोज कुमार, सुशांत कुमार, जिला परामर्शी, अभिषेक कुमार, कार्यक्रम सहयोगी, एनसीडी सेल, सतीश कुमार, सोशल वर्कर, एनटीसीपी एवं आरसीसीएफ (टाटा ट्रस्ट) के नीरज कौशिक के द्वारा भी भाग लिया गया।

## एनआरएचएम एएनएम और जीएनएम स्वास्थ्य मंत्री से मिले, मंत्री ने दिया निर्देश

# एएनएम, जीएनएम और पारा मेडिकल कर्मियों की स्थायी नियुक्ति प्रक्रिया 15 दिन के भीतर होगी शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनआरएचएम एएनएम जीएनएम संघ एवं पारा मेडिकल कर्मी संघ ने झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष गोपाल शरण की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अनुबंध एएनएम, जीएनएम एवं सभी पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल अवधि का मानदेय भुगतान एवं मानदेय में 15 परसेंट अनुभव भत्ता जोड़कर 2017 से भुगतान करने का आदेश अपर सचिव को दिया।

मौके पर आशिफ एकराम (पीए) को समझौते के तमाम बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एएनएम, जीएनएम एवं पारा मेडिकल कर्मियों की स्थाई नियुक्ति की प्रक्रिया 15 दिनों के अंदर शुरू करने का आदेश जारी करने को कहा।

प्रतिनिधिमंडल में एनआरएचएम संघ के महासचिव वीणा कुमारी, प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी, प्रेमा, सुप्रिया, मेरी, वंदना एवं पारा मेडिकल के नवीन कुमार गुप्ता एवं राणा चंदन गिरी किशोर मीनू, रश्मि, सीता, कलावती, अनीता एवं अन्य साथी मौजूद रहे।

# हाइकोर्ट ने जैक से पूछा- जेटेट परीक्षा का कब होगा आयोजन

**प्रार्थियों ने कोर्ट को दी जानकारी- वर्ष 2016 के बाद नहीं ली गयी जेटेट की परीक्षा**

**हाइकोर्ट ने जैक को 4 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के आयोजन को लेकर दाखिल सूरज बिहारी मंडल सहित 20 प्रार्थियों की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने जैक के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए 4 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने जैक से पूछा है कि कब तक जेटेट की परीक्षा ली जाएगी, यह स्पष्ट करें।

इससे पहले प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के लिए पहल शुरू की है। प्रारंभिक शिक्षा सहायक आचार्य संवर्ग नियुक्ति प्रोन्नति सेवा शर्त नियमावली-2022 के तहत यह परीक्षा ली जाएगी। इस नियमावली के तहत वही लोग सहायक आचार्य पद पर आवेदन कर सकेंगे, जो जेटेट पास है। प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2016 के बाद जेटेट परीक्षा नहीं ली गई है। इसलिए राज्य सरकार को निर्देशित किया जाए कि कोई भी शिक्षक नियुक्ति करने से पहले जेटेट परीक्षा आयोजित कर लिया जाए। अगर जेटेट परीक्षा करना संभव नहीं है तो सीटेट पास अभ्यर्थियों को भी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी जाए। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि वह वर्ष 2019-2021 के बीच वे सीटेट परीक्षा पास किए हुए हैं। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा एवं विशाल कुमार ने पैरवी की।

# महागठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने तक संघर्ष जारी रहेगा : दीपक प्रकाश

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- कार्यकर्ता मुकदमों और गोली बंदूक से डरने वाले नहीं**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के आंदोलनों एवं जनाक्रोश से गठबंधन सरकार डरी हुई है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार जनविरोधी नीतियों का विरोध करने वाली जनता पर लाठी, गोली बरसा कर, पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग करते हुए मुकदमा दायर कर भयभीत करना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने खिलाफ बोलने वालों पर सिर्फ मुकदमे ही नहीं करवा रही है, बल्कि सैकड़ों कार्यकर्ताओं की हत्या भी करवा चुकी है। राज्य में माफिया दलाल और अपराधियों का गिरोह सरकार के संरक्षण में आतंक मचा रखा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपराधियों को पकड़ने, कारवाई करने में नाकाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

# सीएमपीडीआइ में साइबर सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण सत्र संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई के कांफ्रेस हॉल में साइबर सुरक्षा-बदलते परिदृश्य के लिए अनुकूलन विषय पर एक प्रशिक्षण-सह-जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सीएमपीडीआई के मुख्य प्रबंधक (सिस्टम) एससी बेहरा ने सत्र में सम्यक पर जानकारी दी। मौके पर सीएमपीडीआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री पुष्कर, महाप्रबंधक (टीएस/जनसम्पर्क) संजय कुमार दुबे सहित अन्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण और कर्मी थे। सीएमपीडीआई के सभी क्षेत्रीय संस्थान के प्रतिनिधि इस सत्र में वीसी के माध्यम से जुड़े थे। हर क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन को दिए जाने वाले महत्व को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा ने अधिक महत्व प्राप्त कर लिया है। इस सत्र में सीएमपीडीआई के सुरक्षा ढांचे पर चर्चा हुई साइबर गतिविधियों के परिणामों से अवगत कराया गया।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मिले सांसद संजय सेठ, किया आग्रह

# पत्रकारों के लिए राष्ट्रीयकृत जीवन व स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना प्रसारण खेलकूद एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। इस क्रम में उन्हें सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में आने का आमंत्रण दिया। केंद्रीय मंत्री को दिए गये ज्ञापन में सांसद ने डीडी झारखंड, खेल गांव सहित पत्रकारों के कल्याण पर भी चर्चा की। सांसद श्री सेठ ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राजधानी में स्थित खेलगांव एशिया महादेश का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कंपलेक्स है लेकिन, इसका सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। यहां पर केंद्रीय खेल विश्वविद्यालय खोलने की योजना पर काम करना चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण शिविर आयोजित होना चाहिए। इससे देशभर के खिलाड़ी एक दूसरे से जुड़ सकेंगे। उन्होंने आग्रह किया कि आजादी के अमृत काल में झारखंड दूरदर्शन के द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों व सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तित्व की पटकथा का प्रसारण क्षेत्रीय भाषाओं में होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में पत्रकार काम करते हैं। उनका काम जोखिम भरा होता है। ऐसे पत्रकारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत जीवन बीमा व स्वास्थ्य बीमा, उनके परिवार का स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं उन्हें मुहैया कराने की दिशा में काम करना चाहिए। इसके लिए भी एक राष्ट्रीय स्तर की नियमावली बनाना चाहिए।

# बाबा साहेब के विचारों को बचाना जरूरी : सीपीआइ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीपीआई कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। सीपीआई कार्यकर्ताओं ने इसे संविधान बचाओ, भाजपा हटाओ दिवस के रूप में मनाया। जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को अपनाकर ही भारत को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया जा सकता है। बाबा साहेब स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को देश की एकता और विकास के लिए सबसे जरूरी मानते थे। उन्होंने जो संविधान देश को दिया है उस पर खतरा उत्पन्न हो गया है। संविधान की मूल आत्मा को भगा देने की कोशिश मौजूदा समय में सत्तारूढ़ दल के लोग कर रहे हैं।

मौके पर डॉ. मिथिलेश ने कहा कि देश के तमाम दलितों, वंचितों, अल्पसंख्यकों समेत प्रगतिशील शक्तियों के लिए एकजुट होने की जरूरत है तभी संविधान को बचाया जा सकता है। राजद के राजेश यादव ने एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। इस दौरान राजेंद्र रविदास, सुरेंद्र दीक्षित, निरंजन भारती, लक्ष्मी महतो, अभिनव राज, चूमू उरांव, मनोज ठाकुर समेत अन्य मौजूद रहे।

# बाबा साहेब अंबेडकर के सिद्धांत से मिलती है नयी ऊर्जा : कर्मवीर सिंह



**रांची।** भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा है कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। श्री सिंह शुक्रवार को डोरंडा स्थित संत रविदास टोला में आयोजित अंबेडकर जयंती पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के मूल्य और सिद्धांत हमें नई उर्जा प्रदान करती है। आज भारत अपनी आजादी का अमृत वर्ष बना रहा है। आजादी का सही मायने हमें बाबा साहब ने दिखाया है। उन्होंने संविधान का निर्माण कर सभी व्यक्तियों को समान अधिकार से जीने की स्वतंत्रता प्रदान की। उन्होंने समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति और शीर्ष पर बैठे बड़े नेता या अधिकारी दोनों को समान अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न से नवाजा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित कर उनका मान बढ़ाया। इस अवसर पर नीरज पासवान, विधायक नवीन जायसवाल, केके गुप्ता, संजीव विजयवर्गीय आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने बाबा साहेब को किया नमन, श्रद्धांजलि दी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से शुक्रवार बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। मौके पर अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे को भारतीय संविधान की प्रति भेंट की। वहीं केदार पासवान, वशिष्ट पासवान, राजू राम ने उपस्थित नेताओं को नीला अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

**बाबा साहेब का जीवन शोषितों के उत्थान के लिए था समर्पित :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन सदियों से शोषित मानव के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित था। उन्हें किसी जाति से बांधना उनका अपमान होगा, वे महापुरूष थे तथा उन्होंने समाज में व्याप्त रूढ़िवाद एवं विषमता को समूल समाप्त करने के लिए जीवन-पर्यंत संघर्ष किया। संविधान निर्माता सुलझे हुए विद्वान राजनीतिज्ञ थे।

**आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन के पक्षधर थे बाबा साहब : राजेश**

प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब भारत के आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन के पक्षधर थे।

**आज भी प्रेरणाश्रोत हैं बाबा साहेब : सुबोधकांत**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि बाबा साहब ने शोषित वर्ग के लोगों को एक नारा दिया शिक्षित रहो, संगठित रहो और अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहो। मौके पर राजीव रंजन प्रसाद, केदार पासवान, केशव महतो कमलेश, मदन मोहन शर्मा, अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, गजेन्द्र सिंह, रविंद्र सिंह, डॉ कुमार राजा,डॉ राकेश किरण, सुरेन राम, निरंजन पासवान, सुर्यकांत शुक्ला, जगदीश साहु, प्रभात कुमार, उषा पासवान, सोनी नायक, विनीता पाठक, संतोष कुमार, अजय सिंह, महेश मनीष, जितेन्द्र त्रिवेदी, प्रकाश राम, छोटू सिंह, सूरज पासवान, मिथलेश, संतोष महतो, विक्की ठाकुर, सेवियर खेस्स, चन्द्र रश्मी पिंगुआ, दिलावर खान आदि थे।

# झारखंड राजद मुख्यालय में मनी अंबेडकर की जयंती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने बाबा साहब चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि बाबा साहब ने छुआछूत के विरुद्ध संघर्ष किया। इसके जरिए उन्होंने समाज के शोषित वर्ग को छुआछूत से मुक्ति दिलायी। वे दलित वर्ग के लिए मसीहा के रूप में सामने आए। जिन्होंने अपने अंतिम क्षण तक दलितों को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया। 1990 में उनको भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

**ये रहे मौजूद :** जयंती समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी देवी, प्रदेश के सोशल मीडिया प्रभारी अंजल किशोर सिंह, दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान, प्रदेश सचिव फैजुल हक, पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, पलामू जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद यादव, बबली देवी, रीता देवी, विद्यावती देवी, सरिता देवी, उषा देवी, राम कुमार, नेसार अंसारी उपस्थित रहे।

# सामाजिक समरसता के राष्ट्रवादी चिंतक हैं डॉ. भीमराव अंबेडकर : दीपक प्रकाश

**भाजपा ने बूथ स्तर पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता एवं न्याय दिवस के रूप में मनाया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा मुख्यालय एवं सभी जिलों में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी गयी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि युगों-युगों के बाद धरती पर भीमराव आंबेडकर जैसे महामानव का जन्म होता है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों से लड़ते हुए इतिहास रचने वाला व्यतित्व ही राष्ट्र और समाज के लिए आदर्श बनता है। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर ने राष्ट्रवादी चिंतन से सामाजिक समरसता के लिए देश को एक नई दिशा दी। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह में श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की सोच लोकतंत्र की आवश्यक शर्त हैं। उन्होंने पीड़ित, शोषित समाज को शिक्षित बनो, संगठित रहो और जागृत बनो का संदेश दिया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व सांसद डॉ रविंद्र कुमार राय, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू, सूरज चौरसिया, सरोज सिंह, अविनेश कुमार, शिवपूजन पाठक, गोपाल सोनी, लक्ष्मी कुमारी, योगेंद्र लाल, सुबोधकांत आदि शामिल थे।

## कोर्ट नोटिस

**Original Suit No. - 04/2023**

**सतीश कुमार @ सतीश कुमार केसरी ..... वादी**

**बनाम**

**संगीता केशरी @ संगीता कुमारी ..... प्रतिवादी**

**नोटिस :-** संगीता केसरी @ संगीता कुमारी, पिता स्व0 वासुदेव साव, ग्राम+पोस्ट - खैरा, थाना- ईचाक, जिला - हजारीबाग, झारखण्ड।

आपके विरूद्ध सतीश कुमार @ सतीश कुमार केसरी द्वारा विवाह विच्छेद हेतु धारा 13(i)(ia) अन्तर्गत यह Original Matrimonial Suit No. - 04/2023 दाखिल किया गया है।

इस मुकदमें में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

वाद की अगली तिथि 24.04.23 निर्धारित है। उक्त तिथि को 7:30 एएम प्रातः स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी।

ये नोटिस दिनांक 29.03.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**प्रधान न्यायाधीश,**
**कुटुम्ब न्यायालय, हजारीबाग।**

## आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

# संवैधानिक मूल्यों को ताक पर रखकर बड़ी आबादी के साथ राजनीति कर रही है सरकार : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सामाजिक न्याय के अग्रदूत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहाँ सबको समान अधिकार एवं नीति-निर्णय में समान भागीदारी मिले। उन्होंने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े लोगों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक उन्नति की कल्पना की थी, लेकिन राज्य की वर्तमान सरकार बाबा साहब के विचारों के विपरीत कार्य कर रही है। सरकार संवैधानिक मूल्यों को ताक पर रखकर बड़ी आबादी के साथ राजनीति कर रही है। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।



आजसू सुप्रीमो ने कहा कि बाबा साहब सामाजिक न्याय की बात करते थे, लेकिन सरकार के कार्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि बड़ी आबादी के साथ ये न्याय नहीं करना चाहते। सरकार ने एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को भी अपना पॉलिटिकल एजेंडा बनाकर लटका दिया है। इन्होंने तो पंचायत चुनाव में पिछड़ों के लिए आरक्षित हजारों पदों को गैर आरक्षित कर दिया और नगर निकाय चुनाव को लेकर भी इनकी मंशा यही थी। सरकार से हम आग्रह करते हैं कि युगपुरुष बाबा साहब को वो सिर्फ श्रद्धांजलि अर्पित ना करें, बल्कि उनके विचारों को नीति-निर्णयों में भी शामिल करे।

आजसू पार्टी ने पूरे राज्य में संविधान शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई। इसी क्रम में हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि सामाजिक न्याय के बगैर विकास अधूरा है और वर्तमान समय में बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने की जरुरत है। बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी हम पर है। उनके सपनों को धरातल पर उतारने के लिए युवाओं को आगे आना होगा।

इस अवसर पर सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी, जितेंद बड़ाईक, गौतम कृष्णा साहु, नेपाल नायक, भारत साईं, भरत कुमार, हेमंत नायक, ललन कुमार, अर्जुन कालिंदी, हराधन कालिंदी, उर्मिला देवी, रेखा देवी, शंकर बेदिया, सुषेण प्रमाणिक, दिलीप कुमार, किशोर कुमार कुशवाहा, अरबिंद कुमार, कौशल कुमार इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को थाना से नोटिस, 22 को थाने बुलाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीजेपी के सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान हुई पत्थरबाजी और उपद्रव की घटना को लेकर धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने अपनी जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश को धुर्वा थाना की ओर से 41 का नोटिस भेजा गया है। नोटिस में दीपक प्रकाश को 22 अप्रैल को पूछताछ के लिए धुर्वा थाना में दिन के 11 बजे हाजिर होने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि 41 का नोटिस किसी भी व्यक्ति को तब जारी किया जाता है, जब पुलिस या कोई भी जांच एजेंसी उसे अभियुक्त यानि आरोपी मानती है। धुर्वा थाने में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक अनुषेक कुमार के हस्ताक्षर से नोटिस भेजा गया है। नोटिस में कहा गया है कि भविष्य में कोई अपराध नहीं करेंगे। कांड में किसी साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगें। कांड के तथ्यों से परिचित किसी भी व्यक्ति को कोई धमकी, प्रलोभन नहीं देगें। नोटिस में यह भी कहा गया है कि कांड में शामिल अपने साथियों को पकड़ने में सहायता करेंगें।

**तीन पूर्व सीएम, 5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस**

इससे पहले मंगलवार देर रात कार्यपालक दंडाधिकारी उपेंद्र कुमार के बयान पर तीन पूर्व सीएम, 5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है। जिसका कांड संख्या 107/2023 है। इस मामले में अज्ञात हजारों कार्यकताओं को आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं।

# संजीव नेत्रालय ने टाटा में चौथी वर्षगांठ पर शहरवासियों को दिया अनूठा तोहफा

## अब घर बैठे आंखों की जांच करवा सकेंगे बुर्जुग, दिव्यांग और व्यस्त लोग

खबर मन्त्र ब्यूरो



चौथी वर्षगांठ पर विवरिणका का विमोचन करते डॉ संजीव कुमार तिरिया, डॉ राकेश कुमार, प्रसेनजीत सरकार व अन्य।

**जमशेदपुर।** डिमना रोड (उलिडीह थाना के बगल में) मानगो स्थित संजीव नेत्रालय सुपर स्पेशीलिटी रेटिना अस्पताल आज अपने नेत्र रोगियों में किसी पहचान का मोहताज नहीं है।

शुक्रवार को चौथे वर्षगांठ पर संजीव नेत्रालय द्वारा एक विशेष स्कीम के तहत अपने नेत्र रोगियों की विशेष सहायता हेतु उनके घर पर ही जाकर नेत्र जांच की सुविधा को लांच किया गया है। बहुत सारे मरीज जो अधिक उम्र के हैं और चलने फिरने में असमर्थ हैं एवं जिन मरीजों के पास समय का अभाव है वैसे मरीजों के लिए उनके घर पर ही जाकर संजीव नेत्रालय की टीम के द्वारा आंख की जांच की जायेगी तत्पश्चात अगर जरूरी हुआ तो उन्हें अस्पताल पर भी बुलाया जा सकता है और उसके लिए उन्हें अलग से नम्बर लगाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी वे मरीज सीधे अस्पताल आकर डॉक्टर से सम्पर्क कर सकते हैं।

उक्त जानकारी देते हुए अस्पताल के निदेशक डा संजीव तिरिया ने बताया कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए मरीज को अग्रिम बुकिंग कराना आवश्यक होगा एवं उन्हें अस्पताल से अग्रिम बुकिंग अथवा मोबाईल नं 7283008800/9297992288 पर सम्पर्क की जा सकती है। साथ ही उक्त अवसर पर संजीव नेत्रालय का विवरणिका का भी विमोचन किया गया, जिसमें अस्पताल से सम्बंधित सारी जानकारियां उपलब्ध है। संजीव नेत्रालय के निदेशक डॉ संजीव तिरिया ने बताया कि पिछले 4 वर्षों में 3 लाख से अधिक मरीजों की जांच एवं 16 हजार से अधिक मरीजों के नेत्र का सफल ऑपरेशन किया गया है जिसमें आंखों का पर्दा एवं जटीलतम आंखों का आपरेशन किया गया है।

उन्हों बताया कि आज जमशेदपुर संजीव नेत्रालय अंतराष्ट्रीय स्तर के सारे अत्याधुनिक तकनीक के मशीनों से लैस है। उक्त संवाददाता सम्मेलन में डॉ तिरिया ने बताया कि संजीव नेत्रालय ग्रुप द्वारा हर साल शहर के अलग-अलग स्थानों पर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करते हैं जिसमें हजारों मरीजों का नेत्र जांच एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत ऑपरेशन करवाने का सुविधा उपलब्ध कराती है। संजीव नेत्रालय हर साल 12 हजार से भी ज्यादा आंखों के सफलता पूर्वक ऑपरेशन करते आ रहा है जो अपने आप में एक उपलब्धि है क्योंकि वहां के अनुभवी डॉक्टर, टेक्निशियन एवं सपोर्ट स्टाफ की टीम निरंतर तत्पर रहतें हैं कि कैसे मरीजों को बेहतर से बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान कर सकें। उक्त संवाददाता सम्मेलन में अस्पताल के निदेशक डॉ संजीव तिरिया के अलावा मेडिकल ऑफिसर डॉ राकेश कुमार, डॉ अतिश कुमार प्रधान एवं संजीव नेत्रालय के प्रबंधक प्रसेनजीत सरकार, चाईबासा के प्रबंधक शिव चरण समद एवं एचओडी ऑप्टोमेट्रिस्ट श्याम कुमार उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### पिस्टल के साथ असलम खान गिरफ्तार



गिरफ्तार युवक को प्रेस के सामने पेश करते एसडीपीओ संजय सिंह।

**चांडिल।** एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि चांडिल थाना के कपाली ओपि क्षेत्र से टीओपी चौक के पास से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के कर ऑटोमेटिक पिस्टल के साथ कपाली के इस्लाम नगर निवासी 40 वर्षीय असलम खान उर्फ मोटा सोनु को एक अपाचे बाइक संख्या जेएच 05 सीएफ 4997 एवं एक ऑटोमेटिक पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसडीपीओ ने कहा असलम खान का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। ये अपराध कर्मी जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना कांड संख्या 21/23 धारा 302 मो शाहनवाज हत्याकांड में काफी दिनों से फरार चल रहे थे। यह अपराध कर्मी पूर्व में कई बार जेल जा चुका है।

### टाटा मोटर्स : 15 कर्मचारियों को मिला मेडिकल सपोर्ट स्कीम का लाभ

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को मेडिकल सपोर्ट स्कीम कमिटि की बैठक हुई। बैठक में मार्च 2023 में जमा हुए सभी आवेदनों पे विचार विमर्श किया गया। जिसमें कुल मिलाकर 23 आवेदनों में से 15 को नियमानुसार उचित पाया गया और 1 आवेदनों को लंबित रखा गया है। लाभुकों को लगभग 6 लाख 59 हजार रुपये की राशि का लाभ मिला। लाभुकों के नाम क्रमशः है :–रूमा पॉल, नागमणि सरकार, राजेश कुमार शर्मा, एल वेंकट राव, दलविंदर सिंह, शोमनाथ चटर्जी, अमित कुमार दास, एम एफ फैजल, राजकुमार देवेंद्र कुमार, अनिल कुमार शर्मा, अम्बाती वेंकट राव, राजा राम माझी। बैठक में सेक्रेटरी अमितेश पांडेय, डॉक्टर एस एल श्रीवास्तव, अनिल शर्मा और अमित कुमार सिंह उपस्थित हुए।

### चैंबर के पूर्व अध्यक्षों की फोटो गैलरी का उद्घाटन 17 को

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अपना गौरवशाली इतिहास के 75वां वर्ष में प्रवेश कर चुका है और आज कोल्हान ही नहीं पूरे झारखण्ड की एक पहचान बन चुका है। जिसे इस मुकाम तक पहुंचाने मे इसके पूर्व अध्यक्षों की लगन, अथक परिश्रम एवं व्यवसायीहित की सोच रही है। पूर्व अध्यक्षों के लगन और परिश्रम के सम्मान में चैम्बर भवन में एक पूर्व अध्यक्ष फोटो गैलरी का निर्माण किया गया है जिसका उद्घाटन सोमवार, दिनांक 17 अप्रेल, 2023 को अतिथिगण झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं उदितवाणी के संपादक राधेश्याम अग्रवाल के द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष एवं महासचिव ने बताया कि सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वर्तमान कमिटि ने चैम्बर के प्लेटिनम जुबिली वर्ष को ध्यान में रखकर पूर्व अध्यक्षों के सम्मान में एक यादगार गैलरी का निर्माण करने का निर्णय लिया था जिसे पूरा किया गया है।

### टाटा मोटर्स यूनियन के कमेटी मेंबर सैयद मुनावर ने दी इफ्तार पार्टी



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कमिटी मेंबर सैय्यद मुनावर द्वारा इफ्तार पार्टी टेल्को आदर्श मंडप मे रखा गया। यहां गंगा जमुना तहजीब का बेमिसाल उदाहरण देखने को मिला। इफ्तार पार्टी में मुख्य रूप से टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आर के सिंह, टाटा मोटर्स के इ आर हेड सौमिक राय जी, एच आर हेड मोहन जी, एडमिनिस्ट्रेशन हेड बी एन सिंह, कांग्रेस नेता रियाजुद्दीन खान, जिला परिषद परितोष सिंह, झामुमो के सैय्यद मुजफ्फरूल हक, सेंट्रल पीस कमिटी के शकील सिद्दीकी, कांग्रेस के अमीर सोहैल आदि लोग मौजूद थे।

# शास्त्रीनगर में प्रशासन का रवैया सही नहीं : अर्जुन मुंडा

## सेंट्रल जेल जाकर अभय सिंह, सुधांशु ओझा व विहिप नेताओं से मिले केंद्रीय मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो



सेंट्रल जेल में जाकर भाजपा नेता अभय सिंह, सुधांशु ओझा व अन्य से मिल कर बाहर आते हुए अर्जुन मुंडा।

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज सुबह अचानक घाघीडीह सेंट्रेल जेल पहुंच कर शास्त्रीनगर उपद्रव मामले में गिरफ्तार भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा, अधिवक्ता चंदन कुमार और विहिप नेताओं से भेंट की। इस दौरान मुंडा के साथ सरायकेला-खरसावां जिला के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, जमशेदपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह व कृष्णा शर्मा काली आदि भी थे। अर्जुन मुंडा सुबह साढ़े दस बजे सेंट्रल जेल पहुंचे। उनके जेल गेट पहुंचते ही जिला प्रशासन और जेल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में केंद्रीय मंत्री को जेल में बंद भाजपा व विहिप नेताओं से मिलवाने का प्रबंध किया गया जबकि यहीं जेल प्रशासन दो दिन पूर्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और सांसद विद्युतवरण महतो को भाजपा नेताओं से भेंट नहीं करने दिया। खैर, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा न सिर्फ जेल में बंद भाजपा नेताओं से करीब पौन घंटे तक बातचीत कर उनके मुंह से शास्त्रीनगर उपद्रव और उसके बाद पुलिसिया कार्रवाई की बात सुनी। अभय सिंह ने कहा कि मैं तो शास्त्रीनगर गया तक नहीं फिर भी पुलिस ने मुझे अहले सुबह बिना वारंट के गिरफ्तार कर लिया और बिष्टुपुर थाना हाजत में एक अपराधी की तरह बंद कर दिया। जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा का कहना था कि वे शहर से बाहर थे और पुरी से पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लेती आयी और जेल भेज दिया। विहिप नेताओं ने कहा कि वे लोग एसएसपी से मिल कर अपनी बात कहने गए थे तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिवक्ता चंदन को हथकड़ी लगा कर जेल भेजा गया। भाजपा नेताओं ने केंद्रीय मंत्री से अपने ऊपर लगी आपराधिक धाराओं को लेकर भी पूर्वी सिंहभूम पुलिस और जिला प्रशासन की शिकायत की। भाजपा नेताओं से मिल कर आने के पश्चात केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि शास्त्रीनगर में एक छोटे से मामले को पुलिस प्रशासन की लापरवाही से गलत तत्वों ने बड़ा रुप दे दिया। इस मामले की निष्पक्ष जांच करायी जायेगी। जो भाजपा नेता घटनास्थल पर नहीं थे उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है। स्पष्ट है कि प्रशासन दबाव में आकर काम कर रहा है। बारी मुर्मू ने कहा कि अभय सिंह को पुलिस ने झारखंड सरकार के इशारे पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोषियों पर कार्रवाई की बजाय सरकार पुलिस से निर्दोष लोगों पर कार्रवाई करवा रही है। शैलेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस को निष्पक्ष ढंग से काम करना चाहिए था। पुलिस और प्रशासन ने जोश में आकर निर्दोष लोगों को शास्त्रीनगर मामले में लपेटने का काम किया है जो गलत है।

### गुरु गोबिंद सिंह जी ने राष्ट्रवाद की नींव रखी

**जमशेदपुर। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सिंह सभा बारीडीह में पारंपरिक ढंग से सिखों ने 324 वां खालसा पंथ साजणा दिवस बैसाखी शुक्रवार को मनाया। श्री अखंड पाठ का भोग डाला गया। सर्वत्र के भले की अरदास हजूरी ग्रंथी बाबा निरंजन सिंह जी ने की। भाई जसपाल सिंह जी छाबड़ा एवं भाई मनप्रीत सिंह के जत्थे ने कीर्तन गायन किया और 1699 की बैसाखी में हुई घटना का जिक्र किया। इस मौके पर प्रधान कुलविंदर सिंह ने बताया कि देश में राष्ट्रवाद और एकता की नींव गुरु गोविंद सिंह जी ने रखी। लाहौर के क्षत्रिय दया सिंह, दिल्ली हस्तिनापुर के जाट धर्म सिंह, ओड़िसा जगन्नाथ पुरी के धीवर हिम्मत सिंह, गुजरात द्वारिका के दर्जी मोहकम सिंह एवं बीदर कर्नाटक के नाई भाई साहब सिंह ने अमृतपान किया, सिंह सजे। जाति, पाती, वर्ग का भेदभाव खत्म किया। गुरु चेला के भेदभाव को खत्म कर उनके हाथों से गुरु जी ने अमृत पान किया।**

# पुलिस सुरक्षा में पढ़ी गयी जुम्मे की नमाज

खबर मन्त्र ब्यूरो



नमाज पढ़ते मुस्लिम समाज के लोग। फारुखी मस्जिद से बाहर आते नमाजी व तैनात सुरक्षाबल।

**जमशेदपुर।** शास्त्रीनगर फारुखी मस्जिद में जुम्मे की नमाज आज भारी पुलिस सुरक्षा के बीच पढ़ी गई। इस दौरान जमशेदपुर पुलिस के जवान बड़ी संख्या में मस्जिद और उसके दूसरी तरफ स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष तैनात थे। खुद एसएसपी प्रभात कुमार और एसडीओ पियूष सिन्हा शांति से नमाज हो इसके लिए मौके पर मौजूद थे।

शास्त्रीनगर मुस्लिम समाज के लोग घरों से निकले और नमाज पढ़ने के पश्चात शांति से अपने-अपने घर चले गए। इस बीच,शास्त्रीनगर में धारा 144 लागू है। संभव है कि अभी कुछ दिन और धारा 144 लागू रहे। क्षेत्र की दुकाने सामान्य ढंग से खुल गई हैं और सामने के फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है।



विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पहुंचे एसएसपी प्रभात कुमार।

### सांसद महतो ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अजीत कालिंदी के नेतृत्व में सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य कार्यकताओं ने पुराना कोर्ट मोड़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यकताओं ने साकची जिला कार्यालय से पुराना कोर्ट मोड़ तक पैदल मार्च करते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाए। वहीं, जिला कमेटी की ओर से भुइयांडीह क्श्रेत्र अंतर्गत बाउरी बस्ती में आमजनों के बीच लड्डू वितरण किया गया। इसके साथ ही, जमशेदपुर महानगर के सभी मंडलों के दलित बस्तियों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने लड्डू वितरण कर बाबासाहेब की जयंती मनाई। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने देश से भेदभाव असमानता को दूर किया और सभी जाति–वर्गों के लोगों को एक साथ जीने की प्रेरणा दी। हमें उनके द्वारा बताए गए बातों का अनुसरण करना चाहिए। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत, समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता और आधुनिक राष्ट्र के शिल्पकार थे। उनके सामाजिक समानता के मिशन के केन्द्र में समाज के कमजोर, मजदूर, महिलाएं थीं, जिन्हें वे शिक्षा और संघर्ष से सशक्त बनाना चाहते थे।

### स्टेट बैंक कैंटीन हॉल में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी

**जमशेदपुर।** शुक्रवार प्रातः 10 बजे भारतीय स्टेट बैंक कैंटीन हाल में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीपक प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बाबा साहेब अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला सशक्तिकरण के कट्टर समर्थक थे, उन्होंने समाज के हर वर्ग की भागेदारी संविधान में निहित की है। श्रममंत्री रहते हुए कामगार वर्गों के लिए कार्य अवधि 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे कर्मचारी राज्य बीमा के तहत स्वास्थ्य अवकाश/दैनिक भत्ता/अपंग सहायता/भविष्य निधि/समय पर वेतन समझौता जैसी अनेक नियमों को लागू किया।समान नागरिक अधिकार के तहत एक व्यक्ति एक मत, प्रजातंत्र की मजबूती के लिए कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं विधायिका को स्वतंत्र एवं पृथक बनाया। एक दुरर्दशी महापुरुष जिन्होंने अपना समस्त जीवन श्रमिकों/दलितों/महिलाओं एवं राष्ट्र के लिए समर्पित किया ऐसे महानायक को जमशेदपुर सेवा की ओर से कोटि कोटि नमन। सभागार में कमलेश राम द्वारा सभा का संचालन किया गया एवं बिनोद कुमार मुख्य प्रबंधक रमन, शाखा प्रबंधक राजनंदन प्रसाद बिनोद रजक रविनंदन प्रसाद, विकास रजक ललित कुल्लू पिंटु रजक ग्लोरियस मिंज सीताराम मूर्मू सुरा देवगम, नीलम बारला जास्मिन तिग्गा, पवन कुमार, महेश्वर लाल, रंजन राम, गोपाल रजक एवं रींटु कुमार रजक ने अपने विचार व्यक्त किए।मंगल सिंह सामंता ने धन्यवाद देकर सभा समाप्ति कि घोषणा की।

## खबर एक नजर में

### भारतीय संविधान के शिल्पकार व युग पुरुष थे बाबा साहेब : हरि मुखी



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती के मौके पर केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी के केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी के नेतृत्व में बमार्माइंस मुखी समाज में बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर मुखी समाज के सभी सदस्यों ने जय भीम नारों के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिए। मौके पर हरि मुखी ने कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के शिल्पकार के साथ साथ एक युग पुरुष थे। महामंत्री रामाकांत करुवा ने कहा कि बाबा साहेब की पहचान संविधान निमार्ता के तौर पर होती है। इसके अलावे वे एक महान राजनीतिज्ञ, इतिहासकार और अर्थशास्त्री भी थे। इस मौके पर मुखी समाज के नेता खेमा राम, शिवराज मुखी, निरंजन मुखी, जितेन मुखी, सुनील मुखी, प्रदीप मुखी, बिट्टू मुखी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### गंडा समाज ने किया डॉ भीमराव अंबेडकर को याद



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को अखिल भारतीय गंडा समाज युवा समिति के पूर्व अध्यक्ष अरुण बारीक एवं गंडा समाज के उपाध्यक्ष आशीष महानंद के संयुक्त नेतृत्व में न्यू बाराद्वारी कुम्हारपाड़ा स्थित गंडा समाज के प्रधान कार्यालय में सविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132 जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्कर्स यूनियन के महामंत्री विजय यादव, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू, अखिल भारतीय गंडा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद छत्तर, सुनील प्रसाद उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री दिया गया और महिलाओं को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय गंडा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण महानंद, युवा समिति के पूर्व उपाध्यक्ष विकास महानंद, दीपक भोई, विजय दीप, हितल कांत, जगदीश सोना, सोमबारू दीप, गोविंदा महानंद, बबलू बाग, दिलीप महानंद आदि ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

### पान तांती बुनकर विकास समिति ने डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती मनायी



**पोटका।** पान–तॉती बुनकर विकास समिति हल्दीपोखर के तत्वावधान में डॉ० भीमराव अम्बेडकर तथा महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर जयंती समारोह मनाया गया। समिति के महासचिव राज वल्लभ तॉती और अध्यक्ष बुद्धेश्वर पान के द्वारा तस्वीर पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपस्थित साथियों के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले और भीमराव अम्बेडकर के बारे में अपनी जानकारी साझा की गई। महासचिव राज वल्लभ तॉती के द्वारा ज्योतिबा फुले रचित गुलामगीरी पुस्तक को पढ़ने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा की हमें आज संकल्प लेना चाहिए कि हम बाबासाहेब के आदर्शों का अनुसरण करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से लखन तांती, बसंत तांती, लाखपति पात्र, बुद्धेश्वर पान, रामेश्वर पान, सरस्वती देवी, पूजा देवी, दीपशिखा पात्र, अपर्णा कुमारी, जाह्नवी पात्र आदि कई लोग उपस्थित थे।

### गोपाल महतो के नेतृत्व में बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जमशेदपुर के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में साकची पुराना कोर्ट स्थित प्रतिमा पर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर के 132वा जन्म जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। झामुमो नेता गोपाल महतो ने कहा डॉ भीमराव अंबेडकर जिन्हें लोग बाबासाहेब के नाम से जानते हैं भीमराव अंबेडकर उनमें से एक हैं, जिन्होंने भारत के संविधान को बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान एवं भूमिका निभाई है। अंबेडकर जी इतिहास में जाने–माने राजनेता एवं प्रख्यात विधिवेत्ता थे। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से गोपाल महतो के साथ झामुमो मानगो नगर अध्यक्ष फटेचंद टुडू, अंकित सिंह,रोहित लोहरा, सूरज सिंह, रॉकी सिंह, आकाश महतो, संदीप महतो, राम सिंह, सोनू, सोमनाथ, इंदरपाल सिंह के साथ कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में मनायी गयी बाबा साहेब की जयंती, बच्चों ने ली शपथ



**जमशेदपुर।** संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शेन इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जहां शिक्षक– शिक्षिकाओं के साथ मिलकर बच्चों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्चों ने भाषण भी दिया जिसमें उन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला और देश एवं समाज के हित के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। संविधान और उसके निमार्ताओं से संबंधित विषय पर बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने बढ़– चढ़कर हिस्सा लिया। छोटे बच्चों ने कविता गायन के माध्यम से अपने संविधान निमार्ता को याद कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि प्रकट की। अपने संबोधन में विद्यालय की प्राचार्या पुष्पा भल्ला ने बच्चों को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी से प्रेरणा लेने की सीख दी और प्राचार्या (शैक्षणिक) रमा श्रीनिवास ने कहा कि हमारे देश का संविधान ही देश की आत्मा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्या केया अदक एवं सिमरन सग्गू सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### चांडिल में याद किये गये डॉ भीमराव अंबेडकर



**चांडिल।** शुक्रवार को चांडिल के भूईंयाडीह ईचागढ के विधायक सविता महतो व जिप सदस्य पिंकी लायेक में भारत के संविधान निमार्ता डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान विधायक ने कहा बाबासाहेब के बताए गए पद चिन्हों पर हमें चलकर देश की विकास में भूमिका निभाने की जरूरत है। विधायक ने विधायक निधि से भूईंयाडीह में बने बाबासाहेब के मूर्ति की सौंदर्य करण एवं शेड निर्माण कराने की बात कही। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक, शंकर लायेक, मिलन तंतुवाई, बादल महतो, कानडारी लायेक, सुनील मार्डी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विस्थापित मुक्ति वाहिनी ने बाबासाहेब को किया याद



**चांडिल।** विस्थापित मुक्ति वाहिनी द्वारा संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म जयंती नौका विहार चांडिल डैम पर मनाया गया। विस्थापित मुक्ति वाहिनी के सदस्यों ने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर श्यामल मार्डी, किरन वीर, नबकिशोर गोप, चंदन कुमार, ठाकुरदास गोप, राजीव गोप, विनोद रजवार, अंबिका माहतो, शांति राम, रविंद्र सिंह मुंडा, उपवन गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कृतज्ञ लौहनगरी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर चढ़ाये श्रद्धासुमन

### एकजुट देश बाबा साहेब की देन : रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गई और इस अवसर पर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती बमार्माइंस टयूब हरिजन बस्ती में समारोहपूर्वक मनाई गयी।

यहां भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के संग बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं, समरसता दिवस के रूप में बाबा साहेब की जयंती को मानते हुए स्थानीय बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने युवाओं से नशा से मुक्त और राष्ट्र हित में कार्य करने वाले समाज का निर्माण करने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब को भारतीय संविधान का पिता माना जाता है। उन्होंने भारतीय संविधान में निम्न वर्ग के लोगों को समाज में समानता दिलाने के साथ ऊंच-नीच को जड़ से खत्म किया। बाबा साहेब का भारत के विकास में बड़ा योगदान है। बाबा साहेब के दलित और वंचित समाज के उत्थान के लिए किये गए प्रयास के कारण आज यह वर्ग विकास की मुख्य धारा से जुड़ पाया है। उन्होंने कहा कि जब देश एवं प्रदेश में राष्ट्रविरोधी ताकतें बांटने और तोड़ने में लगे हैं तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता एक भारत-श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को पूरा करने में पूरी तन्मयता से लगे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सम्पूर्ण जीवन पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला महामंत्री राकेश सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, सतीश मुखी, देवदास मुखी, सूरज कुमार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपा ने मनाई बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकताओं ने किया नमन, जमशेदपुर महानगर अंतर्गत सभी मंडलों के दलित बस्तियों में किया गया लड्डू वितरण।

### विश्वकर्मा समाज ने बाबा साहेब अंबेडकर को किया नमन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज बाराद्वारी स्थित केन्द्रीय कार्यालय में बहुत ही सादगी के साथ भारत वर्ष के संविधान के रचयिता डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती बहुत ही सादे समारोह में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनायी गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष राम विलास, उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा,महामंत्री सुजीत शर्मा, सहायक महामंत्री राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा के अलावे युवा कमिटी के पदाधिकारी ,महिला सदस्या ,पूर्व पदाधिकारी सह अधिवक्ता विरेन्द्र शर्मा, खबर मंत्र के जमशेदपुर हेड सत्येन्द्र कुमार के साथ समाज के कई लोग उपस्थित हुए। जयंती समारोह का संचालन महामंत्री सुजीत शर्मा द्वारा किया गया। उपस्थित अतिथियों ने अपने– अपने संबोधनभीवादन में बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज में समता मूलक व्यवस्था कायम करने की बात कही । किसी भी समाज के विकास की नींव समाज के शिक्षा के स्तर पर टिकी होती है। शिक्षित समाज ही देश के विकास की गाथा लिखता है। सभी के संबोधन के पश्चात सभी को इस अवसर पर लड्डू का वितरण किया गया। वहीं जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज द्वारा डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी के जयन्ती के अवसर पर 16 अप्रैल को रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की।

## स्पीड न्यूज

### अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ ने मनायी अंबेडकर जयंती



**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के द्वारा अंबेडकर पार्क में अंबेडकर जयंती के अवसर पर विशाल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीस सूत्री के जिला उपाध्यक्ष विमला कुमारी, नगर निगम महापौर अरुणा शंकर, पाकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता,उपमहापौर मंगल सिंह, भिखारी राम,डॉ संजय, कुमार डॉ आरके रंजन वह अन्य ने संयुक्त रूप से बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दिप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर महापौर ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान ही एक ऐसा संविधान है। जो देश के नागरिकों के साथ ही साथ हर क्षेत्र के लोगों को जीने रहने का अधिकार दिया है। बीस सूत्री के जिला उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में देश के हर वर्ग के लोगों को जो अधिकार दिया है। आज उसी अधिकार के बदौलत हम सभी एक रूप होकर आज उनकी जयंती को मना रहे हैं। विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि बाबा साहब ने देश में सामाजिक समरसता को स्थापित करने के लिए संविधान में प्रमुखता से स्थान दिया है। सभा को जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी, झारखंड प्रदेश कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव नंद कुमार पासवान, भिखारी राम, डॉ आरके रंजन, मुनी राम, उपमहापौर मंगल सिंह समेत अन्य ने अपना विचार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, नंदकुमार पासवान, श्यामलाल उमराव,जगन्नाथ सिंह, बबन राम, नंदकिशोर कुमार, लालेश्वर राम, त्रिपुरारी गहलोत, सुशील कुमार भारती, सुनील कुमार बैठा, सुरेंद्र सिंह, आनंद कुमार, आयुष कुमार राज,विनोद कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे, विचार गोष्ठी की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार, संचालन महासचिव विनय मांझी व धन्यवाद ज्ञापन ललन पासवान ने किया।

### अंबेडकर का आदर्श आज भी प्रासंगिक : मनोज



**पाटन पलामू।** बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती शुक्रवार को मनाई गई। मौके पर किशुनपुर हाई स्कूल रोड स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित किया गया। मौके पर भाजपा नेता व पूर्व सांसद पलामू मनोज कुमार ने कहा कि भारत रत्न डा भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक है। मौके पर भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर उमेश सिंह, आनंद सिंह, धीरेंद्र सिंह, निरंजन पासवान, राकेश कुमार चौधरी, शुभम क्रांति, पशुपति शर्मा, राजू मालाकार, संतोष प्रसाद, संजय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, ईद मोहम्मद, मकबूल अंसारी, मनोरंजन गिरी, कन्हाई चौधरी, चंदन कुमार दुबे, विकेश कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### जिप सदस्य संग्राम के पहल पर मिला नया ट्रांसफार्मर, लोगों में खुशी



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के अंतर्गत केलहार पंचायत के ग्राम चिड़ैयाटाड में 25 केवीए का बिजली ट्रांसफॉर्मर ज्यादा लोड होने के कारण खराब हो गया था। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी जिप सदस्य संग्राम सिंह को दी। इसके बाद जिप सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने पहल कर बिजली विभाग के अधिकारियों के सहयोग से 100 केवीएम का ट्रांसफार्मर दिलाया।

### अवैध बालू ढो रहे ट्रैक्टर ने चौकीदार को रौंदा

**हुसैनाबाद पलामू।** अवैध बालू ढो रहे एक ट्रैक्टर ने गुरूवार की रात्रि में थाना के चौकीदार अमित कुमार पासवान को रौंद दिया। जिससे अमित का पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हैं। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद में रोज रात्रि में अवैध बालू की दर्जनों ट्रैक्टर चल रही हैं। हालांकि यह घटना कैसे हुआ इसका खुलासा कोई नही कर रहा हैं। अमित का पैर घुटना से नीचे टूट गया हैं।

### पंडवा : झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

**पंडवा(पलामू)।** प्रखंड स्थित पंडवा बाजार प्रांगण स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ प्रखंड के दर्जनों ग्रामीण ने क्षेत्रीय कार्यालय झारखंड ग्रामीण बैंक मेदिनीनगर को लिखित आवेदन देकर मनमानी करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि शाखा प्रबंधक बैंक में सिर्फ मोबाइल से बात करते हैं तथा ग्राहकों का कोई काम नहीं करते हैं। आवेदनकर्ताओं ने क्षेत्रीय प्रबंधक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मेदिनीनगर से आग्रह किया है कि इन्हें पड़वा झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के मैनेजर पद से जल्द हटायें अन्यथा बाध्य होकर बैंक में तालाबंदी करने को मजबूर होंगे। आवेदन देने वाले में मुख्य रूप से सत्येंद्र कुमार ठाकुर,भोला चरण मेहता, गोविंद कुमार, कपिलदेव महतो ,संजय कुमार पांडे, काशीनाथ मेहता, शत्रुघ्न तमोली, कन्हाई साव, राम गति राम, गुड्डू कुमार मेहता, धर्मेंद्र कुमार, अजय मेहता, अनीता देवी, बबीता देवी, संध्या देवी, दिलीप राम, प्रभा देवी, राजेश राम, सुनील कुमार दुबे सहित दर्जनों लोग शामिल हैं। इधर प्रबंधक अभिषेक कुमार ने बताया कि आज छुट्टी है कल बैंक में आईये तो बताएंगे।

### एसपी ने महिला को उपलब्ध कराया खून

**मेदिनीनगर।** खून की कमी से जूझ रही महिला को पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के पहल पर खून की व्यवस्था की गई है। विदित हो कि उक्त महिला रामगढ़ थाना के कुण्डपानी की बिजुलपति मिंज है। परिजनों ने पलामू पुलिस अधीक्षक को फोन कर ब्लड की कमी व अनुपलब्धता के बारे में जानकारी दी। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने रक्त वीरों के माध्यम से उक्त महिला को तत्काल एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया। ब्लड उपलब्ध होते ही परिजनों में खुशी जाहिर की। इधर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ सन्तोष कुमार पाण्डेय ने भी महिला को खून की जरूरत होने की जानकारी दी थी।

### अंबेडकर ने दलितों को दिलाया अधिकार : उदय

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई। मोर्चा सदस्यों ने कल्याण छात्रावास में स्थापित डा अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। मौके पर राम ने कहा कि बाबा साहेब मानव नहीं महामानव थे। मौके पर जयपाल, शिवनारायण, विजय, अनिल, अरविंद, घनश्याम, विकास, यशवंत, रामनरेश, दीपक, श्याम पाठक, प्रूमन तिवारी, प्रवीण, सुरजमल, हिरामणि, अनुज, बबन, अमर्जित समेत कई लोग शामिल थे।

### व्यक्ति नहीं विचार थे बाबा साहेब : बृजेश



**मेदिनीनगर।** पलामू के पूर्व सैनिकों ने मेदिनीनगर स्थित अंबेडकर पार्क में लगे बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर 132 वी जयंती मनाई। मौके पर बृजेश शुक्ला ने कहा कि बाबा साहेब व्यक्ति नहीं विचार थे। इनके योगदान को देशवासी भूला नहीं सकते हैं। मौके पर सुबेदार मेजर योगेंद्र शर्मा, पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला, संतोष तिवारी, रंजन रजक, खुशहाल शुक्ला, पंकज कुमार सिंह, खुशदिल शुक्ला आदि कई लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ में दुगोला कार्यक्रम आयोजित



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के रामगढ़ में पूजा के अवसर पर शानदार दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत क्षेत्र के समाजसेवी मोहन कुमार, विशिष्ट अतिथि में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष बुल बाबा ने फीता काटकर उदघाटन किया। मौके पर बिहार के मगध सम्राट भगत सुदर्शन यादव व डब्लू पांडेय के बीच मुकाबला हुआ। मौके पर महेश यादव, गणेश यादव, भरत सिंह समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे। मौके पर समाजसेवी मोहन कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। वहीं कार्यक्रम से सामाजिक भाईचारा व एकता बढ़ता है।

## अत्याधुनिक गांधी उद्यान का जल्द शुभारंभ : महापौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने गांधी उद्यान में निगम द्वारा निर्मित भारतीय स्तर का स्केटिंग जॉन जिसका नामकरण वैभव सिंघानिया स्केटिंग जॉन रखा गया है का 10 दिनों के अंदर उदघाटन किया जायेगा। महापौर मेदिनीनगर के बच्चे जो स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने हिमाचल जा रहे हैं सबो को शुभकामना देकर विदा की। महापौर ने कहा कि वर्षों से शहर में ना कोई खेलकूद का मैदान था ना कोई पार्क और इसी का नतीजा रहा कि शहर का एक होनहार बच्चा वैभव सिंघानिया अपने भाई के साथ कचहरी चौक पर स्केटिंग करते करते दुर्घटना का शिकार हो गया तभी मैंने निर्णय लिया कि बच्चों के लिए एक शानदार पार्क बनवाउंगी जिसमें एक भारतीय स्तर का स्केटिंग जॉन भी होगा। जहां छोटे-छोटे बच्चे बेधड़क स्केटिंग कर सकेंगे और उसका नामकरण वैभव सिंघानिया की याद में रखा जाएगा। महापौर ने बताया कि जल्द 20 अप्रैल के आसपास इस उद्यान को शहर के बच्चों को सुपुर्द किया जाएगा। महापौर ने गांधी उद्यान के बारे में बताते हुए कहा कि इस उद्यान में जहां बड़ों के लिए वाकिंग ट्रैक, बुजुर्गों को बैठने के लिए रंग-बिरंगे शेड और योगा स्थल बनाए गए हैं। वही बच्चों के लिए टॉय ट्रेन, मल्टी प्ले स्टेशन, कॉकपिट, झूले, तरह-तरह के शीशा, जिराफ और कई तरह के आकर्षक गेम्स लगाए जा रहे हैं। महापौर ने बताया कि इस मैदान में एक 500 लोगों का स्टेज एवं लाइट युक्त मैदान का भी निर्माण कराया गया है। म्महापौर ने बताया निगम बोर्ड ने इस उद्यान में जाने के लिए प्रवेश शुल्क 10 साल के बच्चों को निशुल्क रखा है। वही 10 साल से ऊपर के लिए 10 रूपये टिकट दर निर्धारित किया है जिससे इस मैदान का रखरखाव किया जाएगा।

## बाबा साहेब किसी जाति वर्ग विशेष के नहीं : विधायक




दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते पांकी विधायक, विभिन्न जाति के प्रबुद्ध लोगों के पांव धोते डॉ मेहता।

सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**मेदिनीनगर (खबर मन्त्र संवाददाता)।** कुछ विपरीत मानसिकता के लोग बाबासाहेब को एक जाति में बांधकर रखना चाहते हैं। बाबासाहेब किसी जाति और वर्ग विशेष के लिए नहीं है। वे देश के 130 करोड़ लोगों का हैं। उक्त बातें पाकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने कही। वे अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के तहत पांकी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले 40 जाति के लोगों को पैर धोकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वे भाजपा से जो कुछ भी सीखे हैं अपने जीवन में अमलीजामा पहनाते हुए इस कार्यक्रम को रखा है। कारण सामाजिक समरसता ही बाबा साहेब का मूल विचार है। विजयानंद पाठक ने कहा कि सामाजिक समरसता दिवस के रूप में यह कार्यक्रम बाबा साहब का समतामूलक समाज की स्थापना के विचार का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन लाला प्रसाद यादव ने किया। वहीं कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, पूर्व विधायक प्रत्याशी रहे अमित तिवारी, लाल सूरज, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, उप प्रमुख कुसुमलता देवी, संजय चंद्रवंशी, छोटेलाल प्रसाद, मुखिया गीता देवी, मंदीप मेहता, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, उदय शुक्ला, समेत काफी संख्या में विभिन्न जाति समुदाय के लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए थे।

# भाजपा ने भीमराव अंबेडकर जयंती को समरसता दिवस के रूप मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा ने जिला कार्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। इस मौके पर प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपने समय की समस्याओं जैसे सामाजिक कुरीतिया, छुआछूत, ऊंच-नीच की भावना जो देश को कमजोर कर रही थी। उसे समाप्त करने के लिए भारतीय संविधान का मार्ग अपनाकर देश को सशक्त करने का प्रयास किया। समाज में सामाजिक समरसता के बदौलत ही समरूपता आ सकता है। इसके लिए भाजपा देश राज्य व जिला स्तर पर सामाजिक समरसता को स्थापित करने के लिए प्रयास कर रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडे ने कहा की भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण करने का उद्देश्य समाज के गरीब वंचित शोषित लोगों के लिए शासन-प्रशासन सरल एवं सुविधा युक्त करना रहा था। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने कहा कि भीमराव का जीवन हमेशा से गरीब एवं कमजोर लोगों के विकास हेतु समर्पित रहा है। नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश उर्फ छोटू सिन्हा ने कहा कि अंबेडकर ने संविधान निर्माण तो किया ही लेकिन अपने जीवन में हमेशा सेवा भावना को प्राथमिकता दिया। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि भीमराव अंबेडकर के संवैधानिक मूल्यो को अपनाकर भाजपा आज देश के वंचित पीड़ित कमजोर लोगों की सेवा करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, नंदलाल गुप्ता, पंकज शर्मा, विक्रांत सिंघानिया, गुड्डू बर्मन, शिव मिश्रा, सरवन गुप्ता, विकास सिंह, अंजनी सिंह, मनोज कुमार, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार, अनिल सोनी, जीवन लाठ, प्रदीप पासवान, सोनू मलिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# क्षेत्र के विकास का आईना होती है सड़क, इससे दूर होता है सामाजिक प्रदूषण : कौशल किशोर

पर्यावरणविद ने किया ईटकदाग के पुरबारा टोला में सड़क निर्माण का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के हुटुगदाग पंचायत के ईटकदाग के पूवार्रा टोले पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने भूमिपूजन कर सड़क निर्माण की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सड़क विकास का आईना होता है। सड़क बनने से गांव टोला का सामाजिक प्रदूषण भी दूर होता है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक कई गांव और टोले तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं बन पाई है। उन्होंने कहा कि अभीतक वे अपनी निजी लागत से इसके पहले क्षेत्र में 28 किलोमीटर सड़क निर्माण कराकर उन गांव टोले तक जाने का मार्ग प्रशस्त किया है। दो किलोमीटर सड़क बनने से उक्त टोले पर पहुंचने का रास्ता आसान हो गया। उन्होंने कहा कि अभीतक जिस गांव टोले तक सड़क और बिजली नहीं पहुंच पाई है वहां के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव के बीमार और लाचार लोगों को मुख्यपथ तक लाने के लिए भारी मशक्कत करना पड़ता है।

**पर्यावरणविद अंतिम यात्रा में हुए शामिल**

छतरपुर अनुमंडल के मुरुमदाग पंचायत के जोरा गांव निवासी 35 वर्षीय चंदन सिंह का शव पैतृक गांव पहुंचते गांव में कोहराम मच गया।चन्दन की मौत पुणे में कार्य करने के दौरान एक हादसे में हो गयी थी। वे अपने पीछे तीन नाबालिग बच्चे और पत्नी छोड़ गए है। इस विपदा की घड़ी में पर्यावरणविद ने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाते हुये हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया। सड़क निर्माण के भूमिपूजन और शव यात्रा में शामिल लोगों में सुभाष प्रसाद गुप्ता, नगेंद्र यादव, कपिल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दिनेश यादव,रामप्रवेश रिखी मुनि, जुबेर अंसारी, विनोद राम, सुरेंद्र सिंह, बसंत सिंह, सुरेश पासवान, इतवारु उपस्वान, मंगल पासवान, सरजू यादव, कर्म देव यादव, केश्वर यादव, कृष्णा यादव शामिल थे।

## अंबेडकर समाज सुधारक थे : गिरजानंद



**सतबरवा पलामू।** एकता, शिक्षा और संघर्ष के नाम के रूप में डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का नाम लोग लेते हैं। उक्त बातें राजद नेता गिरजानंद सिंह ने सतबरवा के पिपरा कला अंबेडकर चौक हलवा चट्टान और रांकीकला और सलैया के बॉर्डर पर संत शिरोमणि रविदास मंदिर में केक काटकर 132वीं जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान कही। वही राजद नेता गिरिराज सिंह चेरो ने पिपराकला गांव में हलवा चटान के समीप छः फीट का बाबा साहब का प्रतिमा लगाने व अर्ध निर्मित संत शिरोमणि रविदास जी की मंदिर को पूर्ण करने का घोषणा किया। मौके पर विजय राम, संयोजक भोलाराम धीरज कुमार विजय राम अरविंद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि शंभू उरांव, भोला मेहता, निरंजन प्रसाद, ददन राम, दरोगा मोची, रंजीत राम, नंदकिशोर राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बिश्रामपुर क्षेत्र में कई जगह मनायी गयी अंबेडकर जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बिश्रामपुर (पलामू)।** संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बिश्रामपुर नप के वार्ड 16 में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता वरीय समाजसेवी यदुनी राम व संचालन विजय कुमार रवि ने किया।

समारोह की शुरूआत बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अम्बेडकर के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कहा कि उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, वरीय भाजपा नेता रविंद्र नाथ उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पंकज कुमार पाल, पूनम देवी, राजकुमार चौधरी, संजय राम,सौरभ कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रामचन्द राम, हरिशंकर राम,सतेंद्र कुमार रवि सहित कई लोग मौजूद थे। बिश्रामपुर के रेड रोज पब्लिक स्कूल में भी अंबेडकर जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। डॉ अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने भीम राव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला।

मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा मौजूद थे। इधर बिश्रामपुर नगर परिषद के भलूही गांव में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम की अध्यक्षता में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई।

## एमएसडीएवी पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सेमरा पंचायत के टोला लोहारसीमी में एमएस डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं को स्कूल प्रबंधक रामदत्त मिश्रा के द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि जीएलए कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर केके मिश्रा, बुढीवीर पंचायत के मुखिया अरविंद तिवारी, सलतुआ पंचायत के मुखिया पति हरिद्वार सिंह, सेमरा पंचायत के मुखिया बसंत राम व मेजर रफीक अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रोफेसर केके मिश्रा ने कहा कि यह विद्यालय गरीब व असहाय बच्चे जो उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं उनके लिए बेहतर साबित होगा। मुखिया अरविंद तिवारी ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर पिछड़ी वर्ग से आते थे लेकिन उनका सोच बहुत बड़ा था। सेमरा पंचायत के मुखिया बसंत राम ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर एक महान पुरुष थे जिन्होंने देश का स्वतंत्रता आंदोलन में अहम योगदान दिया। मौके पर छात्र दीपक कुमार, सोनू कुमार, नीतीश कुमार, सरोज कुमार, अनुज कुमार, सचिन कुमार, शिवम कुमार, प्रिया कुमारी, दीपा कुमारी, ज्योति कुमारी, अंजली कुमारी, श्वेता कुमारी, सोनी कुमारी, अंजली कुमारी, दीपिका कुमारी, सत्य कुमारी, राखी को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर अनिल पांडेय, मनोज यादव, हरेंद्र पासवान, विनोद राम, संजय रवि, बबलू पांडेय, पप्पू पांडेय, करण सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## पलामू के चार बच्चे फर्स्ट नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में लेंगे भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** फस्ट नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2023 यू आर एस सी मोहाली पंजाब के धौलपुर मैदान में 27 अप्रैल से दो मई तक आयोजन किया जाएगा। इस स्केटिंग प्रतियोगिता में पलामू डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के चार बच्चों का चयन किया गया है।जो 27 अप्रैल को पंजाब मोहाली के लिए रवाना होंगे। गांधी मैदान में पलामू डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के द्वारा बच्चों का अभ्यास कराया गया इस मौके पर उपमहापौर अरुणा संकर ने बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि या बेहद खुशी का फल है कि पलामू जिला में भी स्केटिंग में बच्चे रूचि ले रहे हैं उन्होंने कहा कि मेट्रो सिटी में ही हुआ करता था जिसे हम सभी सुना करते थे लेकिन आज पलामू में भी खेल के क्षेत्र में बच्चे एक से बढ़कर एक कीर्तिमान स्थापित करते जा रहे हैं उन्होंने बच्चों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप पंजाब के मोहाली में जाएं और वहां से पदक जीतकर लाएं और पूरे देश स्तर पर पलामू झारखंड का नाम रोशन करें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश के होनहार बच्चों के लिए खेल के क्षेत्र में काफी बढ़-चढ़कर बढ़ावा दे रहे हैं मेयर ने कहा कि पलामू जिला में स्केटिंग का अभ्यास करने के लिए बच्चों के लिए कहीं कोई पीछे नहीं था जिसे गांधी मैदान में 220 फीट के बीच का निर्माण निगम द्वारा कराया गया है।

## रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिवीजन संस्थान में शुक्रवार 14 अप्रैल से राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का शुरूआत किया गया। जो 20 अप्रैल तक अग्निशमन केंद्र स्थल में चलेग। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कारखाना प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता, मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी, वित्त विभाग के प्रमुख शिवम पाठक व टेक्निकल प्रमुख हरदीप कोहली ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ हीं सभी ने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डॉकयार्ड में हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए अग्नि कर्मचारियों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं अग्निकांड में मारे गए 71 अग्नि कर्मचारियों के याद में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता ने कहा कि अग्नि से सुरक्षा व सतर्कता मानव के लिए बहुत जरूरी है। संस्थान के एचआर अजीत तिवारी ने बताया कि संस्थान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। बीते वर्ष रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिवीजन संस्थान के अग्निशमन दस्ता की ओर से आस पास के 42 अगलगी की घटना को सफलता पूर्वक नियंत्रित कर खत्म किया।

## हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने मनायी बाबा साहेब की जयंती



**हुसैनाबाद पलामू।** पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाया एवं उनके प्रति श्रद्धांजलि दी। हुसैनाबाद, मुख्य बाजार में स्थित प्रतिमा पर सुबह से ही कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने माल्यार्पण किया। सबसे पहले नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार एवं प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी ने डा अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर चेयरमैन ने कहा कि आज बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलकर ही भारत को मजबूत लोकतांत्रिक व सामाजिक समरसता बनाया जा सकता हैं। वही प्रखण्ड प्रमुख राज कुमारी देवी ने कहा कि बाबा साहेब लिखित संविधान के बल ही आज समाज में असंख्य महिलाओं की दशा और दिशा में बदलाव आया हैं। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज खान उर्फ छेदी खान, राज अली, पंसस अरविंद मेहता, मुखिया पति अशोक यादव,राजद प्रखण्ड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, कामाख्या नारायण सिंह, बिगन प्रजापति आदि लोगो ने माल्यार्पण किया। वहीं अम्बेडकर चेतना परिषद के बैनर तले कई सैकड़ो लोगो ने जपला देवरी रोड गैस गोदाम से लेकर अम्बेडकर चौक तक जय भीम, जय संविधान के झंडा लेकर बाइक से एकता का संदेश दिया। इसके बाद गुरु प्रसाद के नेतृत्व में लोगो ने डा अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर बी के पासवान, मदन राम, बीरेंद्र राम, बीम दयाल रमण, गायक आशीष राम,शिक्षक देवनारायण बैठा आदि सैकड़ों लोगों ने बाबा साहेब के अधूरे मिशन को पूरा करने का संकल्पि लिया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह एवं राम प्रवेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओ ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि : गिरवर

डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती सतबरवा प्रखंड क्षेत्र में कई स्थानों पर मनायी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**सतबरवा पलामू।** भारत रत्न, संविधान निमार्ता, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, चिंतक, गरीबों के मसीहा डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती सतबरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कई स्थानों पर शुक्रवार को मनाई गई।

जिसमें मुख्य रुप से बालिका उच्च विद्यालय सतबरवा, पिपरा कला, कमारु के अलावा पूर्व जिला परिषद सदस्य चिंता देवी के आवास पर भाजपा मंडल के द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान बाबासाहेब के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सतबरवा बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम ने किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर देश के शोषित वंचित लोगों के उत्थान के लिए कई कुर्बानियां दी हैं।

उनके बताए मार्ग को अपनाना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जबकि जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नहीं बल्कि विचार थे। भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक महान विचारक थे। पूर्व जिला परिषद सदस्य चिंता देवी ने कहा कि बाबा साहब की जीवनी से हम सबों को सीख लेने की जरूरत है। आशीष सिन्हा ने कहा कि बाबा साहब भारत ही नहीं बल्कि विश्व स्तर के नेता थे।

पिपरा कला गांव में ग्रामीणों ने शोभा यात्रा निकाली। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार भुइयां, अर्जुन राम, अजय उरांव, देवेंद्र कुमार, विपिन कुमार रवि, पूरन चंद राम, धीरज कुमार, संदीप कुमार, गुड्डू सिंह, पंसस विकास तिवारी, शंकर सोनी, योगेंद्र भुइयां, बलराम विश्वकर्मा, पप्पू सिंह, विजय राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कर्नल संजय सिंह ने हुसैनाबाद के दुलहर में नेशनल जेम्स पब्लिक स्कूल का किया उद्घाटन

>> कहा- बाबा अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने अंबेडकर जयंती पर महुअरी पंचायत अंतर्गत ग्राम दुलहर (घांसीखाड़) में नेशनल जेम्स पब्लिक स्कूल के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान फूल माला व स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलित कर और फीता काट कर स्कूल का उदघाटन किया। मौके पर कर्नल संजय ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि सामाजिक समानता के संवाहक बाबासाहेब के आदर्श और विचार हमारे लोकतंत्र की आवश्यक शर्त है। आइए आज उनके आर्दशों पर चलने का संकल्प लें। शिक्षा हमारे जीवन का मूल आधार है, शिक्षा के बिना कोई भी अपने जीवन सफलता प्राप्त नहीं कर सकता है। शिक्षा में एक सभ्य व्यक्ति बनाती है और साथ ही यह उन्नत समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज का निर्माण करता है और शिक्षित समाज शिक्षित देश को बनाता है। आज के समय में भारत में शिक्षा की बहुत ही ज्यादा जरूरत है। इस सराहनीय शुरूआत के लिए उन्होंने निदेशक रविकांत सिंह सहित सभी शिक्षकों व बच्चों को शुभकामना दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के विद्यालय खुलने से छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहूलियत होगी। मौके पर महुअरी पंचायत के पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, समाजसेवी मनोज शर्मा,हरि मेहता, बिनोद सिंह, अनिल मेहता, श्रवन सिंह, पिन्टु सिंह, सुभाष कुमार, अनुज प्रकाश सहित सैकड़ों बच्चे तथा अभिवावक उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : जोधाडीह मोड़ चास में ईस्ट इंडिया ने लगाया प्याऊ

**बोकारो।** बोकारो जिला अंतर्गत चास उपनगर के जोधाडीह मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष ईस्ट इंडिया द्वारा प्याऊ का शुभारंभ हुआ जिसका उद्घाटन एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा किया गया। ईस्ट इंडिया के निदेशक अशोक तनेजा ने कहा कि बड़ी संख्या में मजदूरए पथिकों एवं आसपास के मोटर गैरेज में काम करने वाले मैकेनिक व अन्य श्रमिक आदि को गर्मी में पानीए दूध एवं शरबत का मिश्रण बनाकर छबील उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्याऊ को चार महीने तक चलाया जाएगा। छबील के साथ लाल चना और गुड़ भी उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर यूनियन बैंक के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मपाल जीए चंद्रमोहन तनेजाए शशि तनेजाए अशोक केडियाए फैयाज जीए लाल जी आदि उपस्थित थे।

### अंबेडकर जयंती पर राजद की विचार गोष्ठी

**सिन्दरी ।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर सिन्दरी स्थित राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में विचार संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने रोहड़ाबाँध के अंबेडकर चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विचार संगोष्ठी के प्रमुख वक्ताओं में शिवजी यादव, विनय सिंह, संजय यादव, सुरेश रावत, मुमताज कुरैशी, विक्रम प्रसाद यादव, आर एन सिंह, विजेंद्र सिंह, प्रकाश महतो, डॉ बी एन राय, सुरेश प्रसाद तथा सभा में मुख्य रूप से रविंद्र सिंह, ऋषि देव यादव, विनोद यादव, मकसूद आलम, मुस्ताक अंसारी, रवि शंकर पाल, रास बिहारी यादव, मुकेश कुमार, राजू यादव, बंगाली यादव, संजीत यादव, बलवीर जेदिया, सच्चिदानंद यादव सहित कई राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब की जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा

**पुटकी।** पुटकी में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह को धूमधाम से मनाया गया। झारखंड संस्कृति कला मंच की पिंकी कौशल पासवान के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई । जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। शोभा यात्रा कार्यक्रम स्थल पर जाकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई । सभी लोगों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि दिया। मौके पर पिंकी कौशल पासवान ने कहा कि बाबा साहब ने सभी वर्गों के साथ-साथ महिलाओं के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़े।

### एकड़ा वर्कशॉप में बाबा साहेब की जयंती मनी

**लोयाबाद।** शुक्रवार को एकडा वर्कशॉप मे गोविन्द मंडल की अगुवाई मे सामाजिक नवजागरण के अग्रदुत और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता देश के पहले कानून मंत्री भारतरत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती धुमधाम से मनाई गई । वही मुख्यअतिथि पुटकी कोलियरी के अभियंता श्रीराम रजक और वर्कशाप के अभियंता रविन्द्र शर्मा उपस्थित थे। वही भीम आर्मी के जुझारू अध्यक्ष गोविन्द मंडल ने कहा कि आज इस महापुरूष की जयंती मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मौके पर अमरजीत पासवान, सुभाष रविदास ,पंचम राम, शंभू बौद्ध अशोक बौद्ध ,राजकुमार शर्मा, गोपाल महतो, श्याम वर्मा ,मनीदास, हीरा साव,शिवकुमार वेलदार एवं एटक के राजा कर्मकार भी मौजूद थे।

### सिंदरी में विभिन्न दलों ने जयंती पर बाबासाहेब को किया याद

**सिन्दरी।** डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर रोहड़ाबाँध स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर भाजपा, सीपीआइएम, एडवा, डीवाईएफआई, सीटू से संबद्ध ठेका यूनियन, ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी इम्प्लाइज एशोसिएशन, भाकपा माले सहित कई राजनीतिक दलों व मंच ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

# बाबा साहेब ने अपना जीवन दलित व गरीब वर्ग के उत्थान को किया समर्पित

## संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज अंबेडकर चौक (डीआरएम चौक) पर जिला प्रशासन की ओर से वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान निमार्ता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं। यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। वहीं उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने अपना जीवन समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और कानूनविद थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण, यूनिफॉर्म सिविल कोड, मौलिक दायित्व की भी बात की। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। आज पूरा देश बाबा साहेब को उनकी जयंती पर याद कर इस महान विभूति को श्रद्धांजलि दे रहा है।



### जयंती समारोह कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, एनडीसी कुमार बंधु कच्छप, ट्राफिक डीएसपी राजेश कुमार, बाबा साहेब डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर जयंती समारोह समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में लोगों ने संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### कतरास में धूमधाम से मनी बाबा साहेब की 132वीं जयंती

**कतरास।** भारतीय संविधान निमार्ता विश्वरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती समारोह के अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति ओबीसी एवं माइनॉरिटी मंच द्वारा श्यामडीह से पैदल मार्च करते हुए कतरास बस स्टैंड छाताबाद पांच नंबर अंबेडकर चौक कोरीडीह एवं भेलवाटाड में बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस बीच पूरा क्षेत्र जय भीम, बाबा साहब अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा, के नारों से गुंजयमान मान रहा। सभी भीम प्रेमियों ने बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने एवं उनके अधूरे सपने को पूर्ण करने का संकल्प लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश राम ने किया । कार्यक्रम में नरेश दास उमेश ऋषि मुकेश्वर पासवान रामसुंदर दास रामानंद दास जनार्दन ठाकुर राहुल कुमार आदि मौजूद थे।



## सामाजिक समरसता के प्रतीक थे डॉ अंबेडकर : सुनील सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में भारत के प्रख्यात शिक्षाविद एवं समाज सुधारक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नकुल चंद्र दास, प्राचार्य सुनील कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। समाज से अस्पृश्यता कैसे समाप्त हो और भारतवर्ष कैसे समृद्ध एवं सुसंस्कृत हो, उन्होंने इसका भरपूर प्रयास किया। भैया -बहनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम संपूर्ण रुप से अपने देश से जुड़ें और हमेशा राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगे रहें। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि नकुल चंद्र दास ने डॉक्टर अंबेडकर को विशाल व्यक्तित्व का स्वामी बताया और उनके द्वारा समाज सुधार के कार्यों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि डॉ आंबेडकर के अथक प्रयास से ही आज का नया भारतवर्ष हमारे सामने में है। जब भारतवर्ष स्वतंत्र हुआ उस समय में वे केंद्रीय मंत्रिमंडल के कानून मंत्री बनाए गए साथ ही साथ आज का जो भारतीय संविधान है ,उसके वे निमार्ता भी हैं। उन्होंने एक गीत के माध्यम सेश्चलो जलाएं दीप वहां; जहां अभी भी अंधेरा है, के माध्यम से भैया- बहनों को प्रेरित किया कि सुंदर एवं सुसंस्कृत समाज के निर्माण में आप भी हाथ बटाएं ।कार्यक्रम के संचालक आचार्य अजय कुमार पांडे ने डॉक्टर अंबेडकर को आधुनिक भारत का निमार्ता बताया और उनके प्रति अपनी आस्था एवं श्रद्धा व्यक्त की।

### भैया-बहनों ने रखे अंबेडकर पर विचार

इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के भैया -बहनों ने भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों से सबों को अवगत कराया। कार्यक्रम में डॉक्टर अंबेडकर से संबंधित गीत भी प्रस्तुत किए गए जिसकी सराहना सबों ने की। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप प्राचार्य श्री दुर्गेश नंदन सिन्हा ने किया और डॉ आंबेडकर के प्रति अपना श्रद्धा- सुमन अर्पित किया।

## आज भी प्रासंगिक हैं बाबा साहेब के विचार

### आजसू पार्टी ने मनायी बाबा साहेब की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** शोषितों को समाजिक समानता के अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहब ने काफी संघर्ष किया। वही देश को ससक्त संविधान देकर भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश में शुमार कर दिया। वे संघर्ष के प्रतिक थे। उक्त उद्गार व्यक्त किया है आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने। श्री रजक ने चंदनकियारी के शहीद चौक स्थित बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं । उनके विचारों को आत्मसात कर समाज के हाशिये में डाले गए लोग आज सम्मान से जीवन बसर कर रहे है।उन्होंने राष्ट्रीयता के संदर्भ में कहा था कि हम सब पहले भारतीय हैं । उन्होंने कमजोर वर्गों को प्रेरित करने के लिए नारा दिया कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो। मौके पर आजसू पार्टी के जिला प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी राजेश भगतए बाटुल राय एतपन रजवार राजीव रंजन झा शत्रुघ्न महतोएकन्हाई जयसवाल नारायण साव आदि उपस्थित थे।

## नेशनल अग्निशमन सप्ताह शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गोल्फ ग्राउंड स्थित अग्निशमन विभाग कार्यालय में शुक्रवार 14 अप्रैल को नेशनल अग्निशमन सप्ताह दिवस मनाया गया। विभाग के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह मनाया जाएगा। इस अवसर पर अग्निशमन कार्यालय के पदाधिकारियों ने शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. बताया कि अग्निशमन सप्ताह में आग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। बताया कि 14 अप्रैल 1944 में मुंबई बंदरगाह पर विक्टोरिया नामक जहाज में भीषण अग्निकांड हुआ था, जिसमें 800 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। उस अग्निकांड में आग बुझाते समय कुल 66 फायरमैन शहीद हुए थे। उन्हीं की याद में नेशनल अग्निशमन सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। आग्निशामालय धनबाद के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद, प्रधान अग्निक चालक दीपक उरांव, निकोदिम कच्छप, मंजूर आलम, श्रीकांत उपाध्याय, मनोज मोहन, अग्नीक चालक दिनेश ठाकुर, मो आसिफ, मनीष कुमार एवम हरदेव सिंह मुंडा आदि ने शहीद कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## राजगंज : शिव आराधना और जन आस्था का पर्व चड़क पूजा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** भगवान शिव के प्रति अपार भक्ति और समर्पण का चार दिवसीय पर्व चड़क पूजा पारंपरिक विधि विधान से प्रारंभ हुआ।राजगंज क्षेत्र के बागदाहा गांव में इसकी तैयारी जोरों पर है। पूजा को लेकर गुरुवार को माता पार्वती के प्रतीक( पाठ) को पूरे गांव के सभी घरों में विधि विधान से ढांक ,ढोल की गूंज के बीच परिभ्रमण कराया गया , जिसका नेतृत्व तिवारी (पुरोहित), पाटोनी, सुसारी कर रहे थे। इस मौके पर काफी संख्या में भोक्तिया एवं श्रद्धालु शामिल थे। पूजा के कल दूसरे दिन भोक्ता घूरा का आयोजन होगा,जिसमे श्रद्धालु 30 फीट ऊंचे खम्बे में अपने पीठ पर कील चुभो कर घूमेंगे।तीसरे दिन पारन व चौथे दिन नारता के साथ इस पारम्परिक पूजा का समापन होगा। इधर पूजा की तैयारी को लेकर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए है, इनमे गुरुवार 14 अप्रैल को रेवती महतो का झूमर संध्या 7 बजे से हुआ।

## गायत्री महायज्ञ में यजमानों ने डाली आहुति

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गायत्री परिवार की ओर से फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सुभाषनगर .फील्डक्यारी मैदान में चार दिवसीय 51 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई थी। यह यज्ञ शुकवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस यज्ञ के बाद शाम पांच से लेकर सात बजे तक श्री मद्भागवत कथा के तहत प्रवचन किया जा रहा है। जबकि सुबह के समय यज्ञ के तहत



यजमानों के दर्जनों कुंड बनाए गए हैं। इस मौके पर एक समय में सैकड़ों यजमान आहुतियां डाल रहे हैं। यह हवन सुबह 9 बजे शुरू होकर 12 बजे समाप्त होता है। इस दौरान कथा में महिलाएं बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रहीं हैं। शाम के समय उत्तराखंड के हरिद्वार के गायत्री परिवार आश्रम से पहुंचे। यज्ञाचार्य राम तपस्या गुण सागर राणा ने गायत्री मां की कथा का गुणगान करते हुए कहा कि हिंदू धर्म का इतिहास रहा है।

## रोजेदारों के बीच इफ्तार किट का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर यूनाइटेड मिल्ली फोरम बेरमो ईकाई द्वारा क्षेत्र के 50 गरीब रोजेदार परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। फोरम के द्वारा आटाए चावल दालए चनाए चीनीए बेसनए नमकए खजूरए सरसों का तेल एवं अन्य समानों का एक रमजान किट बना कर वितरण किया गया। इफ्तार किट वितरण कार्यक्रम के दौरान फोरम के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस ने बताया कि आज भी हमारे समाज में अनेकों ऐसे परिवार गुजर.बसर करते हैं जिसके पास प्रचुर मात्रा में पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध नहीं होता। फोरम द्वारा हमेशा से कोशिश किया जाता रहा है कि अपने इलाके के गरीब गुरबो व जरुरतमंद परिवारों को ज्यादा से ज्यादा सहयोग किया जाय। यू एमए एफए बेरमो ईकाई के संरक्षक मो नौशाद अख्तर ने बताया की पवित्र महीना रमजान पुण्य कमाने का महीना है। गरीब रोजेदारों को इफ्तार खिलाना बहुत ही पुण्य का काम है। फोरम ह्यूमन वेल्फेयर फाउंडेशन नई दिल्ली की मदद से विगत 15 वर्षों से रमजन के महीना में गरीब निरूसहाय परिवारों के बीच रमजान किट बनाकर फोरम के द्वारा वितरण किया जाता रहा है आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा। शिविर में मो जावेद अंसारी उर्फ पिंटूए मो साजिदए मो अय्यूब अंसारीए लल्लू खानए मो अरशद उर्फ बॉबी इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## शांति समिति की बैठक: ईद को साथ मिल कर मनाने का निर्णय

### पुटकी थाना और मुनिडीह ओपी में शांति समिति की बैठक में लिये कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी/मुनिडीह।** पुटकी थाना परिसर व मुनिडीह ओ0पी0 परिषर में शुक्रवार को ईद पर्व को लेकर शांति समिती की बैठक पुलिस निरीक्षक सह पुटकी थाना प्रभारी रास बिहारी लाल व ओ0पी0 प्रभारी रोशन बाड़ा अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। थानाध्यक्ष रास बिहारी लाल व ओ00पी0 प्रभारी रोशन बाड़ा ने कहा कि दोनों समाज के प्रबुद्ध लोगों से अपील कि है कि ईद पर्व को मिल जुलकर भाईचारा एवं प्रेम से मनाएंगे। मौके पर भानु प्रताप, लक्ष्मण तिवारी, राजीव महतो,केदार वर्णवाल, हातिम अंसारी,राम प्रताप शर्मा, मुर्तजा अंसारी, बबलू सिंह,भक्ति सिंह, जय प्रकाश पासवान, विकास सिंह चौधरी,सुबोध सिंह,शाहरुख खान, सुंदरी देवी, जितेंद्र शर्मा, मुकेश कुमार, संचालन अक्ष्यवार प्रसाद, बिष्णु सिंह,बिजय पासवान, जितेश सिंह,चक्रधर महतो, सुरेश सिंह, बिरेन गौप एवम अन्य थे।

## एक नजर में

### पूर्व विधायक ने सुईयाडीह में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**बोकारो/कसमार।** गोमिया के पूर्व विधायक एवं दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कसमार प्रखंड के फुटलाही के कसमार .पेटरवार मेन रोड स्थित सुईयाडीह टोला में 63 केवीए के नये विद्युत ट्रांसफार्मर का स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव हारने के बावजूद क्षेत्र के लोगों की सेवा लगातार करते आ रहे हैं। जहां और जैसी भी समस्या होती है लोगों की सूचना देने पर समाधान का प्रयास जरूर करते हैं। मौके पर झामुमो नेता सिकंदर कपरदारए गोवर्धन महतोए मनोहर महतोए बृजेश प्रजापतिए वकील महतोए आजाद अंसारीए बासु प्रजापतिए पंकज प्रजापतिए गणेश प्रजापतिए प्रदीप महतोए लालू महतोए विनोद महतोए अमीन महतोए संतोष प्रजापतिए बाबू जान अंसारीए चुरामन महतो आदि मौजूद थे।

### ईद पर जरूरतमंद को किन्नर समाज ने बांटे वस्त्र, अनाज और राशि

**जोड़ापोखर ।** ईद के मौके पर झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के अध्यक्ष छम छम देवी ने अपने आवास जामाडोबा में गरीबों के बीच आज वस्त्र, अनाज व राशि का वितरण किया। यह परंपरा लगभग 50 वर्षों से छमछम देवी करती आ रही हैं। इस बार इस कार्यक्रम में खास तौर पर दिल्ली की बिजली नायक किन्नर वह भटनी के बबली नायक किन्नर मौजूद थे छम छम देवी ने बताई की ऐसा कार्य करने से हमारे समाज को बहुत सुकून मिलता है और हम लोग दुआ करते हैं कि हमारा जजमान के घरों में खुशी और हर दुख दूर रहे इसकी कामना भी करते हैं ऐसा काम वैसे हर शुक्रवार को मैं करती हूं और अपने जजमानों के लिए गरीबों से दुआ भी करवाती हूँ। इस मौके पर रेखा किन्नर, स्वेता किन्नर, राखी किन्नर, निर्मला किन्नर आदि किन्नर मौजूद थे।

### मुक्ति रथ किया गया समर्पित

**बेरमो।** संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के 132वे जन्मतिथि के उपलक्ष में बोकारो एवं करगली प्रबंधन द्वारा क्षेत्र उत्थान एवं वृहत हितधारकों की मदद हेतु ह्लमुक्ति रथह्व समर्पित किया। इस मुक्ति रथ का उद्देश्य क्षेत्रीय निवासियों के जीवन की अंतिम यात्रा को कष्ट मुक्त बनना है क्यूंकि यह ही जीवन का परम सत्य है। इस अवसर पर क्षेत्रिय महाप्रबंधक एम के रावए अधिकारी गण में पीए एस देवएजी मोहंतीए आर के प्रधानए बी के ठाकुरए ज्ञानेंन्दू चौबेए राजीब कुमारए एस के भारतीयए विवेक कुमार आदि एवं क्षत्रिय सलाहकार समिति के बिनय पाठकए गजेन्द्र सिंहए आभाष चंद्र गांगुलीएराम निहोरा सिंह अनिल प्रजापति आदि मोजूद रहे।

### टाटा स्टील के झरिया डिवीजन में अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू



**जोड़ापोखर।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्घाटन आज टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में मयंक शेखर, चीफ सिजुआ ग्रुप, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, पंकज कुमार दास, हेड एचआरबीपी, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, बरुण बनर्जी, हेड सेफ्टी, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, कौसिक गायेन, हेड जामाडोबा कोलियरी, जामाडोबा ग्रुप, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, और सुजीत कुमार झा, सीनियर मैनेजर सिक्योरिटी, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील शामिल थे।

### झिरकी रविदास टोला में मनी अंबेडकर जयंती

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत गोमिया प्रखंड के सरहचिया पंचायत के झिरकी रविदास टोला अंबेडकर चौक पर बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। देश के संविधान के निर्माण में बहुमूल्य योगदान देने वाले दुसरे शब्दों में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती के अवसर पर ए सरहचिया पंचायत के झिरकी रविदास टोला में कार्यक्रम का आयोजन कर एक उत्सव के रूप में विशाल यात्रा निकाली गई।

# लोहे के हुक से शरीर को छेदकर खूंटे पर झूले भोक्ता

## सिंहपुर शिवालय में झारखंड, बंगाल और बिहार से पहुंचे भक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के कुलागुजुए मधुकरपुरए दुगार्पुरए मंजूराए बगदा अजैया एवं सिंहपुर सुप्रसिद्ध प्राचीन शिवालय मंदिर मे भोक्ता पर्व चड़क पूजा में उपवास रख भक्तों



ने सायर बांध में स्नान किया। इसके बाद बुढ़ा बाबा की पूजा अर्चना की। कहीं भक्त ध्यान लगाकर बुढ़ा बाबा भजी नाथ भै कर रहे थे तो कहीं लोग बुढ़ा बाबा की पूजा अर्चना मे लीन दिख रहे थे। सिंहपुर शिवालय में पूजा अर्चना के लिए झारखंड, बंगाल व बिहार के अलावे कई अन्य राज्यों व जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। श्रद्धालु दूध व जल से बूढ़ा बाबा पर जलाभिषेक कर बेलपत्र सहित मिष्ठान्न से पूजा की। इस वर्ष लगभग दर्जनों भोक्तियाओ ने पीठ पर छेद कर लगभग 50 फीट ऊपर खूंटे में लोहे के हुक के सहारे घूमने की विधि पूरी की।

### भोक्ता पर्व को सफल बनाने में निभायी भूमिका

भोक्ता पर्व को सफल बनाने में सुजित कुमारए पूजा कमेटी के अध्यक्ष मृत्युंजय कपरदारए उपाध्यक्ष रंजीत सावए सचिव शंकर महतोए उपसचिव देवाशीष देए कोषाध्यक्ष लखन सावए संरक्षक राकेश सावए नरेश नायकए अधीर शर्मा एवं सक्रिय सदस्य मनोज सिंहए खेतु करमाली एसुफल महतोए लाल मोहन महतोए राजेश महतो आदि की अहम भूमिका रही।

# खबर मन्त्र

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची. शनिवार .15 अप्रैल 2023


## बेहतर कारोबारी माहौल

इकनॉमिक इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) की ओर से जारी वैश्विक कारोबारी माहौल रैंकिंग (बीईआर) के मुताबिक 2022 की दूसरी तिमाही से 2023 की दूसरी तिमाही के बीच भारत 6 पायदान ऊपर गया है। तकनीकी तैयारी, राजनीतिक माहौल और विदेशी निवेश सहित अन्य मानकों के स्कोर में सुधार की वजह से रैंकिंग में सुधरी है। बीईआर में 91 संकेतकों के आधार पर 82 देशों में कारोबारी माहौल को लेकर आकर्षण का मापन किया जाता है।2023 की दूसरी तिमाही लिए रैंकिंग से पता चलता है कि सिंगापुर, कनाडा और डेनमार्क अगले 5 साल में सबसे बेहतर कारोबारी माहौल देने वाले 3 देश होंगे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विनिर्माण में निवेश के मामले में ऐतिहासिक रूप से संघर्ष कर रहा है, वहीं नीतिगत सुधार की वजह से भारत में कारोबार करना आसान हुआ है। मजबूत, स्थिर अर्थव्यवस्था और व्यापक रूप से श्रमिकों की आपूर्ति की वजह निवेशकों को आकर्षित करने का आधार है। नीतिगत सुधार से भारत में व्यापार करना आसान हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि बुनियादी ढांचा, कराधान और कारोबार के नियमन में सुधार की वजह से निवेश को बढ़ावा मिलेगा। एशियाई क्षेत्र की 17 अर्थव्यवस्थाओं में से, भारत 2023-27 की पूवार्नुमान अवधि में 10वें स्थान पर है, जबकि 2018-22 की अवधि में यह 14वें स्थान पर था। देश में आधारभूत संरचना के विकास के साथ ही देश की वित्तीय स्थिति का बेहतर होना भी सुखद संकेत है। साथ ही देश में उर्जा की स्थिति में लगातार सुधार और पर्यावरण सहित तमान सकरात्मक बिंदुओं को लेकर वर्तमान समय में केन्द्र और राज्यों की एक दिशा से पूरी दुनिया में देश के प्रति सम्मान बढ़ा है। आर्थिक मोर्चो पर भी राजकोषिय घाटा नियंत्रण में है जबकि कोरोना काल का असर बरकरार है।

## आर्टिफिशियल इंटलीजेंस

इंसान हर चीज में अपना प्रतिबिंब (इमेज) देखना चाहता है। अंतरिक्ष में उसे धरती जैसे दूसरे ग्रह की तलाश है। उन ग्रहों पर इंसान जैसी शक्लो-सूरत वाले जीव होंगे- इसकी कल्पना करते हुए दर्जनों फिल्में बना डाली हैं। रोबोट बनाए तो उनका चेहरा-मोहरा और उनकी बुद्धि इंसान जैसी ही हो- इसकी जिद है। सिर्फ रोबोट ही नहीं, जितनी भी दूसरे मशीनी इंतजाम हैं- उन्हें मशीन से ऊपर उठाकर इंसानी फितरत के मुताबिक काम करने लायक बनाने की कोशिशें चलती रही हैं। इंसान और मशीन में जब शक्लो-सूरत के फर्क मिटा डाले तो एक चीज बची थी जिसके बल पर मशीन (जड़) और इंसान (चेतन) में अंतर किया जा सकता था। वह थी हमारी चेतना या बुद्धि। मशीनों को इंसानी चेतना के लेवल पर लाने का काम तो बहुत पहले शुरू हो चुका था, लेकिन इक्कीसवीं सदी के दो दशक बीतते-बीतते वह घड़ी तकरीबन आ ही गई, जब लगने लगा कि बुद्धि (इंटेलीजेंस) के मामले में मशीनें हम इंसानों से पीछे नहीं रहेंगी। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) उस स्तर पर आ चुकी है जहां यह फर्क करना मुश्किल हो गया है कि जो सामग्री (कंटेंट) लेख, कला या टीवी एंकर हमारी आंखों के सामने डिजिटल शक्लों में मौजूद है, वह इंसानी (कृति) है या उसकी रचयिता मशीन है। अंतर मिटाने के इस काम पर पक्की मुहर लगाई है चैटजीपीटी नामक उस इंतजाम ने जिसे दुनिया के सामने आए अभी बमुश्किल चार-साढ़े चार महीने हुए हैं। इतनी छोटी सी अवधि में चैटजीपीटी या कहें कि चैटबॉट ( एक सॉफ्टवेयर) की शक्ल में एआई ने जो तूफान दुनिया में उठा दिया है, उसने कुछ टेढ़े सवाल भी पैदा किए हैं। कुछ लोगों की राय है कि यह गूगल आदि सर्च इंजनों की छुट्टी कर सकता है और इंसानी बुद्धि को हाशिये पर डालने और रोजगार खा जाने जैसी दिक्कतें पैदा कर सकता है।

# कुप्रथाओं के घोर विरोधी थे डॉ भीमराव आंबेडकर



**भारतीय** संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। उन्होंने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गंदी राजनीति ने उन्हें सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डॉ. अंबेडकर का एक और सपना था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें।

डॉ. अंबेडकर का मानना था कि वर्गहीन समाज गढ़ने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षा कवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं, इसका श्रेय डॉ. अंबेडकर को जाता है। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।

हर वर्ष 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। डॉ. अंबेडकर की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेंगे। उनके बनाये संविधान का पालन करेंगे। ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे देश के किसी कानून का उल्लंघन होता हो। चूंकि वे हमेशा जाति प्रथा, ऊंच- नीच जैसी बातों के विरोधी थे इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीका है, उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार में हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिला स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनका बचपन कष्टों में बीता।



- रमेश धमोरा

> अपने काम को पूरा करने के बाद बोलते हुए डॉ. अंबेडकर ने कहा मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा। मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नहीं होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य ही गलत था।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो डॉ. अंबेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। डॉ. अंबेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण अंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्जों की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण अंबेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ. अंबेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।

डॉ. अंबेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओं के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लड़कों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते हैं। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। डॉ. अंबेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरूआत ही ह्यशिक्षित करोह्न से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

डॉ. अंबेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढ़ाई की थी। डॉ. अंबेडकर अकेले ऐसे भारतीय है जिनकी प्रतिमा लंदन संग्रहालय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं उन्हें देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले हैं। भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्री थी। उनके के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बड़ा निजी पुस्तकालय था।

जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डॉ. अंबेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डॉ. अंबेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना कि लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के बाद बोलते हुए डॉ. अंबेडकर ने कहा मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा।

मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नहीं होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य ही गलत था। डॉ. अंबेडकर ने 1952 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोकसभा का चुनाव लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 में उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया। अपनी मृत्यु तक वो उच्च सदन के सदस्य रहे। दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां डॉ. अंबेडकर सांसद के रूप में रहते थे।

### खास बात

## सहजता से बंटवारा

**आर.के. सिन्हा**

दीपक पारेख को भारत के कॉरपोरेट जगत में बहुत ही आदर भाव के साथ देखा जाता है। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन दीपक पारेख बीती आधी सदी से कॉरपोरेट जगत की हरेक घटना के अहम साक्षी हैं। वे जब किसी विषय पर बोलते हैं तो उसे नजरअंदाज करना संभव नहीं होता।

उन्होंने हाल ही में एक सेमिनार में कहा कि भारत के बहुत से औद्योगिक घरानों में संपत्ति बंटवारे को लेकर हुआ विवाद इतना गंभीर हो गया है कि वे घराने इस आघात से बुरी तरह से छलनी हो गए। इस पूरी प्रकिया में लंबा वक्त भी लगा सो अलग। उनकी सलाह थी कि जिन घरानों में विवाद हो, उन्हें मध्यस्थता के रास्ते पर चलना चाहिए। इससे धन और वक्त भी बच जाएगा।

दीपक पारेख की बात में दम है। हमने देखा है कि रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद उनके दोनों पुत्रों- मुकेश और अनिल में संपत्ति विवाद गहरा होता चला गया। बात जब कोर्ट गई तो दोनों ने नामवर वकीलों को अपने पक्ष में दलीलें देने के लिए रखा। इस प्रक्रिया में दोनों ने करीब दो सौ करोड़ रुपये फूंक भी दिए। अंत में, बैंकिंग की दुनिया के प्रमुख हस्ताक्षर केवी कामथ को मध्यस्थता और संपत्ति के बंटवारे के लिए रखा गया। फिर कहीं जाकर बात बनी। कामथ आईसीआईसीआई बैंक के फाउंडर चेयरमैन थे। हालांकि यह स्वीकार करना होगा कि बंटवारे के बाद मुकेश अंबानी ने जहां शिखर को छुआ, वहीं अनिल अंबानी अपने समूह को कायदे से दिशा देने में नाकाम रहे।

अब बात पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक बड़े औद्योगिक समूह की भी कर लेते हैं। यह समूह चीनी, धागे, टायर, घी वगैरह का उत्पादन करता था। इस समूह का देश में खासा नाम था। पर इसके चेयरमैन का 1970 के दशक के आरंभ में निधन हो गया। कुछ समय के लिए चेयरमैन के छोटे भाई को समूह का प्रमुख बना दिया गया। पर बड़े भाई के पुत्रों ने विद्रोह कर दिया। इसके चलते यह समूह कलह-क्लेश का शिकार हो गया। इसकी पहले वाली स्थिति नहीं रही। अब यह समूह कतई खबरों में नहीं रहता, किसी विशेष उपलब्धि के चलते।

**गरीब** वर्ग की आमदनीः 50% घटी

मिडिल क्लासः 10% तक गिरी अमीर वर्गः 40% बढ़ी

चाहे जनता को महंगाई, बेरोजगारी कितना भी तड़पाए, ह्यसूट-बूट सरकारह्न का एक ही टारगेट - ह्यमित्रोंह्न की तिजोरी भरती जाए।

– राहुल गांधी, कांग्रेस

### आपके ट्वीट

**अखिलेश** जी सावधान रहिए।90 के दशक में अटकी सुई वाले स्वामी प्रसाद मौर्य न स्वामी है न प्रसाद है वो सपा के लिए अवसाद ही होंगे।उपर से मुलायम-काशीराम जी भी कहते होंगे मत कर भैया ऐसे काम,नहीं बचेगा निशान ओ नाम। –सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा





**आदरणीय** प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में भारत की सांस्कृतिक विरासत का सतत पुनरुद्धार हो रहा है। आज 'नए भारत' में राष्ट्रीय नायकों का समुचित सम्मान व अपनी सभ्यता के प्रति गौरवबोध है।

- योगी आदित्यनाथ

## परशुराम का क्रोध

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहस**

**परशुराम** अहंकार से भरे हुए थे। इसलिये वे बोले कि मैं गुरु ऋण अवश्य चुकाउंगा ही आप गुरु दक्षिणा मांगिये। शिव जी सोचे कि इसके मन में अहंकार आ गया है और ज्ञान लुप्त हो गया है। अतः इनका कल्याण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैं मुण्डमाल पहनता हूं। इस माला के सारे मुण्डों के बची एक सुमेर चाहिए। अतः आप सुमेर के लिये हजार फन बाले शेष नाग का मुण्ड लेते आइये। शेषनाग के पास जाकर परशुरामजी ज्योंही फरसा लकर सिर की ओर गये वे शेषनाग के फुफकार को बर्दाश्त नहीं कर सके और उड़कर मंदराचल पर्वत पर आ गये। तब से वे मंदराचल पर्वत पर ही थे और पुनः भक्ति का अवसर ढूंढ रहे थे। ज्योहि शिव धनुष तोड़ें जाने का समाचार उन्हें ज्ञात हुआ वे भक्ति का अवसर जानकर राजा जनक की सभा में पहुंचे। आते ही उन्होंने कहा कि जिसने यह धनुष तोड़ा है वह इस सभा से विलग हो जाये। क्षत्रियों की सभा उसे विलग कर दे। वह सहस्त्रबाहु की समान मेरा शत्रु है। मैंने उसके वंश को समूल नाश कर दिया है। जब उन्होंने इस तरह आवेश में कहा तो लक्ष्णण जी ने जबाव दिया कि ऐसे कितने धनुष हमने बचपन में तोड़ें हैं। अब वे बार-बार क्रोध में आकर प्रश्न करते और लक्ष्मण जी उन्हें चिढ़ाते रहे और क्रोधित करते रहे। चूंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे। वे जानते थे कि परशुराम जी किस प्रकार हमारा सिर काटने आये थे और नहीं काट सके। उन्होंने कहा कि उस समय तो आप मेरा सर नहीं काट सके। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

# मीरा ने रैदास से नाम रतन पाया, राम रतन नहीं: स्वामी सत्यानंदजी

**मुरलीधर**

**मीरा** ने कृष्ण को पाने की चाह रखी। वह कहती मेरो तो गिरधर गोपाल दूसरा न कोई रे। **स्वामी सत्यानंदजी परमहंस** बताते हैं, समझाते हैं कि मीरा चारो ओर भटकती और सभी से आग्रह करती की मुझे मेरे गिरधर गोपाल से मुलाकात करा दो। लोग मंदिर , मठ में ले जाकर कृष्ण की मूर्ति और तस्वीर को कृष्ण बताते और कहते कि यही तो कृष्ण हैं। उस मूर्ति से मीरा की क्या बात होती? मैं तो प्रेम दिवानी मेरा दर्द न जाना कोय। मीरा सगुण कृष्ण से मिलना चाहती थी। मीरा धूमती हुई काशी पहुंची और अपने गिरधर से न मिलने के कारण उदास थी। मीरा ने तय कर लिया कि प्रातः काल वह गंगा में डूबकर अपना प्राण त्याग देगी। सुबह-सुबह वह प्राण त्यागने का उदेश्य लिये पूरे वेग से गंगा तट की ओर जा रही थी। गंगा के तट पर रैदास जी उपस्थित थे। मीरा के उसके चेहरे के भाव को रैदास जी ने देख समझ लिया कि यह आत्महत्या के दृष्टि से गंगा की ओर जा रही है। उन्होंने मीरा को रोका और पूछा कि क्या बात है? तुम क्या चाहती हो। मीरा ने कहा कि मेरे कृष्ण मुझे मिलते नहीं । मैं जिससे भी पूछती हूं वह मुझे मंदिर में ले जाकर कृष्ण के मूर्ति से मिलवा देता है। अगर वे नहीं मिलते हैं तो ऐसे जीवन का कोई अर्थ नहीं है। स्वामी रैदास जी ने कहा मैं आपको कृष्ण से मिलवा दूंगा। उन्होंने मीरा को गुरु मंत्र दिया और मीरा को कृष्णत्व का एहसास हो गया। जब एहसास हुआ तब वह कहने लगी गाने लगी **पायो जी मैंने नाम रतन धन पायो।**

### सतसंग

**वस्तु अमोल दी सदगुरु ने कृपा कर अपनाओ।** मीरा की भक्ति एक उदाहरण बना। हम भूलवश, समझ न होने के कारण इस मूल पंक्ति के जगह **पायो जी मैंने राम रतन धन पायो** गाते हैं जो एकदम गलत है। मीरा ने सभी इच्छाओंका त्याग कर सिर्फ कृष्ण की इच्छा रखी। जब इच्छा प्रबल होता तो वह अवश्य मिलता है। इस जन्म में जो देगा सगुण साकारही देगा, निर्गुण नहीं देगा। हमारी इच्छा सांसारिक वस्तुओं के प्रति, भोग के प्रति प्रबल होती है। आज से 20-25 साल पहले हमलोगों ने कल्पना किया था कि बिना तार का फोन होगा। अमेरिका से लेकर पूरी दुनिया में हम फोन से क्या खाना बन रहा है यह देख सकेंगे। लेकिन लोगों की इच्छा थी इसलिये इसका निर्माण हुआ। लोगों को चांद पर जाने की प्रबल इच्छा थी इसलिये यह भी संभव हुआ। लेकिन भारत में जो खोज हुआ वह आदमी की शरीर और जीवन को लेकर उत्सुकता के कारण हुई। लगभग पांच हजार साल पहले लोगों के मन में यह जिज्ञासा हुई कि आखिर यह शरी में कौन सी चीज है जो इसे जिंदा रखती है साथ ही कौन सी बात है कि मन को शांत नहीं रहने देती। जिज्ञासा सांस के बंद होने पर शरीर के मर जाने को लेकर भी हुई। तब के ऋषि मुनियों तपस्वियों ने इन दोनों बिंदुओं पर चिंतन किया। उन्होंने सांस बद करने का अभ्यास किया जिसे आज कुंभक कहा जाता है। साथ ही मन की चंचलता को लेकर उनकी जिज्ञासा के कारण मन को किसी एक चीज पर ही केन्द्रीत करने का प्रयास किया। इसका परिणाम समाधि के रुप में सामने आया। सांस को साधने के लिये मंत्र और मन को साधने के लिये साधना के माध्मय से उन्हें जो समझ मिला वह पूरी दुनिया में अपने तरह का सबसे बड़ी खोज है। यह खोज मनुष्य जीवन के पूर्णत्व को प्राप्त करने का है। जीते जी यह संभव है जो लोग कहते हैं कि मरने के बाद स्वर्ग-नरक तो ऐसा नहीं है वहां आकाश है शून्य है। ज्ञान और मुक्ति का मार्ग सिर्फ हमारे देश और हमारी सत्य सनातन संस्कृति में ही संभव है जिसे राम,कृष्ण, बुद्ध, नानक, कबीर,अद्धैतानंद,रैदास सहित सैकड़ों ऋणि मुनियों ने पूरे विश्व में प्रचारित-प्रसारित किया।

(ब्रह्म विद्यालय आश्रम राजपुर, बक्सर)

### कॉर्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

#### विद्रोही तेवर

**ऐसा** लगता है कि सचिन पायलट राजस्थान में भी वही काम करेंगे जो सिद्धू ने पंजाब में तथा सिंधिया ने मध्यप्रदेश में किया। सचिन पायलट ने पिछली वसुंधरा राजे सरकार के समय भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई न करने को लेकर एक दिन का उपवास रखने का ऐलान करके मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

– विष्णु दिवाकर, हजारीबाग

#### प्रतिष्ठा बढ़ी

**विश्व** की निगाह भारत में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन पर लगी हुई है जिसका आयोजन 9 व 10 सितंबर, 2023 को दिल्ली के प्रगति मैदान के कन्वेंशन सेंटर में होगा। यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। जब से भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिली है तब से उत्साह का माहौल है सभी राज्य केंद्र सरकार के साथ तालमेल कर बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

–वीरेन्द्र, रांची

# खालसा सिरजना दिवस में तब्दील हुआ बैसाखी पर्व

### सामयिक

**रावेल पुष्प**

**सिखों** के पहले गुरु नानक से लेकर पांचवें गुरु अर्जुन देव तक की पूरी गुरु परंपरा भक्ति भाव और अध्यात्म की रही है। वहीं, पांचवें गुरु अर्जुन देव जी की शहादत के बाद छठे गुरु हरगोविंद से इसमें कुछ तब्दीली आनी शुरू हो गई थी।

गुरु नानक देव जी ने तो संपूर्ण आध्यात्मिक निर्मल पंथ की नींव रखी थी और कालांतर में ऐतिहासिक घटनाओं के कारण गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की।

इत मारग पैर धरीजै,सिर दीजै काणि न कीजे

इसी सिद्धांत को सीधे-सीधे परखने के लिए सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने परीक्षा ली। इस दौरान गुरु गोविंद सिंह के पिता और नौवें गुरु तेग बहादुर सत्य और न्याय की खातिर अपना शीश दिल्ली में कुर्बान कर चुके होते हैं, जहां आज उनकी स्मृति में गुरुद्वारा शीश गंज सुशोभित है।

देश में एक धर्मावलंबियों पर मुगलों का भयंकर अत्याचार और जुल्म अब असहनीय स्थिति तक आ चुका था और जनता निरुपाय, असहाय और बुरी तरह भयाक्रांत थी। ऐसे समय में केसगढ़ जिसे आज आनंदपुर साहिब के नाम से जाना जाता है, वहीं सन- 1699 को पूरे देश से जुटे श्रद्धालुओं को जो उस बैसाखी वाले दिन वहां एकत्र हुए थे उनको गुरु गोविंद सिंह ने संबोधित किया और कहा कि आज हो रहे जुल्मो सितम से टक्कर लेने के लिए अपना शीश कुर्बान करना पड़ेगा। उन्होंने अपने हाथ में नंगी तलवार लहराते हुए कहा कि दरबार में है कोई माई का लाल, जो इन सब अत्याचारों का मुकाबला करने के लिए अपना शीश कुर्बान कर सके। ऐसा सुनते ही पूरे दरबार में सन्नाटा छा गया, लेकिन फिर उन्हीं में से एक लाहौर से आया भाई दयाराम, जो जाति का खत्री था, वो सामने आया। गुरुजी उसे लेकर पीछे बने तंबू में ले गए और फिर एक झटके में गर्दन कटने की आवाज आई। गुरुजी रक्तरंजित तलवार लेकर बाहर दरबार में आए और फिर वही बात दुहराई। दरबार में सभी घबराने लगे थे लेकिन एक-एक और चार लोग सामने आए। गुरुदेव उनको भी तंबू में लेकर गए। तम्बू से बाहर खून की धारा निकलती लोगों ने अपनी आंखों से देखी। पूरा दरबार स्तब्ध था।

तभी सबने आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता से देखा कि गुरु जी उन सबको एक ही तरह के वस्त्रों से सुसज्जित जीवित अवस्था में लेकर दरबार में हाजिर हुए। उसके बाद उन्होंने एक लोहे के बर्तन में जल भरकर उसमें कुछ पतासे डाले और फिर उसे खंडे (एक प्रकार का अस्त्र) से पांच वाणियों का पाठ करते हुए घुमाया। इस तरह बनाए गये अमृत को गुरु जी ने अपने हाथों से सभी को अमृत पान कराया और फिर उन्हें पांच प्यारों का खिताब दिया। इस तरह बैसाखी पर्व खालसा सिरजना दिवस के रूप में तब्दील हुआ। उसके बाद वे स्वयं उन पांचों के समक्ष घुटनों के बल हाथ जोड़ कर बैठे और अनुरोध किया कि उन्हें भी अमृतपान कराया जाये। दुनिया के इतिहास में ये पहला मौका था,जब कोई गुरू अपने ही बनाए शिष्यों से दीक्षा लेता है। इस अद्वितीय घटना पर तभी तो किसी इतिहासकार कवि ने कहा कि- ओ जम्मेया मरद अगम्मड़ा वरियाम अकेला वाह-वाह गोविंद सिंह, आपे गुर चेला !

कई इतिहासकारों का ये मानना है कि उसी दिन वहां उपस्थित हजारों लोग अमृतपान कर खालसा के रूप में परिवर्तित हुए।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सांसद ने किया छऊ नृत्य का उद्घाटन



रामगढ़। नगर परिषद क्षेत्र के कुसुमटोला में शिव शक्ति क्लब एवं गोसा में आयोजित श्री श्री मंडा पूजा के शुभ अवसर पर छऊ नृत्य का उद्घाटन गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया।इस मौके पर बाघमुंडी एवं ईचागढ़ से आये टीम गोविंदडीह नवयुवक छऊ नृत्य एवं प्रभात महतो छऊ नृत्य टीम के कलाकारों द्वारा शिव एवं पार्वती की एक से बढ़कर एक मनमोहक दृश्य दिखाकर लोगों का मन मोह लिए। सांसद ने कहा कि झारखंड का यह पर्व पूर्वजों का दिया हुआ सबसे ऐतिहासिक धरोहर है।लोक पर्व मंडा पूजा काफी धूमधाम से मनाया जाता ह। पर्व अच्छी बारिश एवं क्षेत्र के समृद्धि के लिए मनाया जाता है तथा इस दौरान शिव भक्त सात से नौ दिन तक लगातार उपवास करने के बाद आग पर चलने एंव 50 फीट की ऊंचाई पर पीठ पर लगे हुक के सहारे झूलते हुए भक्त आराध्य की पूजा अर्चना करते है। भक्ति और श्रद्धा का ऐसा नजारा देखने को काफी कम मिलता है,जंहा बड़े से बड़े एवं नन्हे बच्चे भी आग के दहकते अंगारों पर चलते है।

### जेएसपी ने मनाया अग्निशमन दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आग और सुरक्षा विभाग जेएसपीएल के तत्वावधान में जेएसपी पतरातू में शुक्रवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने अग्निशमन सेवा ध्वजारोहण कर की। इसके बाद 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डॉकयार्ड में आग और बड़े पैमाने पर विस्फोट के कारण काल के गाल में समाएं देश के अग्निशमकों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया और अग्नि सुरक्षा की शपथ ली गई। इस वर्ष अग्निशमन सेवा दिवस की थीम थी राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता। बताया गया कि आज के दिन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि देने के लिए ही राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में कारखाना प्रबंधक व सभी विभागों के शीर्ष अधिकारी और कर्मचारियों उपस्थित रहे।

### भाजपा ने अंबेडकर को किया याद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल एससी मोर्चा के अध्यक्ष बाबूलाल नायक के नेतृत्व में शुक्रवार को पेट्रोल पंप भुरकुंडा स्थित अंबेडकर स्थल में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। इसके पूर्व भाजपाईयों ने अंबेडकर स्थल सहित आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। इसके बाद डॉ. भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धूमधाम से जंयती मनाई गई। सतीश मोहन मिश्रा ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर बचपन से ही वे कुशाग्र बुद्धि के थे। उन्होंने विदेश से उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। ड.अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन जातिवाद जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने के संघर्ष में लगा दिया। श्री मिश्रा ने कहा कि वे गरीब, पिछड़ों, दलितों, शोषितों के हक-अधिकार के लिए लड़ते रहें। वे स्वतंत्र भारत के पहले विधि एवं न्याय मंत्री थे। वे नौ भाषाओं के जानकार भी थे। मौके पर एससी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक, एससी मोर्चा के अध्यक्ष बाबूलाल नायक, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, सत्येंद्र नारायण सिंह, जगतार सिंह, अमरेश सिंह, महेंद्र सिंह आदि ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### भुरकुंडा में धूमधाम से मनी वैशाखी



भुरकुंडा (रामगढ़)। सिखों के नववर्ष के रूप में मनाया जाने वाला बैशाखी पर्व भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रीवर साईड आसपास क्षेत्रों में शुक्रवार को भक्तिभाव से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान गुरू सिंह सभा भुरकुंडा गुरूद्वारा में कई धार्मिक अनुष्ठानों के बीच खालसा साजना दिवेश और बैसाखी का त्योहार मनाया गया। इस दौरान सिख समुदाय द्वारा टोरी चंदवा के गुरमीत सिंह मीत के नेतृत्व में नौजवान बच्चों के बीच दस्तार मुकाबला कराया गया। जिसमें दर्जनों बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके पूर्व संगतो द्वारा गुरुद्वारा में गुरु जश कीर्तन-गायन का आयोजन किया गया। वहीं सुबह से ही गुरबाणी का पाठ चलता रहा। यहां सुखमणि साहब का पाठ हुआ। इसके बाद संगतों ने गुरु महाराज का जस-कीर्तन किया। दोपहर में महाराज का लंगर शुरू हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूष व विभिन्न समाज के लोगों ने गुरू का प्रसाद ग्रहण कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। मौके पर गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु ने बताया कि बैशाखी के दिन ही सिखों के 10वें गुरु गोविन्द सिंह जी ने 13 अप्रैल 1699 को खालसा पंथ की स्थापना की थी। धर्म की रक्षा करना और समाज की भलाई करने के लिए ही खालसा पंथ की स्थापना की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान लाल सिंह सचिव तजिंदर तरहण, कोषाध्यक्ष निशांत सिंह, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, जसपाल सिंह, अमर सिंह, नरेंद्र सिंह रेखी, गुरदीप सिंह, गुरूद्वारा के ग्रंथि जरनैल सिंह, नवजोत सिंह, आर्य सिंह, प्रियांशु सिंह, मोनू सिंह, साजन सिंह, पीयूष सिंह, बीबी जसवीर कौर, कमलेश कौर छाबड़ा, उषा कौर, अनीता कौर, जसमीत कौर, राज कौर, रेखा कौर, सरबजीत कौर, बीबी करमी कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

# सांसद आदर्श ग्राम में बुनियादी सुविधाएं नहीं

## 2015 में पेटो पंचायत को जयंत सिन्हा ने लिया था गोद

**समशाद अंसारी**

**केरेडारी।** हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने केरेडारी प्रखंड के पेटो पंचायत को 2015 में गोद लिया है। सांसद आदर्श ग्राम की कहानी वही पुरानी है ना साफ-सफाई न पीने के लिए पानी हैं ।

सड़क स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास भी नहीं आदर्श पंचायत कहे जाने वाले पेटो पंचायत के लोग तंगहाली जीवन जीने को विवश है। इस पंचायत में जयंत सिंहा कई बार आए हैं लेकिन विकास के नाम पर खानापूर्ति के सिवा और कुछ भी नहीं मिला।

आदर्श ग्राम में एक भी हॉस्पिटल की सुविधा नहीं है। इस पंचायत में करीब 400 हरिजन परिवार जीवन यापन करते हैं। खपरेल मकान होने के कारण बरसात के दिनों में काफी कठिनाइयों का सामना करनी पड़ता है। आदर्श पंचायत में स्कूल तो 5हैं लेकिन

### ना साफ-सफाई, न पीने के लिए पानी

हाईस्कूल की व्यवस्था नहीं है। केरेडारी प्रखंड मुख्यालय महज 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है लेकिन इस पंचायत में बिजली 24 घंटा के बजाए मात्र 3 से 4 घंटा मिलती है। पेटो पंचायत में सड़क के काफी परेशानियां है। बरसात के दिनों में कई जगह पानी का जमा हो जाने से बीमारियां फैलने की संभावना बनी रहती है।



### क्या कहते हैं मुखिया

पंचायत के मुखिया कौशल्या देवी कहती है कि सांसद इस गांव को गोद लिए हैं। लेकिन ना तो यहां सही से शिक्षा की व्यवस्था है और ना ही सड़क की कोई सुविधा है। यहां के ग्रामीण जीवन यापन करने के लिए बाहर के देशों में पलायन करने को मजबूर हैं।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीण प्रकाश भुइया बताते हैं कि हम लोगों को पता चला कि हमारे गांव को संसद जयंत सिन्हा ने गोद लिया है। हम लोगों को बहुत विश्वास था कि हमारे गांव में अब शिक्षा व्यवस्था, रोड की व्यवस्था, सिंचाई की सुविधा सब चीज मिलेगी लेकिन हमारे गांव में विकास शून्य है।

### क्या कहते है सांसद प्रतिनिधि

सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ने बताया कि सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा आदर्श ग्राम पेटो में बहुत सारे काम किये गए है । जैसे पानी टंकी हो, शौचालय हो, पंचायत भवन हो और बाकी कार्य होने ही वाला है प्रोसेस में चल रही है।

# बाबा साहब का जीवन प्रेरणास्रोत : उपायुक्त

**डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने जिलेवासियों को 133वीं अंबेडकर जयंती की बधाई दी है। उन्होंने आज डिस्ट्रिक बोर्ड चौक अवस्थित बाबा भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना सम्मान प्रकट किया। उपायुक्त ने कहा कि संविधान के सूत्रधार बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती की बधाई देती हूं। संविधान के रचयिता ज्ञान और विलक्षण प्रतिभा संपन्न डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक शिक्षाविद, कानूनी विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में काम किया।वही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन प्रेरणाश्रोत है उनके विचारों,आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यता है।



**लोजपा ने मनाई जयंती :** इंद्रपुरी चौक स्थित रामविलास रोज मैरिज हॉल में लोक जनशक्ति पार्टी ने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। जिला अध्यक्ष दिलीप पासवान के अध्यक्षता में यह कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला अध्यक्ष दिलीप पासवान ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संविधान के रचयिता है। प्रवक्ता राकेश रंजन सिन्हा ने बाबा भीमराव अंबेडकर की जीवनी के बारे में याद कर उनके विचारों को अम्ल कर उसी रास्ते में चलने के लिए अपील की। जयंती के शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष ने लोक जनशक्ति पार्टी जिला कमेटी का विस्तार किया। राहुल गुप्ता वरीय उपाध्यक्ष विजय पासवान जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार जिला सचिव रोहित मेहता मीडिया प्रभारी शाहिद अंसारी कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार राणा सह सचिव राजकुमार राज जिला सचिव इस जयंती समारोह में उपस्थित जिला प्रवक्ता राकेश रंजन सिंहा प्रदेश सचिव जय राम राजू पासवान धीरज पासवान तुलसी गुप्ता छात्रधारी कुमार विजय कुमार अल्पसंख्यक अध्यक्ष प्रवेश खान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### एनटीपीसी में धूमधाम से मनायी गयी अंबेडकर जयंती



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया। बाबा साहेब की 132 वीं जयंती के मौके पर हजारीबाग स्थित जुलू पार्क में एनटीपीसी के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए और देश के संविधान के निर्माता माने जाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत परियोजना के कार्यवाहक प्रमुख उमेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी कर्मचारियों को भीमराव अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी और कहा कि आज हम जिस भी मुकाम पर हैं उसके लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की भूमिका सबसे अहम है। आज जहां दुनिया के कई देश एक बेहतर संविधान न होने की वजह से लगातार मुश्किलों से जूझ रहे हैं वहीं भारत नित नई बुलंदियों को छू रहा है। उन्होंने कहा हमारे देश में आज बाबासाहेब अंबेडकर की महत्वपूर्ण योगदान की वजह से एक बेहतर और सुव्यवस्थित संविधान है जिसमें देश को चलाने के लिए सभी प्रकार के नियम कानून अंकित हैं।इस मौके पर उपस्थित कई विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बाबासाहेब आंबेडकर को सभी वर्गों का नेतृत्व करने वाला बताया ।

### पूर्व विधायक मनोज यादव ने डा. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**बरही।** भाजपा ने बरही प्रखंड के धनबाद रोड स्थित पार्टी कार्यालय व बाराटांड स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संविधान के प्रति शपथ लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ऐसे महान व्यक्ति थे, जिनकी बदौलत कमजोर वर्गों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी देश के संविधान की रचना कर कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा की। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि जिस वक्त देश के सभी राष्ट्रीय विभूतियों की इच्छा थी कि कमजोर वर्गों का उत्थान हो। हमें बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करके ही शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाने की जरूरत है। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया विजय कुमार यादव, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, उमेश कुमार दास, रितेश गुप्ता, हरेंद्र गोप, आकाश राज, राजकुमार केशरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक ने अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** धरमपुर शिव मंदिर चौक में शुक्रवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण मांडु विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने किया। मौके पर प्रमुख संतोष मंडल, जिप सदस्य रामप्रसाद, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, मुखिया कांति देवी, सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, सुरेन्द्र यादव ने भी सामूहिक रूप से अनावरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान अतिथियों को अंग वस्त्र देकर कर स्वागत किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता योधी प्रसाद यादव और संचालन कामेश्वर राम और जेनुल अंसारी ने किया.। मुख्य अतिथि विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों और संकल्पों पर चलने का आह्वान किया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान व्यक्तिगत के धनी थे. उन्होंने भारत के संविधान का निर्माण किया।हमें भी उनके कदमों पर चलना चाहिए। मौके पर अशोक यादव, तुलसी राम, लक्ष्मण यादव, मूकेश साव, सहदेव यादव, मनोज राम, लोकनाथ यादव, प्रमेश्वर यादव, चंदन ठाकुर, अरूण राम समेत कार्यकर्ता व सैकड़ो लोग उपस्थित थेप्रदीप राम, शंकर रविदास, शशि राम, सोनु राम, सचिन राम, संदीप राम, सन्नी राम, फुलेश्वर राम, पप्पू राम, धर्मेन्द्र राम, सुरज राम, उपेन्द्र रविदास, बालो राम, दिलीप राम, रामदीश राम, जगन्नाथ राम समेत सैकड़ो लोग थे।



# देह शिवा वर मोहे है शुभ कर्मन ते कबहु न डरो...

**रामगढ़ में धूमधाम से मनाया गया गुरुद्वारा साहिब में बैसाखी का पर्व**

**रामगढ़।** श्री गुरुद्वारा साहिब में साध संगत ने खालसा का सृजना दिवस बड़े ही श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया। शुक्रवार को गुरुद्वारा साहिब में सर्वप्रथम सुबह 7:00 बजे निशान साहब की सेवा की गई। गुरुद्वारा साहिब में 11:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह द्वारा अरदास किया गया। वहीं, रांची से आए हजूरी रागी भाई महिपाल सिंह, भाई सरबजीत सिंह ने बड़े ही मनमोहक ढंग से शबद गायन किया। उन्होंने इन्ही की किरपा से सजे हम हैं नहीं मोह से गरीब करोर परे, अमृत पियो सदा चीर जीवो, नासूरो मंसूर गुरु गोविंद सिंह गोविंद सिंह ,देह शिवा बर मोहे है शुभ कर्मन ते कबहू न डरो.... आदि शबदों से संगत को



निहाल किया। गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने सभी साध संगत को बैसाखी की बधाई दी। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुई। विधायक के आगमन पर शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा साहिब में बैसाखी पर्व को लेकर पूर्व महासचिव सरदार जगजीत सिंह सोनी ने बैसाखी पर्व के इतिहास के पर प्रकाश डाला। जिसके बाद गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर बांटा गया। मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हरदीप सिंह होरा ,मीडिया इंचार्ज कर्मजीत सिंह जग्गी , गुरु नानक स्कूल के डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, पप्पू जस्सल ,रविंद्र सिंह छाबड़ा, जगजीत सिंह सोनी ,जोगिंदर सिंह जग्गी, बलजीत सिंह बेदी , बंटी चमन,टीटू छाबड़ा रघुवीर सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत चाना , अरविंदर सिंह सैनी ,तेजिंदर सिंह ,हरमीत सिंह कालरा ,अमरजीत सिंह, जगजीत सिंह, बिट्टू सिंह चंडोक ,गुरजीत सिंह सलूजा, बलविंदर सिंह पवार, लकी मेहरा ,जसवंत सिंह शेरगिल ,जगजीत सिंह, टोनी कोहली , डॉ मनवीर कौर ,पम्मी गांधी, पिंकी सलूजा, महिंद्र कौर, विमला मेहरा, जसप्रीत कौर जौली, नीलम अरोड़ा, रंजू अरोड़ा ,जसमीत कौर सोनी, करमजीत कौर जगी, सुखमीत कौर ,जसप्रीत कौर, जसविंदर कौर, अनुपमा सिंह मौजूद थे।

## एक नजर में

### माउंट लिटेरा जी स्कूल में मनी अंबेडकर की जयंती



**दारू।** माउंट लिटेरा जी स्कूल सिलवार में भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर 132 वी जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालय की शिक्षक और स्कूली बच्चों के द्वारा बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई साथ ही देश के लिए बाबा साहब के द्वारा किया गए कार्य को याद किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के द्वारा बाबा साहब की आकर्षक पेंटिंग बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान विद्यालय की रिलेशनशिप मैनेजर प्रार्थना मिश्रा, शिक्षक, सहायक स्टाफ व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### विकास कार्यो का मुखिया ने किया निरीक्षण

केरेडारी । केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाण्डु में मनरेगा योजना से संचालित विकास कार्यों का मुखिया सकिबा खातून ने औचक निरीक्षण किया! पंचायत में संचालित योजनाओं का निरक्षण मुखिया सकीबा खातून, कनीय अभियंता दिलीप दास, बीएफटी राजीव कुमार की उपस्थिति में किया गया। मौके मुखिया सकीबा खातून, कनीय अभियंता दिलीप दास, बीएफडी राजीव कुमार, उपमुखिया प्रतिनिधी अनील राम, वार्ड सदस्य संजर रजा, मो. नोसद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### एनटीपीसी ने दिया 20 महिलाओं को प्रशिक्षण

केरेडारी। कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (खनन आईटीआई) में परियोजना प्रभावित 20 महिलाओं एवं युवतियों का औद्योगिक सिलाई प्रशिक्षण 12 अप्रैल को पूरा हुआ। इस कार्यक्रम के तहत आईटीआई बडकागांव में एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों/स्थानीय ग्रामीणों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण मिल रहा है। केरेडारी परियोजना के सिकरी कार्यालय के सभाकक्ष में महाप्रबंधक (केरेडारी) फैज तैय्यब नें कौशल विकास कार्यक्रम का उन्मुखीकरण सत्र से आरंभ किया था और कहा था कि परियोजना स्वावलंबन व स्व रोजगार को हमेशा से ही बढ़ावा देती है।इस अवसर पर परियोजना के अपर-महाप्रबंधक एस.पी. गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक आशिश कुल्लु, मुकेश चौधरी, एवं पकरी बरवाडीह परियोजना से कमलाराम रजक एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

### टाटीझरिया : खराब चापाकलों की हुई मरम्मत

**टाटीझरिया ।** बड़ा डहरभंगा में अर्जुन यादव के घर के सामने और टाटीझरिया में रंधीर सिंह के घर के समीप मुख्य सड़क से सटे दो चापाकल महीनों से खराब पडे हुए थे। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। खराब पडे चापाकल के कारण ग्रामीण और राहगीर इस गर्मी में पेयजल समस्या से जूझ रहे थे। चापाकल खराब की जानकारी टाटीझरिया निवासी राजू यादव ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई दिनेश एक्का को दिया। जेई ने कर्मचारी को भेजकर दो चापाकलों की मरम्मत कर चलने योग्य बनाया।

### मुखिया के प्रयास से जलापूर्ति पंप हुआ चालू

दारू। जिनगा पंचायत क्षेत्र के मेड़कुरी सिवाने नदी पूल पर स्तिथ जलापूर्ति हेतु पम्प फंड के कमी के कारण पिछले कई महीनों से बंद पड़ा हुआ था। इस जलापूर्ति टंकी से रामदेव खैरिका और जिनगा पंचायत के 1500 घरों में जल की आपूर्ति होती है।इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए रामदेव खैरिका की मुखिया झरना देवी और जिनगा मुखिया पिंकी देवी ने पम्प हाउस जाकर स्थिति का जायजा लिया और पम्प को चालू करवाया। इस बारे में मुखिया झरना देवी के समाजसेवी पुत्र प्रभात सिंह ने बताया कि इस जलापूर्ति पम्प को पहले पांच साल ठीकेदार के द्वारा चलाया गया जिसने कार्य मे काफी लापरवाही बरती उसके बाद दोनो पंचायत के तात्कालीन मुखिया के देखरेख में करीब डेढ़ साल तक चलाया गया।

### आईलेक्स पब्लिक स्कूल में बाल संसद गठित



**बरही।** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बाल संसद का गठन किया गया। निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि आज सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती है। डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पण के साथ की गई। फिर बाल संसद मे मनोनीत सदस्यों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार हीं विभाग सौंपे गए हैं। प्रत्येक विभाग में तीन शिक्षक को भी शामिल किया गया है जो समय समय पर बच्चों को निर्देश देते रहेंगे। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी सदस्यों को बधाई दी तथा उन्हें अपना काम पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करने की सलाह भी दी।

### अंबेडकर ने गरीबों का किया था उत्थान : साहू



बरही। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर बरही विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरूण साहू ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में शिक्षा के क्षेत्र में काफी कार्य किए हैं। उनका कहना था कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पिएगा वो दहाडेगा। इसी के साथ उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब ने दलितों को समानता दिलाने में काफी संघर्ष किया। बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन समाज के पिछडे.वर्ग के लोगों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। वे एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता थे। तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड प्रधान महासचिव बिसुनधारी महतो, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड प्रवक्ता छोटी राम, बरही मीडीया प्रभारी बबलू साहू, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष सह चंदवारा पश्चिमि मुखिया संतोष कुशवाहा, रामेश्वर दास, सुनील दास, अनिल दास, राजेश दास आदि अनेकों भीम आर्मी के लोग मौजूद थे।

### गौरियाकरमा में मनी अंबेडकर की जयंती

बरही। बरही प्रखंड के गौरियाकरमा में डॉ भीमराव अंबेडकर क्लब द्वारा अंबेडकर जयंती काफी हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया।बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग के अपर समाहर्ता राकेश रोशन एवं विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ नाजीर अख्तर, आईसीएआर डायरेक्टर डॉ विशालनाथ, जिला परिषद सदस्या मंजू देवी, मुखिया कुमारी मीरा, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रो जयप्रकाश रविदास, देवेंद्र रविदास कार्यपालक दंडाधिकारी, उप मुखिया प्रीति कुमारी, समाजसेवी दुलार प्रसाद यादव, शिक्षक सह लेखक डॉ सुनील कुमार यादव उपस्थित रहे। सभी मुख्य अतिथियों व विशिष्ट अतिथियों ने अंबेडकर के विचारधारा के विषय में चर्चा करते हुए उनके जीवनी एवं कार्यों को विस्तार से जानकारी दिया।मौके पर डॉ भीमराव अंबेडकर क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र राम, सचिव तुलसी कुमार दास, संतोष कुमार दास, संयोजक जयप्रकाश आनंद प्रोफेसर, संजय राम, विजय कुमार दास , उपाध्यक्ष महेश राम, उप सचिव हीरालाल कुमार दास, बिनोद कु दास, अरुण कु दास शिक्षक, मोनिका दास शिक्षक, आमुभा दास शिक्षक, संजीत कुमार दास,मुरली कुमार दास, किशुन कुमार दास,विजय कुमार दास, अजय कुमार दास, , अजय कु दास(पु), शिव कुमार दास, प्रीतम कुमार दास, बरुन कु दास, पंकज कुमार (पु), विजय कुमार दास, आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# टर्फ क्रिकेट पिच, स्टेज व प्रैक्टिस पिच का डीसी ने किया उद्घाटन

## खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय मानक की खेल सामग्री करायी गयी उपलब्ध, आधुनिक संसाधन का उपयोग करेंगे खिलाड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को उपायुक्त सुशांत गौरव, डीडीसी हेमंत सती अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता व नप अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने लाखों रुपए की लागत से नवनिर्मित राज्य स्तरीय टर्फ क्रिकेट पिच, तीन प्रैक्टिस नेट व विकेट के अलावा स्टेज का विधिवत फीता काटकर उदघाटन किया। इसके साथ ही 10 लाख रुपये से अधिक राशि की क्रिकेट खेल किट्स खिलाड़ियों सहित आमजनों को समर्पित किया। मौके पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि क्रिकेट के प्रति जज्बा रखने वाले अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें। संसाधन के अभाव में जो प्रैक्टिस नहीं कर पाते थे। अब वे नियमित रूप से प्रैक्टिस कर सकेंगे। क्रिकेट खेल किट्स का सभी इस्तेमाल करें। ग्राउंड में प्रैक्टिस करने के बाद उसे जमा करें। खिलाड़ियों में खेल की भावना बढ़नी चाहिए और खिलाड़ी जिला सहित राज्य का नाम रोशन करें। वहीं उपायुक्त ने क्रिकेट खेल किट्स का जायजा लिया और खिलाड़ियों सहित कमेटी के लोगों से विभिन्न बिंदुओं पर बातचीत की। उदघाटन के अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, उप विकास आयुक्त हेमंत कुमार सती, सदर एसडीओ रवि जैन, डीएसओ गुलाम समदानी, डीएसई वसीम अहमद, सीओ के के मुंडू सहित अन्य विभाग के अधिकारी और खेल से जुड़े कई लोग मौजूद थे। इससे पूर्व उपायुक्त ने स्टेडियम में नवनिर्मित राज्य स्तरीय क्रिकेट पिच सहित नेट प्रैक्टिस का भी जायजा लिया। साथ ही उन्होंने कई दिशा-निर्देश भी दिए। मौके पर गुमला डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी जितेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज चौधरी, लाल चंद्रशेखर नाथ शहदेव, आकाश आनंद ,भगवान दीक्षित, सुनील सिंह, राजीव सिंह, सौरभ कुमार अंकित, ज्ञान प्रकाश , राजीव रंजन, शशी रंजन, मनीष ठाकुर, राहुल कुमार, एकलव्य उरांव सहित गुमला डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के 50 से ज्यादा बच्चे उपस्थित थे।




टर्फ क्रिकेट पिच का उद्घाटन करते नप अध्यक्ष व खिलाड़ियों को संबोधित करते उपायुक्त।

**फैंसी मैच में नगर एकादश की टीम रही विजेता :** उदघटन कार्यक्रम के पश्चात प्रशासन एकादश और नागरिक एकादश के बीच फैंसी क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें नगर एकादश की टीम ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी प्रशासन एकादश की टीम ने सभी विकेट खोकर 153 रन पर सिमट गई। जिसमें उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने 20 रन की पारी खेली। बलजीत ने 28 रन की पारी खेली और विवेक सनी ने 36 रन की नाबाद पारी खेलते हुए टीम का स्कोर 153 तक पहुंचाया। नगर एकादश की तरफ से गेंदबाजी करते हुए लक्ष्मी कुमार साहू ने 4 ओवर में 25 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट झटके। आशीष कुमार ने 4 ओवर में 19 रन देकर दो विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी नगर एकादश की टीम ने 4 विकेट खोकर 16.4 ओवर में अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। नगर एकादश की तरफ से आयुष राज ने सर्वाधिक 43 रन की पारी खेली। आशीष ने 28 रन और सौरभ कुमार ने 21 रन की पारी खेली। जिला प्रशासन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अविनाश ने सर्वाधिक 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट झटके। हसनैन और राजन को एक-एक सफलता मिली। मौके पर विजेता, उप विजेता और मैन आफ दी मैच के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# परिस्थिति व तकलीफ से लोगों को हार नही मानना चाहिए: रविंद्र भगत



हॉकी खिलाड़ियों के साथ सीआरपीएफ के डीआइजी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के पुटो कार्तिक उरांव आदिवासी बाल विकास विद्यालय में शुक्रवार को सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत पहुंचे और हॉकी खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। इस क्रम में विद्यालय के बच्चे - बच्चियों के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत किया गया। मौके पर सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि परिस्थिति और तकलीफ से लोगों को हारना नहीं चाहिए। निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। बच्चे अगर आगे बढ़ने का मन में ठान लिया है तो सफलता जरूर मिलेगी। गांव के परिवेश में रहते हुए पढ़ाई में लापरवाही नहीं करना है। तभी आप आगे बढ़ेंगे।

हम भी किसान के बेटे हैं। काम करने के साथ-साथ पढ़ाई किये मेहनत की है। गरीबी अभिशाप नहीं है आप नौकरी के लिए तैयारी करें। आप भी अपना एक टारगेट फिक्स कीजिए क्या करना है।

रास्ते में कितने भी कांटे रोड़े पड़े उससे विचलित नहीं होना है रुकना नहीं है। वहीं विद्यालय में दसवीं पास करने वाले साइंस में बेहतर करने वाले छात्रों को आगे तक पढ़ाई का जिम्मा उठाने की बात कही।

# ज्ञानी व्यक्ति दुनिया की किसी भी बुलंदी को आसानी से हासिल कर सकता है : उपायुक्त

## पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन, 300 से अधिक विद्यार्थी एक साथ बैठक कर कर सकते हैं अध्ययन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड में जतरा टाना भगत के नाम से नवनिर्मित प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय को विशुनपुर प्रखंड वासियों को शुक्रवार को समर्पित किया गया। पुस्तकालय का विधिवत उदघाटन उपायुक्त सुशांत गौरव की उपस्थिति में टाना भगत समुदाय के सदस्य के द्वारा फीता काट कर किया गया। 300 सीटर इस पुस्तकालय में युवक एवं युवतियों के लिए अलग अलग रूम के साथ साथ ग्रुप डिस्कशन रूम, कंप्यूटर लैब जैसी सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। पुस्तकालय में सभी प्रतियोगी परीक्षा के लिए बेहतरीन पुस्तके एवं देश के महापुरषों के जीवनी पर आधारित पुस्तकों को भी शामिल किया गया है। इस दौरान पुस्तकालय के साथ साथ साइकिल शेड का भी उदघाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



पुस्तकालय का उद्घाटन करते टाना भगत परिवार का सदस्य व पदाधिकारी।

उपायुक्त ने कहा कि आज पुस्तकालय का नहीं पुस्तकालय के ढांचे का उदघाटन किया गया है। सही मायने में यह पुस्तकालय तब कहलाएगा जब इसमें बच्चे आकर पढ़ेंगे एवं पुस्तकों की सहायता से एक अच्छे इंसान एवं अच्छे पद पर जाएंगे। साथ ही पुस्तकालय का निर्माण करना सरकार की जिम्मेदारी थी। परंतु इसके निरंतर और लंबे समय तक संचालन स्थानीय लोगों की होगी। सरकार केवल सहायता कर सकती है। उन्होंने कहा कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती हर उम्र के लोग सीखने और पढ़ने के जज्बा को कायम रखते हुए हर रोज कुछ नया पढ़े और खुद को नए नए विषयों से प्रशिक्षित करें। उन्होंने कहा कि ये कभी न भूले कि नॉलेज इज पावर है। जिनके पास ज्ञान है वो दुनिया की किसी भी बुलंदी को आसानी से हासिल कर सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जयंती पर पुस्तकालय के उदघाटन करने का मुख्य उद्देश्य है कि बाबा अंबेडकर ने पढ़ाई को सबसे अधिक महत्व दिया। बहुत सारी कठिनाइयों के बावजूद भी उन्होंने खुद को प्रशिक्षित करने की ठानी एवं देश के संविधान को लिखने में उनकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा जून माह के अंत तक जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का उद्घाटन कर दिया जाएगा एवं अब हर प्रखंड में बच्चे पुस्तकालय का उपयोग करते हुए आगे बढ़ सकते है। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन, जिला शिक्षा अधीक्षक वसीम अहमद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ विशुनपुर के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### निकाली गयी भव्य कलश शोभायात्रा

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र के भौरों गांव में शुक्रवार को सात दिवसीय श्री पंच कुण्डात्मक शिवशक्ति रुद्र महा यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकली गई। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ भगवान महादेव का जयकारा लगाते हुए सभी कलश यात्री भौरों गांव के नजदीक पवित्र नदी से जल भरकर पूजा स्थल पहुंची जहां पहले से मौजूद पंडित व आचार्यों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सभी कलश को पूजा स्थल पर स्थापित किया गया।

### हत्याकांड में शामिल अभियुक्त गिरफ्तार

**जारी।** जारी पुलिस ने एजाज खान हत्याकांड प्राथमिक अभियुक्त जशपुर जिला के रातामाट्टी गांव निवासी नरेश राम टोप्पो उर्फ नारायण को गिरफ्तार कर लिया। एजाज खान हत्याकांड में पांच लोग शामिल थे। जिसमें एक अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार करके जेल भेजा दिया गया है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि फरार तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। जल्द ही तीनों आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। ज्ञात हो कि एजाज खान की हत्या बकरी चोरी के आरोपी में पीट पीटकर कर दी गई थी।

### दो दिवसीय कैथोलिक महिला संघ की आमसभा 22 से

**गुमला।** गुमला धर्मप्रांतीय काथलिक महिला संघ का दो दिवसीय वार्षिक आमसभा 22 अप्रैल से ममरला पल्ली में आहुत की गई है। जिसमें गुमला धर्मप्रांत के 8 भिखारिएट के 39 पल्लियों से काथलिक महिला सभा की महिलाएं भाग लेंगी। 22 अप्रैल को कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला धर्मप्रांत के प्रशासक लिनुस पिंगल एक्का के द्वारा संत पाता के झंडोतोलन से किया जाएगा। जिसके बाद वीजी फादर सिप्रियन्न कुल्लू के द्वारा वर्तमान संचार माध्यमो का समाज पर प्रभाव विषय पर वक्तव्य दिया जाएगा। दूसरे दिन प्रशासक फादर लिनुस के द्वारा पुरोहितों के साथ मिस्सा पूजा कराया जाएगा। यह जानकारी सभानेत्री फ्लोरा मिंज ने दी है।

### इफ्तार पार्टी का आयोजन, रोजेदार हुए शामिल

**रायडीह।** नवागढ़ पतराटोली जामा मस्जिद में पवित्र रमजान माह में रोजेदारो के लिए ईफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसकी मेजबानी प्रदेश भाजपा नेता सह नवागढ़ पतराटोली निवासी विनय कुमार लाल ने की। विनय कुमार लाल ने कहा हमारे पुर्वजो के द्वारा (बखरी) के माध्यम से प्रत्येक वर्ष रमजान के महीने मे गांव के रोजादारो के लिए ईफ्तार की व्यवस्था की जाती है।

### राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन 29 को

**लोहरदगा।** जिला राष्ट्रीय जनता दल की बैठक अध्यक्ष सुनील कुमार मेहता के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य विषय आगामी 29 अप्रैल को जिला जनता दल द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की गई है।बैठक में सुनील कुमार मेहता ने कहा की 29 अप्रैल को कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव एवं झारखंड सरकार श्रम मंत्री लोहरदगा जिला के प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता होंगे।

### ईश्वर की प्राप्ति मन की शुद्धि के बिना संभव नहीं : दिगंबर अवधेशानंद गिरी

**भंडरा।** ईश्वर की प्राप्ति मन की शुद्धि के बिना संभव नहीं है। संत की कोई जाति नहीं होती है। उक्त बातें भौरों मे आयोजित सात दिवसीय महायज्ञ मे श्री श्री 108 दिगंबर अवधेशानंद गिरी नागा बाबा ने कहा की कथा श्रवण से कष्ट दूर होते हैं। ईश्वर को पाने के लिए सिर्फ मंदिर में भटकने की जरूरत नहीं है। वो तो सभी जगह विराजमान हैं। कथा श्रवण से सत्कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। कलयुग में भगवान के कथा का श्रवण मात्र से मनुष्य को मुक्ति मिल जाती है। कर्म को सबसे बड़े धर्म की संज्ञा दी गई है। भगवान शंकर ने कर्म फल दायक को संरक्षित कर रखा।

### सरना स्थल पर पहान-पुजारों ने की पूजा

**रायडीह।** रायडीह प्रखण्ड के कोब्जा पंचायत में सरहुल पूजा समिति के द्वारा बाजार डाड़ में सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। सरना स्थल पर मंगा बैगा , तुंगा बैगा, पुजार पुन्नू पुजार, राधेश्याम सिंह के द्वारा विधिवत पूजा किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। उसके बाद बाहर से आये अतिथियो का स्वागत किया गया। वहीं विभिन्न गांवों से आये खोड़हा दल के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें 27 खोड़हा दल शामिल हुए।

### नेत्र जांच शिविर 16 अप्रैल को

**गुमला।** श्री सर्वेश्वरी समूह ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा के सौजन्य से गुमला जिला के सिसई प्रखंड के बिरकेरा गांव में अगामी 16 अप्रैल को निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बाहर से आये नेत्र विशेषज्ञ मरीजों की जांच करेंगे।

### बाबा साहब के जीवन से सीख की जरूरत : मनीर उरांव

**लोहरदगा।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 125 वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश नायक के नेतृत्व में समाहरणालय परिसर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

### अंबेडकर नगर में हुआ कार्यक्रम

**गुमला।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शुक्रवार को अंबेडकर नगर गुमला से भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में भीमराव अंबेडकर की जयघोष करते लोग नजर आये। जुलूस अंबेडकर नगर से आरंभ होकर बाजार टांड, सिसई रोड, टावर चौक, मेन रोड, महावीर चौक, जशपुर रोड होते हुए अलबर्ट एक्का स्टेडियम परिसर पहुंचा।

### बाबा साहब की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने संविधान निमार्ता और मानवाधिकार आंदोलन के प्रकांड विद्वान बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132 वां जयंती मनाया गया। इस अवसर पर जिले के कांग्रेसी अलर्ब्ट एक्का स्टेडियम स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# अपराध गोष्ठी का आयोजन, पुलिस पदाधिकारियों को कई निर्देश

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 पुलिस कर्मी व पदाधिकारी सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस लाइन चंदाली में अपराध गोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें गुमला,बसिया व चैनपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारी शामिल हुए। अपराध गोष्ठी में लंबित कांड, वारंट, कुर्की का निष्पादन करने, नक्सल अभियान तेज करने तथा विधि व्यवस्था संधारण में उत्पन्न होने वाली कठिनाईयों तथा अवैध खनन पर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह पर क्यूआर कोड लगाया गया है। संबंधित पदाधिकारी को निर्धारित नियमानुसार क्षेत्र में निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया।



रायडीह थाना प्रभारी को सम्मानित करते एसपी।

डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न, नशापान, नशीली मादक पदार्थ के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने एवं हत्या, बलात्कार व आप्रकृतिक मृत्यु के मामलों में त्वरित गति से अनुसंधान करने का निर्देश देते हुए एसपी ने आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। 15 अप्रैल को उग्रवादी संगठन द्वारा किये गये झारखण्ड बंद के दौरान सतर्कता हेतु सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

थाना क्षेत्र में एंटी वाहन चेकिंग चलाने एवं थाना क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया।

विगत 05 वर्षो से जेल से जमानत पर मुक्त हुए अपराधकर्मियों, उग्रवादी व उनके समर्थकों का सत्यापन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। वहीं अनुसंधान, विशेष छापामारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

# बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलने की ली गयी प्रतिज्ञा, निकाला गया भव्य जुलूस, लगे जयघोष

## विद्यालय में मनायी गयी बाबा साहब की जयंती



बच्चों को बाबा साहब के बारे में बताते अतिथि।

**लोहरदगा।** शहर के महादेव आश्रम पथ पर स्थित सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में शुक्रवार को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सह समाजसेवी बलबीर देव उपस्थित होकर बच्चों के बीच डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवनी तथा संघर्ष के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब विपरीत परिस्थिति में अपने प्रेरणा से अपनी इच्छाशक्ति से दलितों के हित में अनेकों कार्य किया। साथ ही साथ विद्यालय के उप प्राचार्य अभिनव भारती ने बताया कि बाबा साहेब की पढ़ाई में उन्हें अनेकों बाधा का सामना करना पड़ा।

## सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में समारोहपूर्वक जयंती मनायी गयी



संबोधित करते अतिथि।

**कैरो/लोहरदगा।** बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रखंड के सरकार एवं गैर सरकारी संस्थानों में समारोह पूर्वक जयंती मनाई गई। कैरो स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के साथ -साथ मुख्य रूप से अम्बेडर जयंती समिति हरिजन मुहल्ला कैरो के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के समीप समारोह पूर्वक जयंती मनाई गई।इस अवसर पर सर्वप्रथम बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर अतिथियों एवं गण्यमान्यों लोगो के द्वारा माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित व दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ की गई साथ ही साथ बाबा साहेब की विशाल प्रतिमा स्थापित करने को लेकर फीता काट कर व भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया।

## पीडीजे, डीसी, एसपी सहित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय मैदान में जिला प्रशासन एससी, एसटी, पिछड़ा जाति पदाधिकारी एवं कर्मचारी संघ और अम्बेडकर विचार परिषद लोहरदगा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर समाहरणालय परिसर के समीप अवस्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

### भाजयुमो ने किया माल्यार्पण

**लोहरदगा।** जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री बाल्मीकि कुमार के नेतृत्व में युवाओं ने डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### कई कार्यक्रम आयोजित

**भंडरा।** प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव में डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मारक समिति के बैनर तले शुक्रवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती के मौके पर प्रभातफेरी, माल्यार्पण सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी रंजीत लकड़ा, मुखिया ममता कुमारी, मसमानो पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव, अंजुमन इस्लामियां के सदर मुनिफ अंसारी शामिल हुए।

### आजसू कार्यकर्ताओं ने मनायी अंबेडकर जयंती

**भंडरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आजसू कार्यकर्ताओ ने अम्बेडकर जयंती मनाई। अध्यक्ष भरत राम की अध्यक्षता मे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### तीन यूनिट ब्लड डोनेट किया गया

**लोहरदगा।** संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय स्तिथ मैदान के समीप जय श्रीराम समिति के द्वारा माल्यार्पण किया गया। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह अजय सोनी जिला अध्यक्ष राजीव रंजन महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान महामंत्री अजय साहू कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे ।

## प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि




बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उपायुक्त व नमन करते जिला प्रशासन के अधिकारी।

**गुमला।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में उपायुक्त श्री सुशांत गौरव व एसपी ऐहतेशाम वकारिव ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। साथ ही जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों ने शुक्रवार की सुबह-सुबह अंबेडकर स्मारक पहुंचकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर उपायुक्त ने बाबा साहब के योगदान को रेखांकित करते हुए जिले के युवाओं से उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उपायुक्त ने कहा कि बाबा साहब का विचार था कि शिक्षा के बलबूते ही इंसान अपना, अपने समाज व अपने देश का उत्थान कर सकता है। इसलिए युवाओं को अपनी शिक्षा के प्रति सर्वाधिक जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन भी जिले के युवाओं में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने तथा उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु जिलेभर में पुस्तकालयों के निर्माण की श्रृंखला शुरू कर चुका है।

## स्पीड न्यूज

### अपहरणकर्ता युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गिद्धौर।** थाना के अंतर्गत ब्रहमपुर मोड़ के समीप अपहरणकर्ता युवक चंदन कुमार पिता प्रीतम दास गांव सिंमपुर थाना चौपारण के युवक को गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के आदेशानुसार टिंकवानंद भगत द्वारा गिरफ्तार किया गया। बता दें कि लड़की के माता आवेदन देकर इसकी शिकायत थाना में लिखित आवेदन के द्वारा किया था। जिसका थाना कांड संख्या 30/23 में मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा गया है।

### पनशाला का उद्घाटन

**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के तत्वावधान में अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में शहर के चिनियां रोड स्थित उनके आवास के बाहर पनशाला का उद्घाटन किया गया। मौके पर उमेश कश्यप ने कहा कि कसौधन समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष पनशाला का उद्घाटन किया जाता है।

### डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर विधायक ने किया माल्यार्पण

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर में डॉ भीम राव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर सिमरिया विधायक किशुन दास पिंडारकोण गावं पहुंचे। उन्होंने भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुरूआत किया तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। और लोगों को इनके द्वारा बताए गए मार्गदर्शन पर चलने की बातों का उल्लेख किया गया।

### 24 से तीन दिवसीय टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**इटखोरी।** जय माता दी क्रिकेट क्लब इटखोरी के तत्वावधान में तीन दिवसीय नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन 24 अप्रैल से किया जाएगा। यह जानकारी आयोजनकर्त्ता गोल्डन आलम ने दी।

### रविदास कमेटी ने मनायी बाबा साहेब की जयंती

**गढ़वा।** संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविदास कमेटी गढ़वा के तत्वावधान में दानरो नदी तट स्थित टेम्पू स्टैंड में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**गढ़वा।** संविधान निर्माता श्रद्धेय डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में सहिजना मोड़ एवं टैक्सी स्टैंड में स्थापित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

### धुरकी में मनायी गयी संविधान निर्माता की जयंती

**धुरकी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव में भारत रत्न से सम्मानित संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रखंड के रक्सी, टाटीदीरी, पंघटवा, भंडार, खाला, खुटिया सहित अन्य गांवों में धूमधाम से डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

### बरसोतियाबर में मनायी अंबेडकर जयंती

**कोडरमा।** बरसोतियाबर अंबेडकर समारोह समिति के द्वारा शुक्रवार को भीमराव अंबेडकर के 132 वें जयंती मनाया गया। जहां सर्वप्रथम समिति के सदस्यों के द्वारा शोभा यात्रा निकाला गया, जो कोडरमा बाजार होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर जाकर खत्म हुई। तत्पश्चात पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने दीप प्रज्वलित व भीमराव अंबेडकर की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

### अंबेडकर नवयुवक समिति जलवाबाद ने मनायी भीमराव अंबेडकर जयंती

**कोडरमा।** नगर पंचायत स्थित जलवाबाद वार्ड नं 6 रविदास टोला अंबेडकर नवयुवक समिति के द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी के द्वारा बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर बालेश्वर राम, कैलाश दास, बासो दास, विजय दास, तुलसी दास, सुरेश दास, शंकर सिंह, विनोद दास, रोहित दास, संजय दास व अन्य लोग उपस्थित थे।

# मंजुला अकादमी का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

## झारखंड की गरीबी को बेहतर शिक्षा से ही दूर किया जा सकता है : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी का स्थापना दिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे, जबकि विषिष्ठ अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता मौजूद रही। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के संस्थापक कुरेश प्रसाद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कामिनी देवी, जिप सदस्य शांति प्रिया, भाजपा नेता रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह, देवेंद्र मेहता, आदि मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत शल व बुके भेंट कर किया गया। वहीं सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने स्व मंजुला शर्मा की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं इस दौरान बच्चों ने गीत-नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कई ऐसे प्राइवेट स्कूल हैं, जिसमें फीस बहुत अधिक है और वैसे स्कूलों में सरकार द्वारा एक फीस तय होनी चाहिए ताकि गरीब के बच्चे भी उन स्कूलों में पढ़ सके। साथ ही स्कूलों में 25 प्रतिशत गरीब वर्ग के बच्चे की पढ़ाई मुफ्त हो, साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड को शिक्षा का हब बनाने के लिए सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्कूलों की स्थापना की जानी चाहिए और साथ ही जो स्कूल स्थापित हैं उन्हें और भी बेहतर करने की जरूरत है, क्योंकि झारखंड की गरीबी को बेहतर शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से ही दूर किया जा सकता है। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से झारखंड में जमीन का जाली दस्तावेज जमीन माफियाओं व कई सरकारी अफसरों के घर मिल रहे हैं, इसकी जब और भी गहनता से जांच होगी तो कई सरकारी अफसर और सत्ता में बैठे बड़े-बड़े द्विज नेता का पर्दाफाश होगा। वहीं उन्होंने बताया कि जांच के दौरान रांची में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की अवैध तरीके से जमीन खरीद बिक्री का घोटाला का खुलासा हो सकता है। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि किसी भी विद्यालय द्वारा मंच पर जब बच्चों की प्रतिभा को दिखाया जाता है, तो वह उस विद्यालय का आईना होता है। साथ ही बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। जिस प्रकार एक कुम्हार मिट्टी को विभिन्न आकार देता है, उसी प्रकार बच्चे भी मिट्टी के समान हैं, जिसे आप जिस रूप में ढालेंगे वह उसी रूप में निखर कर सामने आएंगे। वहीं संस्थापक कुरेश शर्मा ने कहा कि विद्यालय को बाबूलाल मरांडी ने 2008 में विंग्स अकादमी के रूप में एक पौधे के रूप लगाया था जो आज एक वृक्ष बन गया है। जिस प्रकार वृक्ष फल, फूल और छाया देता है उसी प्रकार हम बच्चों को विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ उनकी नैतिक जिम्मेवारियों, व्यवहार, आदि को सिखाने का कार्य करते हैं। हमने शिक्षा को व्यवसाय नही, बल्कि सेवा के रूप में देखा है। आज दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जा चुकी है। हमारे हिंदुस्तान को वैश्विक स्तर पर चलने की जरूरत है। आज नई शिक्षा नीति भी भ्रम की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि आज हिंदुस्तान की राजनीति में जात-पात और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जाति के नाम पर वोट की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को चाहिए कि जो भी पार्टी या जो भी व्यक्ति विशेष जाति की राजनीति करे, उसे डिबार कर दें। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक पंकज पांडेय ने किया। मौके पर शांति प्रिया, बसंत मेहता, अंगलाल राम, बेदु साव, अशोक उपाध्याय, अनूप जोशी, महेंद्र यादव, कामाख्या नारायण सिंह, परिमल सिंह, अम्बिका सिंह, शिवलाल सिंह, विजय यादव, प्रोफेसर हिमांशु कुमार, प्रबंधक रजनीश शर्मा, प्रशासक रामप्रवेश पांडेय, शिव कुमार, प्रीति चौधरी, राकेश कुमार, पंकज पांडेय, अलख सिंह, रीता कुमारी, कुमुदिनी लकड़ा, अंकिता कुमारी, अमिता कुमारी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### चालक व उपचालक को अगवा कर चोकर लदा ट्रक लेकर भागा बदमाश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** बिहार के रोहतास जिला के डेहरी थाना क्षेत्र के ताराचंडी मंदिर के समीप गुरूवार की रात अज्ञात लुटेरों ने चोकर लदा ट्रक लेकर चंपत हो गए। ट्रक चतरा शहर के लाइन मोहल्ला पनसलवा निवासी डोमन साहु का है। वही चालक व उपचालक को सड़क किनारे पर स्थित पेड़ में बांध दिया। इतना ही नही दोनों के पास से मोबाइल व पैसे भी ले लिए। सुबह दोनो किसी तरह से बंधनमुक्त होने के बाद इसकी जानकारी वाहन मालिक को दी। वाहन मालिक ने बताया कि उसका ट्रक जिसका नंबर जेएच 13बी 8304 बनारस से चोकर लेकर इटखोरी के लिए वाहन रवाना हुआ था। वहां से चोकर लादकर चालक इटखोरी आ रहा था। ताराचंडी से दो किलो मीटर आगे पहले से घात लगाए लुटेरों ने हथियार का भय दिखाकर वाहन को रोक लिया।

### दलित शोषण मुक्ति मंच ने डॉ. अंबेडकर की 132वीं जयंती मनायी

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर जिले में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के समीप अम्बेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतीमा पर माल्यार्पण किया गया। जहां बाबा साहेब अमर रहे, भारत का संविधान जिन्दाबाद, संविधान व लोकतंत्र पर हमला बंद करो, धर्मनिरपेक्ष भारत की रक्षा करो आदि गगनभेदी नारे लगाए जा रहे थे। जहां सभी लोगों ने बाबा साहेब की मुर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### बेकोबार में 97 लाख की लागत से सड़क का डॉ नीरा यादव ने किया शिलान्यास

## विकास कार्य प्राथमिकता के साथ रहेगा जारी : डॉ नीरा



**कोडरमा।** शुक्रवार को कोडरमा प्रखंड अंतर्गत बेकोबार में ग्रामीण कार्य विभाग कोडरमा द्वारा विधायक डॉ.नीरा यादव द्वारा अनुशंसित टीचर ट्रेनिंग कलेज बेकोबार से ढोंगो पहाड़ी होते हुए बेलगढ़ा तक पथ लागत लगभग संतांबे लाख का शिलान्यास कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव के द्वारा किया गया। वहीं विधायक ने नारियल फोड़, फीता काट कर एवं विधि विधान से पूजन अर्चना के साथ शिलान्यास किया।

## उठनी थी बेटी की डोली, उठी पिता की अर्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के करमडीह गांव के ठाकुर टोला निवासी स्व. शिव शंकर ठाकुर के लगभग 40 वर्षीय पुत्र उपेंद्र ठाकुर की मौत 13 अप्रैल को वाराणसी के टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल में हो गई। जिसका शव गुरुवार को ही देर रात गांव लाया गया, शव आते ही घर के परिजनों एवं आसपास के लोगों के द्वारा क्रंदन से कोहराम मच गया। परिवारिक सूत्रों के अनुसार 12 अप्रैल की रात्रि में उपेंद्र ठाकुर की अचानक तबीयत खराब हुई। जिसे आनन-फानन में वाराणसी टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल में ले जाया गया। जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने कैंसर के साथ-साथ लिवर में पानी भरना, ब्लड शुगर हाई होने, किडनी में इन्फेक्शन सहित अन्य रोग से ग्रसित बताया। वहीं अत्यंत गरीबी के कारण लोग इार इलाज के लिए चंदा कर ही रहे थे कि 13 अप्रैल को उनकी मौत हो गई। शव का अंतिम संस्कार शुक्रवार को मझिआंव कोयल नदी के तट पर किया गया। मृतक के तीन पुत्री, एक पुत्र एवं पत्नी सीमा देवी के सामने दो जून की रोटी के लाले पड़ गए हैं। उपेंद्र गांव में घूम घूम कर बाल-दाढ़ी बना कर अपने परिवारों का भरण पोषण करता था, तथा उसकी बड़ी पुत्री जो इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा दी है उसकी शादी भी तय हो चुकी थी, जिसका तिलक 30 अप्रैल को थी तथा 2 मई को शादी होनी थी, परंतु भगवान को कुछ और ही मंजूर था। उपेंद्र ने मन में अपनी बेटी की डोली उठाने की लालसा लिए उस जगह पर उसका अर्थी उठ गई। मौके पर सुनील चौहान, ब्रजेश पांडेय, अनुज पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह, मानिक ठाकुर, रामप्रसाद ठाकुर, अरविंद कुमार ठाकुर, रोश्याम ठाकुर, उमेश चंद्र ठाकुर, अरुण ठाकुर, लालदेव ठाकुर, अशोक ठाकुर, राकेश ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।



मृतक की फाइल फोटो ।

### मृतक की पत्नी को मिलेगा सभी सरकारी लाभ : बीडीओ

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाकिारी नितेश भास्कर ने बताया कि यह काफी दुःखद घटना है। मृतक के परिजनों की इस दुःखुद घड़ी में भगवान साहस दें। मृतक की पत्नी को विावा पेंशन, अंबेडकर आवास एवं मृतक के लड़की को कन्यादान लाभ योजना, सावित्रीबाई फुले लाभ योजना सहित अन्य सभी सरकारी लाभ दिलाने की बात कही।

### प्रखंड में धूमधाम से मना बाबा साहेब का जन्म दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** शुक्रवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अलग-अलग पंचायतों समेत प्रखंडों मे बाबा साहब की झांकियां निकाली गई। जिसमें लोगों ने शामिल होकर बाबासाहेब की नीतियों पर चलने का संकल्प दोहराया। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माला अर्पण का कार्यक्रम भी चला। कार्यक्रम में दलित समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू और पंचायत समिति प्रतिनिधि अर्जुन कुमार कार्यक्रम में शिरकत हुए और कुंदा प्रखंड में अंबेडकर चौक के समीप डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा ऊपर बारी बारी से माला अर्पण कर बाबा साहेब के अनमोल विचारों पर मनोज कुमार साहू ने प्रकाश डालते हुए कहा बाबासाहेब हमारे देश के संविधान को रचयिता है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर डीसी ने किया माल्यार्पण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जिले के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत जिले के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर नमन किया। उपायुक्त ने जिलेवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामना दी।

## भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत माधोपुर में शुक्रवार को द अम्बेडकर क्लब के द्वारा बाबा साहब के 132वां जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन पर मुख्य अतिथि जिप सदस्य नीतू कुमारी, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, बीडीओ बैद्यनाथ उरांव, थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, सेवानिर्वित शिक्षक जगदीश राम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। उसके बाद दीपाली रंजन एवं खुश्बू कुमारी के द्वारा स्वागत गान गाकर तथा क्लब के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र देकर एवं माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित कर आनंद कुमार साह ने बताया कि बाबा साहब जिस विकट एवं मुश्किल परिस्थितियों में उच्च तालीम हासिलकर लंदन में बैरिस्टर बने एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए संविधान का निर्माण किये और आज उसी संविधान के कारण हमलोगों को बोलने, चलने, अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने की आजादी प्रदान किये वो किसी और नही बल्कि बाबा साहब का देन है।

## धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि : संजय



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर कोडरमा प्रखंड के लोकाई पंचायत के अंतर्गत बसधरवा में अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम ने बर्थ-डे केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत किया।

### आदर्श +2 उच्च विद्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी




**कोडरमा।** आदर्श+2 उच्च विद्यालय मधवाटांड में डॉ.भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती मनाई गई। वहीं प्राचार्य पुनीत यादव ने डॉ. अंबेडकर साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया। भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबासाहेब की जीवनी को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा की बाबासाहेब ने अपने जीवन में (व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक) चाल चरित्र को महत्व दिया है।

### आई स्कूल कोडरमा में बाबा साहेब की जयंती मनी

**कोडरमा।** सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आई स्कूल में शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय की निदेशक मधु कुमारी, एडमिन श्रुति राय, टीचर सपना और ज्योति ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि भारत का संविधान दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है।

### अंबेडकर जयंती पर मंत्री ने किया बाबासाहेब को नमन

## हम देश और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में महान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर मंत्री ने उन्हें नमन किया। इसके बाद शहर के सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर मंत्री ने माल्यार्पण किया। साथ ही अंबेडकर जयंती के मौके पर जिलेभर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।



बाबा साहब को माल्यार्पण करते मंत्री।

### बीआर इंटरनेशनल में बाबा साहेब के बताये रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक ओपी राय, उपप्राचार्य नवलकिशोर, विद्यालय प्रशासक सुनील कुमार एवं उपस्थित सभी शिक्षकों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। साथ ही साथ विद्यालय के सभी बच्चों ने भी बाबा साहब अंबेडकर की चित्र पर पुष्प चढ़ाया।

### जीएस पब्लिक स्कूल में मनायी गयी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जीएस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई और उन्हें याद कर उनके विचारों पर चलने का सभी ने शपथ लिया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उप-निदेशक नीरज सिंह व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

### भाजपाइयों ने मनायी बाबा भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती



माल्यार्पण करते भाजपा नेता

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद की अध्यक्षता में संविधान निर्माता भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर पार्टी कार्यालय में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात कल मोड़ दलित बस्ती के पास स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा गढ़वा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने किया।

### राज इंटरनेशनल स्कूल में मनी अंबेडकर की जयंती

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में भारतीय संविधान के जनक बाबा भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती बड़े धूमधाम ने मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक रामलखन सिंह एवं निदेशिका सम्पा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

### डॉ. अंबेडकर की 132वीं जयंती मनी

**रमना।** अंबेडकर क्लब सिलीदाग के तत्वावधान में राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 स्कूल के प्रांगण में संविधान निर्णता डा भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप अध्यक्ष शांति देवी, मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी दिलीप कुमार, अजय वर्मा, तुलसी सिंह, खरवार, रामचन्द्र राम एवं दिलीप कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

## निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के तमाम इलाकों में संविाान के रचयिता बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं एवं शिक्षा के जनक कहे जाने वाले ज्योतिबा राव फुले की संयुक्त रूप से जयंती मनाई गई। इसी प्रकार मझिआंव में भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष ललित राम के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा प्रखंड कार्यालय के समीप से चलकर लोहरपुरवा मोड़, बाईपास सड़क, पुराना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्य बाजार से होते हुए ब्लॉक रोड प्रखंड कार्यालय के समीप तीन मुहान पर स्थित संविधान के रचयिता बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण की गई।

## स्पीड न्यूज

### टेंपो-बाइक की टक्कर में महिला घायल

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के फुलसु रोड़ स्थित गैस गोदाम के समिप शुक्रवार को टेम्पु के धक्के से बाईक सवार युवक गीर कर गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार बालुभांग पंचायत के श्रीसमात ग्राम निवासी नेमा गंझु के 19 वर्षीय पुत्र नंदकिशोर गंझु बैंक से पैसा निकासी करने के लिए बाईक से बारियातू आया हुआ था।

### जंगली जानवर के हमले में मां-बेटा घायल

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत के चपरी निवासी जामुना प्रजापति के पत्नी व पुत्र को महुआ चुनने के दौरान जंगली जानवर हमला कर दिया जिससे अनिता देवी व पुत्र दोनों घायल हो गये। घायलों को परिजनों के सहयोग से सीएचसी बालूमाथ ले जाया गया जिन्हें उपचार किया गया।

### दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के हवाले

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव मे बालूमाथ के धाधु के युवक ने 6 महीने तक 14 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों ने आरोपी युवक शाहरूख खान को पकड़ लिया व आक्रोशित लोगों ने धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद पुलिस आरोपी को कब्जे में लेकर प्राथमिक उपचार कराया। बताया जाता है कि आरोपी युवक नाबालिग के साथ डरा धमकाकर 6 महीने से दुष्कर्म कर रहा था। डर के कारण पीड़ित नाबालिग लड़की किसी को बता नहीं पा रही थी।

### महुआडांड़ में मनी डॉ अंबेडकर जयंती



**महुआडांड़।** प्रखंड में शुक्रवार को भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की 123वीं जयंती पुरे धूमधाम के साथ मनाई गई। अनुमंडल कार्यालय सभागार में एसडीएम नीत निखिल सुरीन के नेतृत्व में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों ने बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। वहीं जन जातीय आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में विद्यालय परिवार ने भारतरत्न, विश्वरत्न, वोधिसत्व बाबा साहेब के 132वीं जयंती को जन्मोत्सव रूप में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। उनके व्यक्तितत्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए, छात्रावास के बच्चो को एक आदर्श विद्यार्थी के मापदंड, गुणों का ग्रहण का व्रत, प्रतिज्ञा एवं संकल्प दिलाया गया, तत्पश्चात महामानव डॉ. भीमराव अंबेडकर से संवंधित-भाषण, गीत-गायन, प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया। मौके पर एसडीएम नीत निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो इफ्तेखार अहमद, कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजुर, आमीर सुहैल, मो नसीम अंसारी मौजूद थे।

### पारा 40 के पार, पानी के लिए हाहाकार



**बेतला।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार भले ही गर्मी के दिनों में लोगों को पानी की सुविधा बहाल करने के लाख दावे एवं कोशिश कर ले लेकिन पंचायत के मुखिया एवं पीएचडी विभाग के लापरवाह अधिकारी के कारण लोगों को इस भीषण गर्मी में भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। उन्हें पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरवाडीह प्रखंड के पोखरी कला पंचायत अंतर्गत पोखरी बाजार में लगे सोलर जल मीनार कई माह से खराब पड़ा हैं। लेकिन इसके शुद्ध ना तो प्रखंड प्रशासन ले रही है और न ही पंचायत के मुखिया, इन लोगों की अनदेखी के कारण आसपास के दर्जनों दुकानदारों स्कूली छात्र-छात्राएं समेत ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में राज्य सरकार और जिला प्रशासन के लाख कोशिशों एव दावे जो गर्मी के दिनों में समुचित पानी की व्यवस्था करने के लिए कटिबद्ध है, वह खोखला साबित नजर आ रहा है, बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में ऐसे दर्जनों पीएचडी विभाग से बनाये गये सोलर जल मीनार खराब है। लेकिन इसकी सुध न तो प्रखंड प्रशासन ले रही है। बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में खराब पड़ी जलमीनार को मुखिया से सूची मंगाकर जल्द ही दुरुस्त करा दिया जायेगा, ताकि लोगों को भीषण गर्मी में जलसंकट न हो।

### बालूमाथ में मनी डॉ अंबेडकर की जयंती



**बालूमाथ।** बालूमाथ में डॉ भीमराव अंबेडकर 132वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम का आयोजन कर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत रजवार ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी, प्रखंड प्रमुख ममता देवी,प्रखंड उप-प्रमुख कामेश्वर राम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उन्हें नमन किया गया। वहीं उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर गरीब,दलित और पिछड़े समाज के मसीहा थे। वहीं बालूमाथ भाजपा कार्यालय में मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। मौके पर भाजपा नेता संजय गुप्ता, त्रिवेणी साहू, संजय यादव अमित कुमार, सूरज शाह, पंकज सिन्हा बसंत कुशवाहा सहित कई भाजपाई उपस्थित रहे। वहीं बालूमाथ के हरिजन टोला में अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ भीमराव के अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर केक काटा गया। मौके पर राजद नेता सुरेश राम, मनोज यादव, प्रितलाल यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, श्याम सुंदर यादव बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, राम कुमार राम, शिवनाथ कुमार, राजू गंझू, डॉ सुरेश राम, अमित कुमार, उमेश ठाकुर, संजय राम सहित कई लोग उपस्थित थे। इसके अलावा बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में भी अंबेडकर जयंती मनायी गयी।

# लातेहार में पुलिस को सफलता नक्सली हथियार व गोली बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार/सरयू।** लातेहार जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सीआरपीएफ 214 वाहिनी और जिला पुलिस को एक बार फिर सफलता हाथ लगी है। सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के निर्देश पर उप कमांडेंट संदीप कुमार शर्मा, जी कंपनी के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में जिले के गारू प्रखंड के अंतर्गत साल्वे जंगल में सर्च अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान साल्वे के घने जंगल में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य नक्सलियों के द्वारा गड्ढे में छिपाकर रखे गए हथियार और गोली समेत अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है। बरामद हथियारों में एक देशी रायफल, 2 देसी कट्टा, वॉकी टॉकी सेट, 7.62 एम एम का 10 गोली, 5.56 एम एम का 30 गोली, 7.62.39 एमएम का 1 गोली 5.56 एम एम का इंसास का 1 एलएमजी मैगजीन समेत आई ईडी बनाने का सामग्री नट बोल्ट व डाटा केबल बरामद हुई है। इस अभियान में सीआरपीएफ 214 बटालियन के उप कमांडेंट संदीप कुमार शर्मा, जी कंपनी के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र कुमार, जिला पुलिस व बटालियन के जवान मौजूद थे।

# बाबा साहेब संविधान निर्माता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद व समाज सुधारक थे : रामचंद्र सिंह

■ बरवाडीह में धूमधाम से मनायी गयी संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में समाजिक न्याय के प्रणेता, भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनायी गयी। इस दौरान राजनीतिक पार्टियों से लेकर सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी। मौके पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बस स्टैंड पर स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक।

### आज हम शिक्षित हैं, ये बाबा साहेब की देन : विधायक

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि बाबा साहेब संविधान निर्माता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद व समाज सुधारक भी थे। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब का सबसे महत्वपूर्ण एवं योगदान भारत की शिक्षा पर थी यदि आज हम शिक्षित हैं, तो निश्चित ही हमारा विकास होगा अतः आप सभी से हमारा यही संदेश है कि आप लोग जिस क्षेत्र में रहें निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों को करते रहें तथा आसपास के लोगों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक करें। वहीं कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम ने किया। इसके पूर्व विधायक समेत अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, जेएमएम नेता सह बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, जिप सदस्य संतोषी कुमारी, मुखिया जितेंद्र सिंह, समाजसेवी शिवानंद तिवारी, वरिष्ठ नेता अवधेश मेहरा, शिक्षक ननदेव राम, केदार सिंह, रंजित कु. राजू, कामेश्वर सिंह, बलराम सिंह, सुरेश मिश्रा, नजाम खान, दिलेश्वर राम, श्रीराम, कमलेश राम, दीपक बादशाह, असलम अंसारी, नंदकिशोर राय, बिरजू राम, रविंद्र राम, अजीत गुप्ता, सुजीत गुप्ता, राजदीप रिकी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव और डीएन राम समेत सैकड़ों अंबेडकर प्रेमी मौजूद थे।

# उपायुक्त भोर सिंह यादव ने किया बाबा साहेब को नमन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर चंदनडीह स्थित चिल्ड्रेन पार्क में शुक्रवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं मौके पर एसडीएम शेखर कुमार, डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक विंदेश्वरी ततमा, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लांग, बीडीओ मेघनाथ उरांव समेत कई पदाधिकारियों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।



माल्यार्पण करते उपायुक्त भोर सिंह यादव।

उपायुक्त श्री यादव ने कहा की बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे।

उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। एक बार उन्होंने कहा था कि किसी भी समाज का उत्थान उस समाज में शिक्षा की प्रगति पर निर्भर करता है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि भारत के संविधान निर्माण में डॉ भीमराव अंबेडकर की अहम भूमिका थी। वे उच्च कोटि के विधिवेत्ता एवं महान समाज सुधारक थे। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

# बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बसपा ने मनायी अंबेडकर जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बहुजन समाज पार्टी जिला अध्यक्ष मुंगेश्वर राम की अध्यक्षता में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132 जयंती मनाई गई। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा पार्टी के जिला अध्यक्ष मुंगेश्वर राम ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, राजनेता समाज सुधारक और न्यायविद थे।

जिन्होंने भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। डॉ बीआर अंबेडकर को भारतीय संविधान के पिता के रूप में जाना जाता है। डॉ अंबेडकर महिलाओं के अधिकारों



माल्यार्पण करते बसपा पार्टी के लोग।

के भी प्रबल पक्षधर थे और उनका मानना था कि भारत की प्रगति के लिए लैंगिक समानता आवश्यक। उन्होंने अपना पूरा जीवन अछूतों, महिलाओं और मजदूरों की भलाई के लिए न्यौछावर कर दिया। मौके पर बसपा प्रखंड प्रभारी, बसपा सदस्य, आदिवासी लोहरा समाज के जिलाध्यक्ष मोहन लोहरा, सौतन राम, प्रकाश राम, अमरेश राम, शुकुलदेव कुमार रवि, उगणेश लाकड़ा, सोनिया देवी, सुगंती देवी, अनुप्रिया कुमारी, कमलेश राम, धनंजय कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सरईडीह के चंदन का किया गया अंतिम संस्कार

■ रायपुर में शनिवार को सड़क दुर्घटना में हुआ था गंभीर रूप से घायल

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत अंतर्गत सरईडीह के कमलेश प्रजापति के बड़े पुत्र की छत्तीसगढ़ रायपुर में हुई सड़क हादसे में घायल चंदन कुमार (26) की मौत बीते गुरुवार को ईलाज कराने के दौरान अस्पताल में ही हो गयी। बाद में परिजनों ने चंदन के शव को घर ग्राम सरईडीह लाकर शुक्रवार को दाह संस्कार किया। मृतक की शव यात्रा में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, केचकी पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह समेत कई लोग शामिल हुए। बताते चलें कि शनिवार को देर शाम दोपहिया वाहन से जाने के दौरान सड़क दुर्घटना हो गई थी।

# संविधान निर्माता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद और समाजसुधारक थे डॉ भीमराव अंबेडकर : प्रकाश राम

■ चंदवा में भाजपा समेत कई संगठनों ने मनायी बाबा साहब की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा में शुक्रवार को संविधान के जनक भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। इस मौके पर भाजपा समेत कई सामाजिक संगठनों ने कार्यक्रम किया। भाजपा के द्वारा मंडल के अध्यक्ष अमित कुमार की अध्यक्षता में बारी पंचायत अंतर्गत प्रावि बरेनी में डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती मनायी गयी। कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री प्रकाश राम उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कहा कि अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद् व समाज सुधारक भी थे। अंबेडकर ने जाति प्रथा का पूर्ण रूप से उन्मूलन कर इंसानियत की नींव रखी। उनमें गांधी का सपना और महात्मा बुद्ध की करुणा दोनों थी। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पाठक, राजन भगत, रीकी वर्मा, शिव शंकर साहू, मनोज कुमार पाठक, देवमणि बैद्य, राजू भुइयां, शिवकेश्वर यादव, यमुना चौधरी, संजय साहू, बालेश्वर सिंह, प्रभु महतो, संतोष मेहता, नवल किशोर मेहता एवं सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।



डॉ अंबेडकर को याद करते भाजपाई।

### चंदवा के आन गांव में मनायी गयी बाबा साहब की जयंती

बाबा साहब की जयंती पर प्रखंड के चेटर पंचायत के आन गांव के अंबेडकर नगर में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उमेश यादव, विशिष्ट अतिथि सजीव प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी रविशंकर यादव, पूर्व मुखिया रूणा देवी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सर्व प्रथूम दीप प्रज्जवलित करने के उपरांत बाबा साहब के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया गया तत्पश्चात बाबा साहब के आर्दशों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। मौके पर अनेश राम समेत दर्जनो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### प्लांट से लोहा चोरी के खिलाफ हुई छापामारी

**चंदवा।** चंदवा के बंद पड़े अभिजीत प्लांट से बड़े पैमाने पर हो रहे लोहा व स्क्रैप चोरी के खेल पर रोकथाम को लेकर प्लांट के अधिकारियों ने चंदवा पुलिस के साथ गुरूवार रात्रि कई स्थानों पर छापामारी की। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान हिसरी के समीप से स्क्रैप चोरी में प्रयुक्त होने वाला गैस कटर, सिलेंडर समेत लगभग 10 टन लोहा स्कैप को जब्त किया गया। इसके अलावे प्लांट से सीएचपी एरीया में भी किमती संयत्रो को चोरी का प्रयास कर रहे चोरो को पुलिस के द्वारा खदेड़ा गया व चोरो द्वारा चोरी किये गये संयत्रो को बरामद किया गया।

# महुआडांड़ नेतरहाट विद्यालय में मनायी गयी बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**महुआडांड़।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनायी गयी। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह, विद्यालय के वरीय सह-शिक्षक, डॉ प्रसाद पासवान एवं छात्र प्रभारी द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों ने बाबा साहब के देश बहुमूल्य योगदानों से सबों को अवगत कराया। विद्यालय के प्राचार्य ने समस्त छात्रों को बाबा भीमराव के जीवन मूल्यों से अभिप्रेरणा लेने की बात कही। विद्यालय के वरीय सह-शिक्षक डॉ प्रसाद पासवान ने बाबा भीमराव अंबेडकर की जीवनी से समस्त छात्रों को अवगत कराते हुए कहा कि बाबा भीम साहब बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। विधि विशेषज्ञ के रूप उन्होंने समाज को सुधारने एवं समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। संविधान के गठन में उनका बहुमूल्य योगदान रहा एवं उन्हीं के कारण आज हम अपने अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की चर्चा करते हैं।

# कलश यात्रा के रूप में घर-घर घूमी शहीद वीर सपूतों की लहू मिश्रित मिट्टी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** परसही पंचायत के होटवाग एवं पतकी ग्राम में रेजांगला में शहीद अहीर वीर सपूतों के लहू मिश्रित मिट्टी को कलश यात्रा के रूप में घर घर घुमाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत होटवाग शिव मंदिर से कलश में श्रद्धासुमन एवं आरती उतार कर की गई। शहीद सैनिकों को सभी लोगों ने कलश को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास, राष्ट्रीय महासचिव महोदय जिला अध्यक्ष वृंदविहारी यादव, संरक्षक लक्ष्मण यादव, राजधानी यादव, मोहर यादव, बंशी यादव, हरिशंकर यादव, सुरेश यादव, अनिल यादव, कामेश्वर यादव, शिवनंदन यादव, प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार यादव, प्रधान महासचिव हीरा प्रसाद यादव, संयोजक मिथिलेश यसव, वरीय उपाध्यक्ष जनेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष प्रमोद यादव, संतोष यादव, बिजली यादव, शंभु यादव, बसंत यादव, प्रमिला देवी प्यारी यादव, सूरज यादव, प्रदीप यादव, संजीव कुमार चंद्र उमेश यादव सत्येंद्र यादव, रामधनी यादव, बालेश्वर यादव, मुसाफिर यादव, प्रभु यादव हरिशंकर यादव, गुलाब यादव, सकिंद्र यादव, बिरेन्द्र यादव,झुबर यादव,केदार यादव,अरुण यादव, अमित कुमार,विशुनदेव यादव समेत पंचायत के सैकड़ो यदुवंशी भाई उपस्थित थे।

### आजसू ने धूमधाम से मनायी अंबेडकर की जयंती



**लातेहार।** आजसू कार्यालय में डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती बहुत धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर जिलाध्यक्ष अमित पांडे ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के रूप में हमें वह हथियार दिया है। जिसके दम पर हम अपनी आजादी को स्वच्छंद रूप से जी सकते हैं। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता नितेश पांडे ने सभी जिले वासियों को बधाई दी एवं कहा कि बाबासाहेब के आदर्शों के साथ चलने वाले व्यक्ति को सभी समस्याओं का हल मिल सकता है। वही आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव ने कहा कि लातेहार अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई बाबा साहब के जयंती के अवसर से शुरू करते है। कल से लातेहार अंचल के सभी गांवों में जनसंपर्क चला के 1000 चिट्ठी मुख्य सचिव और 1000 चिट्ठी ईडी को भेजा जायेगा। उसके बाद आजसू पार्टी निर्णायक लड़ाई कि ओर जायेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सरवन पासवान, संजय तिवारी, प्रीतम गुप्ता, जैनुल अहमद, जोगेश्वर राम, जुबेर अंसारी, अनिल पासवान, राम गति प्रसाद, रीमा देवी, पूजा देवी, सोनू कुमार, राहुल दुबे, रामगति प्रसाद आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनी बाबा साहब अंबेडकर की 132वीं जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय में कंडरका नदी के समीप जतरा टाड़ प्रांगण में विश्वरत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत उच्च विद्यालय से समारोह स्थल तक शोभायात्रा से हुई।

शोभायात्रा में जय भीम, जय बिरसा, जय भारत, बाबा साहब अमर रहे जैसे नारों के साथ भारी संख्या में युवक युवती महिला पुरुष प्रबुद्ध बुद्धिजीवी शामिल हुए। तत्पश्चात समारोह स्थल परिसर में स्थापित अंबेडकर



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते लोग।

जी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर व श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी थाना प्रभारी मुकेश चौधरी सभी पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मंच पर कार्यक्रम का शुरुआत अक्सर फीता काटकर किया जाता है किंतु इसकी शुरुआत फीता जोड़कर की गयी। इस संबंध में बाबा साहेब अंबेडकर प्रखंड समिति संरक्षक सह वरिष्ठ पत्रकार संजय राम ने बताया कि बाबासाहेब जीवन भर समाज को जोड़ा। इसलिए उनके जन्मदिन पर फीता काटने के बजाय जोड़ा गया।

### कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित

कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर प्रखंड समिति अध्यक्ष कैलाश राम, उपाध्यक्ष रीगन कुमार, सचिव दिगंबर ताना भगत, उपसचिव राजू राम, वृक्ष लोहरा, कोषाध्यक्ष दुलारचंद पासवान, महामंत्री सुरेंद्र मेहरा, संगठन मंत्री अजय बैठा, ब्रजमोहन राम, गणेश राम, अरुण कुमार, संरक्षक सह मीडिया प्रभारी संजय राम, रामप्रीत लोहरा, रूपेश कुमार के साथ जयपाल उरांव, नंदू उरांव, विनोद गंझू आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस विशेष अवसर पर भारी से भारी संख्या में महिला पुरुष युवक युवती व प्रबुद्ध बुद्धिजीवी उपस्थित हुए।

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय, शांति निकेतन और ईसीआरकेयू कार्यालय में मनी अंबेडकर जयंती

■ बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलने का लिया संकल्प, शिक्षकों के साथ बच्चों ने फोटो पर पुष्प चढ़ाकर किया नमन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड और अंचल कर्मियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जहां विजय कुमार, रामनाथ राम, अरुण कुमार, मनीष कुमार, उज्ज्वल सिंह, अनिल कुमार और सत्यनारायण राम सहित कई कर्मी मौजूद थे। वहीं प्रखंड मुख्यालय के शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाई गई। जहां विद्यालय के निदेशक डॉ पवन कुमार ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान के निमार्ता रहे। संविधान को लिखने में उनकी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बाबा साहब की जयंती जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने के रूप में भी मनाया जाता है। मौके पर फिरोज अहमद, विवेक कुमार, नवीन कुमार, जरीना कौसर, आलम दस्तगीर, एविल राय, इसाक राय, मुक्तिका राय, दीपाली राय, उमाशंकर उपाध्याय, अर्चना कुमारी, रूपा वर्मा, मोक्षिका राय, राजेश झा और वेदआनंद मिश्रा सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उधर, बाबा चौक स्थित ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा कार्यालय में यूनियन के पदाधिकारियों और रेल कर्मचारियों ने कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में बाबा साहेब की तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



नमन करते स्कूल के शिक्षक और बच्चे।

स्पीड न्यूज

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया बाबा साहेब को नमन

**दुमका।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्रीधर दास के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर प्रदेश के उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन, पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी, पूर्व जिलाध्यक्ष निवास मंडल, अमिता रक्षित, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल, पिछड़ी जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंटू साह, जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बिमल मरांडी, नगर अध्यक्ष पंकज वर्मा, महामंत्री दीपक स्वर्णकार, अमन राज ,ओम केशरी, बिजय दास, आशीष कर्मदार, मार्शलऋषि राज टुडू, मनीष कुमार, लंबोदर दास, दिपांशु, दीपक सिंह, प्रशांत दास, टिंकू गण, संतोष सोरेन, रवि राउत, रमेश मंडल, सोनी हेम्ब्रम, प्रिया रक्षित, अर्पणा झा मौजूद थे।

## बाबा साहेब को जयंती पर किया गया याद

**दुमका।** भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती पर उपराजधानी सहित पूरे दुमका जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। शहर में अम्बेडकर चौक पर भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए सुबह से लोगों का तांता लगा रहा। कई संघ-संगठनों की ओर से रैली और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुमका के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के माल्यार्पण किया।

## हाई स्कूल में बच्चों को दिया गया खसरा-रूबेला का टीका

**हंसडीहा।** खसरा-रूबेला टीकाकरण शुक्रवार को हंसडीहा स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय में किया गया ।इस दौरान हंसडीहा पंचायत की मुखिया आशा हेम्ब्रम ने टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण करते हुए कहा कि वैक्सीन से ही खसरा-रूबेला पर रोक संभव है। अपने बच्चों को टीका जरूर लगवाएं ।खसरा और रूबेला की गंभीरता को समझना होगा ।खसरा व रूबेला हो तो झाड़-फूंक के चक्कर में ना पड़े सीधे डॉक्टर के पास इलाज करवाएं। वहीं एएनएम प्रेमा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाई स्कूल हंसडीहा में 335 बच्चों का टीकाकरण का लक्ष्य था जिसमें उपस्थित 260 बच्चों का टीकाकरण किया गया है। बांकी बचे बच्चों का टीकाकरण नजदीकी आगनबाड़ी केंद्र में किया जायेगा। शनिवार को संत फ्रांसिस मिशन हंसडीहा में टीकाकरण शिविर लगाकर बच्चों को टीका लगाया जायेगा।

## डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण कर जयंती मनायी गयी

दुमका। लोक जनशक्ति पार्टी आर जिला अध्यक्ष गिरधारी झा की अध्यक्षता में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण कर जयंती मनाई। कार्यक्रम में संताल परगना प्रभारी मनोज कुमार राय, प्रदेश महासचिव हेमंत श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव मोहन कुमार साह, प्रदेश सचिव चंद्रशेखर राय, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप शर्मा, नगर अध्यक्ष कृष्णा झा, पवन कुमार साह, रामानंद यादव, युवा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, दीनू बनर्जी, बाबू झा, लखन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### नयी नियोजन नीति को अमित महतो का जामा विधानसभा क्षेत्र में मैराथन दौड़

# 60:40 नियोजन के खिलाफ हैं पूर्व विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता


मैराथन दौड़ करते पूर्व विधायक अमित महतो।

**दुमका।** हेमंत सरकार के स्थानीयता नियोजन नीति 60:40 के खिलाफ सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने शुक्रवार को दुमका के जामा विधानसभा में मैराथन दौड़ लगाया। पूर्व विधायक लकड़जोड़ी मोड़ से महारो तक करीब 21 किलोमीटर तक अपने समर्थकों के संग दौड़ लगाया। इस बावत पूर्व विधायक ने एक बार फिर खतियान आधारित झारखंडी की पहचान का नारा बुलंद करते हुए मुख्यमंत्री से वर्तमान नियोजन नीति रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि जिसके हाथ में खतियान होगा, वहीं झारखंडी की पहचान होगा। पूर्व विधायक ने बताया कि वर्तमान स्थानीयता नीति के खिलाफ और खतियान आधारित नियोजन नीति के समर्थन में, बेरोजगारों को रोजगार मिले, मान-सम्मान मिले और झारखंड में जीने का हक मिले। इसके लिए सरकार से अपनी व्यथा बताने के लिए मैराथन दौड़ कर सरकार को अपनी दुःख से अवगत कराने का काम करते है। हर विधानसभा में प्रतिदिन 21 किलोमीटर दौड़ मुख्यमंत्री को अवगत कराते है। उन्होंने बताया कि अब तक 13 विधानसभा का दौड़ कर चुके है। राज्य के कुल 81 विधानसभा में दौड़ लगा रहे है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हमारी मांगों को विचार करें, अन्यथा खतियानी मुख्यमंत्री के रवैयें पर विचार करेंगी। पूर्व विधायक ने बताया कि 129 दिनों का कार्यक्रम है। सिल्ली विधानसभा के 48 पंचायतों का दौड़ लगा चुके है। इसके बाद 49 वें दिन सिल्ली विधानसभा और 50 वें दिन रामगढ़ विधानसभा में दौड़ लगाया है। 63 वां दिन संथाल परगना के जामा विधानसभा में दौड़ लगाया है। शनिवार को शिकारीपाड़ा विधानसभा में दौड़ लगायेंगे। दुमका विधानसभा में 25 अप्रैल को दौड़ लगाया जायेगा। इस तरह सरकार के नियोजन नीति के खिलाफ मांग पूरी नहीं होने तक राज्य के सभी विधानसभा में दौड़ लगा राज्य सरकार को चेताने का काम करेंगे। गौरतलब हो कि पूर्व विधायक अमित महतो खतियान आधारित स्थानीयता नीति को लेकर झामुमों का विरोध करते हुए अलग होते हुए खतियानी झारखंडी पार्टी का स्थापना कर चुके है। उसके बाद से लगातार हेमंत सरकार के खिलाफ हमलावार है।

## अंबेडकर जयंती पर निकाली बाइक रैली

खबर मन्त्र संवाददाता


बाईक रैली निकालते

**हंसडीहा।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ संपन्न हुई ।इस दौरान लोगों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर भव्य बाइक रैली बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। सरैयाहाट प्रखंड के बारीडीह गांव से दर्जनों की संख्या में बाईक रैली ने हंसडीहा चौक पहुंचकर चारों प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया। उसके बाद रैली वापस बारीडीह गांव पहुंचकर संपन्न हुई। जय भीम के नारों से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। इस दौरान राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय बौद्ध कहा कि भीमराव अंबेडकर जन्म से ही प्रतिभा सम्पन्न थे और वे विश्वस्तर के विधिवेत्ता थे। अंबेडकर एक दलित राजनीतिक नेता और एक समाज पुनरूत्थानवादी होने के साथ-साथ भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भी थे ।बाबा साहब के मिशन को पूरा करने के लिए हमलोग जान की बाजी लगा देंगे,और भारत से जातिवाद छुवाछुत को जड़ से मिटा देंगे। इस मौके पर बबनखेता पंचायत के मुखिया विनोद मुर्मू,गंगाराम साह, रामविलास मिर्धा, टिंकू सिंह, श्रवण मंडल, रोशन जायसवाल, तापस मंडल, मनोहर मंडल, किशन सिंह, मंटू सिंह ल,लालधारी मोदी, सनी दास, सचिंदर मिर्धा, परमेश्वर यादव, निरंजन यादव आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस ने किया बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने नेतृत्व में कार्यकताओं ने डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा माल्यार्पण किया। मौके पर उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी, युगल किशोर सिंह, महासचिव अरविन्द कुमार, संजीत सिंह, शहरोज शेख, सचिव संतोष सिंह, छबी दास, मधु माला, विशेष आमंत्रित सदस्य कृष्णानन्द झा, नगर अध्यक्ष मो अलीइमाम टिंकू, महासचिव दशरथ मंडल, राकेश चौबे, रवि वर्मा, अनुज मुर्मू, सुधीर कुमार राम, नंदकिशोर राम, अमित शर्मा, उज्जवल शर्मा, बीरबल दत्ता, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विलियम टुडू, रोमी इमाम, उपाध्यक्ष कुंदन यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष छबी बागची, किसान मोर्चा के अध्यक्ष पोलूस मुर्मू, दुमका प्रखंड अध्यक्ष सुनील किस्कू, जरमुंडी प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण यादव मार्शल मरांडी मौजूद थे।

वहीं राजद ने बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती अध्यक्ष जीतेश कुमार दास के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यकताओं ने डीसी चौक स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई. मौके पर नगर अध्यक्ष कंचन यादव, दुमका प्रखंड अध्यक्ष पंकज यादव, जुलकर अंसारी, शेष यादव, ब्रजेश दर्वे मौजूद थे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला इकाई ने अंबेडकर चौक में स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

## केरा मेला संचालन समिति ने डॉ विजय गागराई को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिला का प्रसिद्ध केरा मेला में केरा मेला संचालन समिति द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को लेकर पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई को मां केरा की तस्वीर देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डा. विजय सिंह गागराई ने कहा कि हमारा पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन समाज के हित के लिए कार्य कर रही है और आने वाला समय में जनहित के लिए और भी कार्य करेगी। उन्होंने कहा केरा मेला में लोगों को पेयजल एवं शरबत की सुविधा के लिए हमारी संस्था शिविर भी लगाई है। केरा मां के भक्तों एवं मेला में आए लोगों को पेयजल के रूप में शरबत, गुड़ चना आदि उपलब्ध करा रही है। यह शिविर देर शाम तक चलता रहेगा। इस मौके पर केरा मेला संचालन समिति के अध्यक्ष अभिजीत भट्टाचार्य एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## मुल्क में अमन की मांगी दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** शुक्रवार को पवित्र रमजान के चौथे जुम्मे पर वार्ड संख्या 6 स्थित जामा मस्जिद में फ्रेंड्स फारएवर ग्रुप के तरफ से रोजेदारों के लिए सामूहिक दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें चक्रधरपुर के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों रोजेदारों ने हिस्सा लिया। मगरिब की अजान सुनते ही रोजेदारों ने एक साथ रोजा खोला। वहीं अजान से पहले जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ़्ती अल्ताफ हुसैन द्वारा सामूहिक दुआ करवाया गया। देश की तरक्की तथा अमन व शांति के लिए अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर दुआ की गई। मौके पर फ्रेंडस फारएवर ग्रुप के आसिम अब्दुल्लाह, जियाउर्रहमान, मोहम्मद जहिद रेयाज, महताब आलम, नफीस हफीज, जाहिद खान, तौसीफ अहमद, मोहम्मद ओसामा, शाहबाज आलम, ताज हफीज, राजा महताब, मोहम्मद राशिद, सरफराज आलम, मोहम्मद युनूस, मोहम्मद तारिक समेत मस्जिद कमेटी के सदस्यों का योगदान रहा।

## रमजान के चौथे जुम्मे को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने की नमाज अदा



**दुमका।** शुक्रवार को रमजान के पवित्र महीने के चौथे जुम्मे को जामा मस्जिद दुमका में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा किया। चौथे जुम्मा को नवाज अदा करने के लिए मुस्लिम भाईयों की भीड़ मस्जिदों में लगी हुई थी। दुमका शहर के सभी मस्जिदों में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा की और अल्ला-ताला से शहर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की। चौथे जुम्मे नमाज अदा करने वालों की सबसे अधिक भीड़ जामा मस्जिद के पास लगी हुई थी। जुम्मे का नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम भाई मस्जिदों में निर्धारित समय पर पहुंच गए थे। साथ ही बाजार में ईद की तैयारी भी शुरू हो गयी है। भीषण गर्मी के बावजूद बाजार में लोगों की कपड़े लेने के लिए दुकानों में भीड़ लगने लगी है। शाम में इफ्तारी के पश्चात लोग खरीदारी करते के लिए बाजार पहुंचने लगे है। बाजार में अब सेबेईयां भी दुकानों में सजने लगे है।

## बाबा साहेब के जीवन से मिलती है प्रेरणा : बिश्राम

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** जनता दल यूनाईटेड पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में शुक्रवार को मनोहरपुर विस क्षेत्र अंतर्गत सोनुवा प्रखंड के निश्चिंतपुर गांव में संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गई। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष बिश्राम मुंडा ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण की और केक काटा। मौके पर उन्होंने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा. अंबेडकर को हमेशा ही उनके अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के लिए जाना जाएगा। बिश्राम मुंडा ने कहा कि बाबा साहब शिक्षित और भेदभाव रहित समाज के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने कई कार्य किए है। पिछड़ी और दलित समाज को सम्मान और अधिकार दिलाया। बाबा साहब ज्ञान के प्रतीक और प्रेरणास्त्रोत है। इस मौके पर निश्चिंतपुर गांव में रैली निकाल खुशियां मनायी गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान सभी को एकजुट होकर समाज और देश की तरक्की के लिए शिक्षा को हर हाल में अपनाने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला महासचिव प्रकाश नाग, आनंदपुर प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, गोइलकेरा प्रखंड महासचिव दिनेश सांडिल, चंद्रशेखर मुंडा, अर्जुन मेराल, रीता सुरीन, रामू मुखी, संपत मुखी, सचिन मुखी, बाली मुखी, सोहन मुखी, रेखा मुखी, पदमा मुखी, सुहानी मुखी, माया मुखी आदि उपस्थित रहे।

### योगी आदित्यनाथ को आभार, नीतीश को सीख, चिराग पासवान बोले

# दिनदहाड़े हो रहीं हत्याएं, पीएम बनने को द्वार-द्वार भटक रहे सीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** हाजीपुर के पंचदमिया में भीम आर्मी के जिला संरक्षक एवं रालोजपा दलित सेना के राष्ट्रीय सचिव राकेश पासवान की हत्या के बाद से लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से सीखने की सलाह दे रहे हैं। इतना ही नहीं, लोग यूपी पुलिस और यूपी प्रशासन की सराहना कर रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी-पासवान के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि राकेश पासवान की हत्या से लोगों में आक्रोश है। हम बार-बार कहते हैं कि लोग कितनी हत्याओं का इंतजार करेंगे अभी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जलते हुए बिहार को छोड़कर प्रधानमंत्री बनने के लिए दरवाजे-दरवाजे फिर रहे हैं। उनके पास इतनी फुरसत नहीं है कि वे बिहार में अपने लोगों के दरवाजे पर जाएं और उनके दर्द पर मरहम लगाएं हैं। चिराग पासवान ने कहा कि कल अलग-अलग जिलों में कई ऐसी हत्याएं हुई हैं। दिनदहाड़े राकेश पासवान की हत्या कर दी। घर में घुसकर गोली मारी गई। यह दशार्ता है कि अपराधियों के मन में पुलिस प्रशासन का भय नहीं है। आगे कहा, मैं नीतीश कुमार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीखने की सलाह दूंगा। वहां पहले लोग डरते थे और अपराधी चौड़े होकर घूमते थे। अब योगी सरकार अपराधियों को चुन-चुनकर सजा दे रही है और लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यहां सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद प्रिंस राज ने कहा कि कल दलित पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश पासवान की बेहद निर्ममता से हत्या कर दी गई। बिहार में कानून व्यवस्था बेहद लचर है। अपराधियों के हौसले दिन ब दिन बुलंद होते जा रहे हैं और मुख्यमंत्री दिल्ली में ये पता करने के लिए चक्कर लगा रहे हैं कि आखिर प्रधानमंत्री कैसे बनें।

बिहार में जंगलराज पार्ट-2 देखने को मिल रहा है। अपराधियों को यूपी जैसी सजा मिलनी चाहिए ताकि जनता सुरक्षित महसूस करे। रालोजपा सांसद ने कहा कि यूपी की पुलिस और प्रशासन को हम धन्यवाद देते हैं, जिस तरह का खौफ पहले आम लोगों में होता था, अब वो गुंडों में है।

## एक नजर में

### जंगल में लकड़ी चुनने गयी महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बगहा।** बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया थाना के सिरसिया जरलहिया टोला स्थित एक महिला के साथ एक पड़ोसी द्वारा जंगल में बलात्कार करने का मामला उजागर हुआ है। महिला के आवेदन पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के मदनपुर वन क्षेत्र अंतर्गत जंगल में सिरिसिया निवासी 55 वर्षीय महिला के साथ पड़ोसी 50 वर्षीय विष्णु साहनी के साथ सूखी लकड़ी चुनने के लिए गई थी। लकड़ी चुनने के दौरान विष्णु साहनी ने एकांत पाकर जंगल में महिला के साथ मुंह काला कर लिया। पीड़िता के आवेदन और बयान पर कांड संख्या 26/23 दर्ज कर गिरफ्तारी करते हुए पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है।

### डीएम ने वाल्मीकि नगर के हवाई अड्डा, इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर तथा गंडक बराज का किया निरीक्षण

**बगहा।** पश्चिम चंपारण बेतिया जिला के नये डीएम दिनेश कुमार राय ने शुक्रवार को वाल्मीकि नगर स्थित हवाई अड्डा का निरीक्षण किया इसके बाद वो वाल्मीकि नगर में बन रहे इन्टरनेशनेल कन्वेन्शर सेन्टर में चल रहे कार्यो का बारिकी से निरीक्षण करते हुए ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश अभियंताओं को दिया। वहां उपस्थित अभियंताओ से पूछताछ के बाद उन्होने गंडक बराज के कंट्रोल रूम एवं बाढ पूर्व तैयारियों को लेकर गंडक बराज पर उपस्थित अभियंताओ से पूछताछ की। गंडक बराज के मैनुअल सिस्टम ,स्काडा सिस्टम,मैकैनिकल सिस्टम आदि गेटो का संचालन कर बारीकी से जायजा लिया।

## पेज 1 का शेष

### झारखंड में आग उगल रहा ...

**सतर्क रहें, विभाग ने जारी की चेतावनी :** ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है। दोपहर के वक्त बिना विशेष तैयारी घर से बाहर निकलना घातक साबित हो सकता है। ऐसे मौसम में शरीर के डिहाड्रेट होने की ज्यादा संभावना होती है। गर्मी की वजह से बेहोशी छा सकती है। मौसम विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पहले ही चेतावनी जारी की है। पिछले 24 घंटे के दरम्यान राज्य के करीब एक दर्जन जिलों में तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। **17 को कई जगह बारिश के आसार :** वहीं, मौसम विभाग की मानें तो 17 अप्रैल से राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान थंडरिंग भी हो सकती है। बारिश मुख्य रूप से राज्य के दक्षिणी हिस्से में होगा। 18 को कुछ हिस्सों में बादल छाये रह सकते है। फिर 19 अप्रैल को दक्षिणी हिस्से में बारिश के साथ थंडरिंग की संभावना है।

### आर्मी लैंड स्कैम...

**कोलकाता में बनते थे जाली दस्तावेज :** कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य ईडी को मिले हैं। इडी ने सेना की जमीन खरीद में गड़बड़ी, चेशायर रोड होम स्थित जमीन की खरीद में गड़बड़ी में दर्ज सदर थाना के केस के आधार पर ईसीआईआर दर्ज किया था। सेना की जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद बिक्री के लिए कोलकाता में कागजात बनाए गए थे। **आरोपी ने बताया पुश्तैनी, फॉरेंसिक जांच :** बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला मामले में इडी के बिक्री करने के आरोपी प्रदीप बागची ने दावा किया है कि वह 4.55 एकड़ जमीन का असली मालिक है। उसने अपने दावे के संबंध में दस्तावेज भी पेश किया। ऐसे में अब इडी दस्तावेज की फॉरेंसिक जांच करा सकती है। बागची के दस्तावेज के मुताबिक, 1932 में उसके पिता ने उक्त जमीन रैयतों से खरीदी थी और रजिस्ट्री कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में हुई थी। दस्तावेजों में राज्य का उल्लेख पश्चिम बंगाल के नाम से है। 1932 में यह सिर्फ बंगाल था, क्योंकि पश्चिम बंगाल 1947 में अस्तित्व में आया। इसी तरह, दस्तावेज में कई जगहों पर गवाहों, विक्रेता और क्रेता के पते के साथ पिन कोड का उल्लेख किया गया है। जबकि पोस्टल इंडेक्स नंबर (पिन) 15 अगस्त, 1972 को पेश किया गया था। वहीं जमीन के दस्तावेज में बिक्री के एक साक्षी का मूल जिला भोजपुर बताया गया है, जबकि भोजपुर जिला 1972 में अस्तित्व में आया है। **ये- ये बने शिकार :** भानु प्रताप प्रसाद, राजस्वकर्मी बड़गाई अंचल, रोड नंबर 7 हिलव्यू रोड, बरियातू रांची और झूलन सिंह चौक सिमडेगा स्थित आवास पर ईडी ने रेड की थी। अफसर अली खान, राहत नर्सिंग होम के पास, बरियातू में ईडी ने रेड किया था। इम्जियाज अहमद, इसके हिनू स्थित आवास पर ईडी ने गुरुवार को रेड किया था। फैयाज खान, इसके मिल्लत कॉलोनी स्थित आवास पर रेड डाली गयी थी। अजहर खान, हाउस नंबर 28, सेकेंड स्ट्रीट हिंदपीढ़ी, रांची. मो सद्दाम हुसैन, प्लॉट नंबर 40 जेड, फर्स्ट मार्क स्कूल रोड, बरियातू, रांची में ईडी ने कार्रवाई की थी। प्श्रिम बंगाल के रहने वाले प्रदीप बागची, इसके उदयांचल टावर, तीसरा तल्ला, टीपी रोड, उषाग्राम, आसनसोल में ईडी ने रेड किया गया था। तलहा खान उर्फ सनी, राहत नर्सिंग होम के पास, बरियातू स्थित आवास में छापेमारी हुई थी।

### बिजली कटौती न करें...

शुक्रवार की शाम तक 140 मेगावाट अतिरिक्त बिजली पावर एक्सचेंज मिली। बताया गया कि 600 मेगावाट बिजली उपलब्ध नहीं है, पर जेबीवीएनएल ने डिमांड भेज दिया है। जैसे-जैसे बिजली मिलती जायेगी, आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। **फुल लोड बिजली, फिर भी पावर कट :** राजधानी के तीनों ग्रिड को शुक्रवार को फुल लोड बिजली मिली। इसके बाद भी लोग पावर कट से परेशान रहे। लोकल फॉल्ट ने पावर कट की समस्या को बढ़ा दिया है। कारण गर्मी में लोगों को जीना मुहाल हो रहा है। लगातार अंतराल में पावर कट चल रहा है।

### तलाक की कीमत...

**5000 से अधिक केस लंबित :** हालांकि परिस्थिति के अनुसार अधिकांश केसों में समझौते भी हुए हैं। राज्य के विभिन्न जिलों के फैमिली कोर्ट में पांच 5000 केस पेंडिंग हैं। कोरोना के बाद हर महीने 200 से 250 केस आ रहे हैं। एक साल का आंकड़ा औसतन 2200 से 2500 के बीच है। एडवोकेट प्रीति जोशी ने बताया कि लॉकडाउन और कोरोना काल में जहां तलाक के अधिक केस आये वहीं, पति अपनी पत्नी की परेशानी को लेकर भी चिंतित भी दिखे। अनेक मामले ऐसे भी थे, जहां कोर्ट के आदेश के बगैर भरण-पोषण की रकम पत्नी के अकाउंट में जमा करवाये गये । पति को चिंता थी कि पत्नी खर्च कैसे वहन करेगी। एक केस में तो पति ने पत्नी के अकाउंट में दो लाख डिपोजिट कर दिया था। **क्यों बढ़ रहे हैं मामले :** तलाक के जो मामले सामने आ रहे हैं उसके पीछे एक दूसरे को चीट (एक दूसरे के प्रति इमानदार न होना) करना, नशे को नाश का कारण माना जाता है। कई मामलों में देखा गया है की शराब के सेवन के कारण तलाक की नौबत आ जाती है। मानसिक स्थिति ठीक ना होना, पारिवारिक विवाद, मानसिक व्यवहार (एक दूसरे पर शक), धार्मिक मतभेद होना और अहम का टकराव प्रमुख है। तलाक के कई मामले ऐसे आते हैं, जिसमें पति या पत्नी में से किसी की ओर चीट किया जाता है। शादी के बाद भी दूसरी जगह अफेयर के कारण तलाक के मामले बढ़े हैं। ऐसे पति-पत्नी दोनों को अपने पार्टनर के प्रति ईमानदार रहना जरूरी है। कई बार अरेंज मैरिज में यह देखा गया है कि पति या पत्नी की मानसिक स्थिति सही नहीं रहती है। घर वालों को शादी के बाद इसकी जानकारी मिल पाती है। आजकल दूसरे धर्म में शादी के कारण भी तलाक के मामलों में वृद्धि देखने को मिली है। कई बार ये देखा गया है कि शादी के बाद पार्टनर पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता है। एक दूसरे के धर्म को लेकर बहस बनी रहती है। इसके कारण आगे साथ रहना मुश्किल हो जाता है और अंततः तलाक की नौबत आ जाती है। कई मामलों में देखा गया पति या पत्नी अपने पार्टनर को लेकर बेहद पजेसिव रहते हैं, दिनभर शक करते हैं। हर काम में हस्तक्षेप करते हैं। वो ऑफिस में हों या अपने बॉस के साथ हों उनके पार्टनर को हर बात जाननी रहती है। इससे दोनों के रिश्ते में खटास पैदा होती है और नौबत तलाक तक चली जाती है।

# विश्व बैंक ने की महिला सशक्तीकरण के लिए भारत की प्रशंसा

## बैंक गये बिना ही डिजिटल लेन-देन करना बहुत बड़ा सशक्तीकरण : मालपास

एजेंसी

**वाशिंगटन।** महिला सशक्तीकरण के मोर्चे पर दुनिया के ऊंची छलांग लगाने का दावा करते हुए विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मालपास ने भारत खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की तारीफ की और कहा कि इसमें उनकी गहरी दिलचस्पी है।

गुरुवार को यहां विश्व बैंक के वसंत सम्मेलन के मौके पर उसके द्वारा उद्यमियों एवं नेताओं के रूप में महिलाओं के सशक्तीरण विषय पर आयोजित परिचर्चा में हिस्सा लेते हए मालपास एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अन्य वक्ताओं के साथ भारत एवं दुनिया में महिलाओं के विकास एवं सशक्तीकरण पर चर्चा की। सीतारमण ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हम फिलहाल महिलाओं के लिए जो कुछ भी कर रहे हैं, हमें उन्हें जारी रखना चाहिए। उन्होंने उन सभी कदमों के बारे में विस्तार से बताया, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार ने भारत में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उठाया है। मालपास ने भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की तारीफ की।

**कौशल विकास में 68 फीसदी रहती हैं महिलाएं : सीतारमण**



भारत में विश्व बैंक का व्यापक कार्यक्रम है। मालपास ने कहा कि प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) की (महिला सशक्तीकरण में) गहरी दिलचस्पी है और वह इस मुद्दे को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं संवाद करने में सक्षम हों, उनका बैंक गये बिना ही डिजिटल लेन-देन करना बहुत बड़ा सशक्तीकरण है। सीतारमण ने कहा कि मैं आपको भारत में चल रहे कौशल विकास कार्यक्रमों का उदाहरण दूंगी, जो भारत में हो रहा है। यदि सौ लोगों को प्रशिक्षण दिया जाता है और उन्हें ऐसे कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाता है, जो रोजगार के लिये उपयोगी है और जिनमें तत्काल भर्ती की संभावना होती है, तो उनमें से जिन लोगों की भर्ती की जाती है, उनमें से 68 फीसद महिलाएं होती हैं।

उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि जब महिलाओं के हाथों में हुनर आ जाता है, तो महिलाएं आगे की छलांग लगाने के लिए कितना तैयार हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए हमें महिलाओं को कुशल बनाने/ उन्हें कौशल प्रदान करने में निवेश करना है तथा विधायी सहयोग ऐसी चीज है, जो भारत जैसे देशों में बहुत महत्वपूर्ण है।

**मातृत्व अवकाश बढ़ा :** उदाहरण के लिए, हमारे यहां महिलाओं के लिए 12 सप्ताह का वैतनिक मातृत्व अवकाश था, जिसे हमने अब बढ़ाकर 26 हफ्ते कर दिया है, 26 सप्ताह तक पूर्ण वेतन मिलता है, आप अपने मातृत्व दायित्वों का निर्वहन कर सकती हैं और अब तो हमारे यहां पितृत्व अवकाश भी दिया जा रहा है।

## इमरान खान को 26 अप्रैल तक जमानत

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अनुपयुक्त भाषा का इस्तेमाल करने से संबंधित मामले में शुक्रवार को लाहौर उच्च न्यायालय में पेश हुए और उन्हें 26 अप्रैल तक जमानत मिल गई। इस्लामाबाद पुलिस ने एक भाषण देने को लेकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख खान के खिलाफ छह अप्रैल को मामला दर्ज किया था। उस भाषण में खान ने कथित रूप से (इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस के) ह्यह्यवरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के खिलाफ अनुपयुक्त भाषा का इस्तेमाल किया था और उनके परिवारों की जिंदगी जोखिम में डाली थी।

## स्पीड न्यूज

### उधमपुर में फुटब्रिज टूटा, 40 लोग घायल

**उधमपुर ।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में शुक्रवार को एक फुटब्रिज (पुल) के टूट जाने से कई बच्चों समेत कम से कम 40 लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि चेनानी प्रखंड में बैन गांव के बेनी संगम में बैसाखी समारोह के दौरान यह हादसा हुआ। संभागीय उपायुक्त (जम्मू) रमेश कुमार ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों के इस पुल पर जमा होने से बढ़े भार के कारण यह टूट गया।

### भाजपा के साथ लड़ाई विचारधारा की : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा के साथ कांग्रेस की लड़ाई को विचारधारा की लड़ाई करार देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा संविधान की मूल भावना के अनुसार नहीं चल रही है और देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गहलोत ने बाबा साहेब की जयंती पर यहां आम्बेडकर सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### देशद्रोही घोषित करने का चलन खतरनाक : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर शुक्रवार को कहा कि विपक्षी दलों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों को जबरन चुप करानेऔर देशद्रोही घोषित करने का चलन खतरनाक है और इससे लोकतंत्र नष्ट हो जाएगा। पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय नागरिकों को धर्म, जाति, भाषा और लिंग के आधार पर बांटने एवं उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने वाले असली राष्ट्र विरोधी हैं।

### सिसोदिया ने नष्ट नहीं किये मोबाइल : संजय

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने शुक्रवार को ईडी पर अदालत के सामने झूठ बोलने का आरोप लगाया और दावा किया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कोई मोबाइल फोन नष्ट नहीं किये। ईडी ने मार्च में दिल्ली की एक अदालत के समक्ष दावा किया था कि सिसोदिया दिल्ली आबकारी नीति मामले में जांच को बाधित करने के लिए बड़े पैमाने पर डिजिटल सबूतों को नष्ट करने में शामिल थे और उन्होंने 14 फोन बदले और इन्हें नष्ट कर दिया।

### दिल्ली में जारी रहेगी बिजली पर सब्सिडी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में बिजली सब्सिडी को लेकर उपराज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। उपराज्यपाल से स्वीकृति मिलने के बाद अब दिल्ली के लोगों को पहले की तरह बिजली पर सब्सिडी मिलती रहेगी। इससे पहले शुक्रवार को ही दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा था कि उपराज्यपाल द्वारा सब्सिडी की फाइल को रोक दिया गया है। ऊर्जा मंत्री द्वारा लगाए गए इन आरोपों के बाद दिल्ली के एलजी ने फ्री बिजली व बिजली सब्सिडी वाली फाइल पर साइन कर दिए हैं।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में खुलेंगे छात्र सेवा केंद्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश में उच्च शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के स्वास्थ्य, कल्याण, मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक सेहत तथा शारीरिक दक्षता एवं खेलों को बढ़ावा देने के लिए दिशानिर्देश जारी किये हैं तथा संस्थानों से इनका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नियमों, विनियामक प्रावधानों में जरूरी बदलाव करने का सुझाव दिया है।

इन दिशानिर्देशों में विविधतापूर्ण कैम्पस जीवन को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में एक छात्र सेवा केंद्र (एसएससी) होगा जो तनाव और भावनात्मक तालमेल से जुड़ी समस्याओं से निपटने एवं प्रबंधन करने के लिए जिम्मेदार होगा।

यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने 12 अप्रैल को सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों एवं कालेजों के प्राचार्यो को लिखे पत्र में कहा कि उच्च शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के स्वास्थ्य, कल्याण, मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक सेहत तथा शारीरिक दक्षता, खेलों को बढ़ावा देने के लिए दिशानिर्देश जारी किये हैं। पत्र में उच्च शैक्षणिक संस्थानों से आग्रह किया जाता है कि इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएं। यूजीसी ने कहा कि छात्रों के लिए जीवंत कैंपस जीवन बेहतर पठन पाठन

- यूजीसी ने छात्रों के हेल्थ, कल्याण, मनोवैज्ञानिक भावनात्मक सेहत एवं खेलों को बढ़ावा देने के लिए दिया निर्देश
- एसएससी का प्रबंधन निदेशक/डीन स्तर के प्रोफेसर रैंक का पदस्थ वह व्यक्ति करेगा, जिसका मनोविज्ञान, शारीरिक शिक्षा व समाज शास्त्र विषय हो

का माहौल, अच्छी मूल्यांकन प्रणाली और सभी के साथ निष्पक्ष एवं समावेशी व्यवहार के उद्देश्य से जरूरी है। यह अकादमिक और पाठ्येत्तर गतिविधियों के साथ समाज एवं पारिस्थितिकी से संबंधित जमीनी प्रशिक्षण, रोजगार से जुड़ी प्लेसमेंट गतिविधियों, शैक्षणिक यात्राओं और ग्रीष्माकालीन इंटर्नशीप के माध्यम से हो सकती है।

सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में छात्र सेवा केंद्र (एसएससी) होना चाहिए जो तनाव और भावनात्मक तालमेल से जुड़ी समस्याओं से निपटने एवं प्रबंधन करने के लिए जिम्मेदार होगा। छात्र सेवा केंद्र में सक्षम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शक, शारीरिक एवं मानसिक विशेषज्ञ तथा शारीरिक-मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन उपकरण जैसे जरूरी संसाधन होने चाहिए जिसके माध्यम से छात्रों को जानकारी दी जाए और उनका मूल्यांकन एवं मार्गदर्शन हो। छात्र

### मेंटल हेल्थ पर दिया जायेगा विशेष ध्यान



सेवा केंद्र (एसएससी) का प्रबंधन निदेशक/डीन स्तर के प्रोफेसर रैंक का पदस्थ व्यक्ति करेगा जिसका मनोविज्ञान, शारीरिक शिक्षा तथा खेल, सामाजिक कार्य या समाज शास्त्र विषय से होना जरूरी है।

एसएससी छात्रों से जुड़े प्रासंगिक मुद्दों के समाधान के लिए एकल खिड़की का काम करेगा। इन संस्थानों में एसएससी में पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरूष प्रशिक्षक/परामर्शक होना चाहिए। दिशानिर्देश में शारीरिक दक्षता का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि छात्रों की पढ़ाई के साथ उच्च शिक्षण संस्थानों को उनकी शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए ताकि उन्हें शारीरिक एवं मानसिक तंदरूस्ती बनाये रखने में मदद मिले। यूजीसी के दिशानिर्देशों में कहा गया है कि उच्च शिक्षण संस्थानों को ऐसा माहौल बनाने की जरूरत है जहां छात्रों को शारीरिक रूप से सक्रिय होने के लिए कहा जा सके।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) स्तर पर छात्रों को सार्थक रूप से जोड़ने के लिए इन्हें मजबूत बनाया जाना चाहिए। उच्च शैक्षणिक संस्थानों को नियमित रूप से आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए, खास तौर पर लड़कियों के लिए। इसमें कहा गया है कि उच्च शिक्षण संस्थानों को प्रमुख खेल/शारीरिक शिक्षा/योग संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने का प्रयास करना चाहिए।

## यूरोपीय अंतरिक्षयान बृहस्पति व उसके बर्फीले चंद्रमा की तरफ रवाना

**फ्रेंच गयाना।** बृहस्पति और उसके तीन बर्फीले चंद्रमाओं का पता लगाने के लिए एक दशक लंबे खोजी अभियान पर एक यूरोपीय अंतरिक्ष यान शुक्रवार को रवाना हुआ। यात्रा की शुरूआत यूरोप के एरियन रॉकेट द्वारा दक्षिण अमेरिका में फ्रेंच गुयाना से सुबह प्रक्षेपण के साथ हुई। बृहस्पति तक पहुंचने में रोबोटिक एक्सप्लोरर ज्यूस को आठ साल लगेंगे, जहां यह न केवल सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह, बल्कि यूरोपा, कैलिस्टो और गेनीमेड को भी देखेगा।माना जाता है कि तीन बर्फ से ढके चंद्रमा में भूमिगत महासागर हैं, जहां समुद्री जीवन मौजूद हो सकता है। इसके बाद शायद अभी की सबसे प्रभावशाली उपलब्धि में ज्यूस गेनीमेड के चारों ओर कक्षा में जाने का प्रयास करेगाः किसी भी अंतरिक्ष यान ने कभी भी हमारे चंद्रमा के अलावा किसी अन्य ग्रह के चंद्रमा की परिक्रमा नहीं की है।इतने सारे चंद्रमाओं के साथ, - अंतिम गिनती तक 95 - खगोलविद बृहस्पति का अपना खुद का एक छोटा सौर मंडल मानते हैं, ऐसे में उनके मुताबिक ज्यूस जैसे मिशन काफी पहले जाने चाहिए थे।

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के परियोजना वैज्ञानिक ओलीवर वितासे ने जोर देकर कहा कि हम ज्यूस पर जीवन का पता लगाने नहीं जा रहे हैं। हालांकि, चंद्रमाओं और उनके संभावित समुद्रों के बारे में अधिक जानने से वैज्ञानिक इस सवाल का जवाब तलाशने के करीब पहुंचेंगे कि क्या कहीं और भी जीवन है। उन्होंने कहा कि यह इस मिशन का सबसे रोचक पहलू होगा।

# सीबीआइ ने केजरीवाल को भेजा समन, आज पूछताछ को बुलाया

### आबकारी नीति घोटाला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 16 अप्रैल को तलब किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को जांच दल के सवालों का जवाब देने के लिए पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी मुख्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी इस मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस तरह का आरोप है कि दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में शराब कारोबारियों को लाइसेंस देने के लिए कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाया गया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी।



हालांकि, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस आरोप को खारिज किया था। यह नीति बाद में वापस ले ली गई थी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने 17 अगस्त, 2022 को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद कहा था कि यह आरोप लगाया गया है कि आबकारी नीति में संशोधन, लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ देना, लाइसेंस शुल्क में छूट/कमी, अनुमोदन के बिना एल-1 लाइसेंस का विस्तार आदि सहित अनियमितताएं की गईं।

# सीबीआइ ने टीएमसी विधायक के छह ठिकानों की तलाशी ली

### शिक्षक भर्ती घोटाला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक जीवन कृष्ण साहा के परिसरों सहित बीरभूम, मुर्शिदाबाद और कोलकाता में छह स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई का आरोप है कि विधायक साहा मुख्य मध्यस्थ थे जो कक्षा 9-10 के लिए शिक्षकों की भर्ती के सिलसिले में उम्मीदवारों से कथित रूप से धन एकत्र कर रहे थे। एजेंसी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अप्रैल में मामला दर्ज किया था। अदालत ने घोटाले की जांच करने का निर्देश दिया था और इसमें पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के पूर्व सलाहकार एस. पी. सिन्हा की भूमिका की भी जांच की जा रही है। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा था कि इस मामले की जांच एक नया मामला दर्ज कर सीबीआई द्वारा की जानी चाहिए क्योंकि यह कक्षा 9 और 10 के लिए सहायक शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित है।

## देश में कोरोना के 11,109 नये मरीज, 20 की मौत

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 11,109 नये मरीज सामने आये हैं। इस अवधि में 20 संक्रमित मरीजों की मौत हो गयी। इस दौरान 6,456 मरीज स्वस्थ हुए । अब तक कोरोना वायरस से 4,42,16,583 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। रिकवरी रेट 98.70 प्रतिशत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 49,622 हो गयी है। दैनिक संक्रमण दर 5.01 प्रतिशत है।

टीकाकरण की बात करें, तो पिछले 24 घंटे में 327 खुराकें दी गयी हैं। देश में अबतक कोरोना से बचाव के टीके की 220.66 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में 2,21,725 लोगों की जांच की गयी है। अबतक कुल 92.37 करोड़ लोगों की जांच की जा चुकी है।

# योगी राज में 183 खूंखार अपराधी ढेर

**लखनऊ।** गैंगस्टर अतीक अहमद के बेटे असद और उसके साथी की उत्तर प्रदेश एसटीएफ के साथ झांसी में हुई मुठभेड़ में मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नीत सरकार के पिछले छह साल के कार्यकाल में हुई विभिन्न मुठभेड़ों में राज्य में 183 अपराधी मारे गए हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को बताया कि 20 मार्च, 2017 से राज्य में पुलिस मुठभेड़ों में 183 अपराधियों को मार गिराया गया है। राज्य में 10,900 से अधिक पुलिस मुठभेड़ हुई हैं, जिनमें 23,300 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, 5,046 अपराधी घायल हुए हैं तथा 183 अपराधी मारे जा चुके हैं । पुलिस मुठभेड़ों में घायल होने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या 1,443

**10900 से अधिक मुठभेड़ में 23300 से अधिक अपराधी अब तक अरेस्ट**

है। उप्र पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 20 मार्च 2017 से राज्य में हुई मुठभेड़ों में अब तक 13 पुलिसकर्मी शहीद हो चुके हैं। इनमें एक पुलिस उपाधीक्षक सहित वे आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं जो जुलाई 2020 में कानपुर के चौबेपुर इलाके के बिकरू गांव में घात लगाकर बैठे गैंगस्टर विकास दुबे के साथियों की गोलीबारी में मारे गए थे। वहीं, मध्य प्रदेश के उज्जैन से उत्तर प्रदेश वापस लाने के दौरान दुबे ने भागने का प्रयास किया था और मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने बताया था कि वापसी में वाहन पलटने के बाद दुबे ने एक पुलिसकर्मी की बंदूक छीनकर भागने का प्रयास किया था।

### हम मिट्टी में मिल गये, सब मेरी वजह से हुआ : अतीक

प्रयागराज। उमेश पाल मर्डर केस के मुख्य आरोपी असद अहमद के एनकाउंटर के बाद अतीक अहमद पूरी तरह से टूट चुका है। वह कह रहा है कि यह सब मेरी वजह से हुआ है। रात को भी माफिया सो नहीं पाया। बेटे की मौत के गम ने माफिया अतीक अहमद की आंखों की नींद छीन ली है। शुक्रवार को फिर धूमनगंज थाने में अतीक भावुक हो गया। बेटे के शव प्रयागराज लाए जाने की बात बताई गई। इसके बाद अतीक फूट-फूट कर रोने लगा। उसने कहा कि हम तो मिट्टी में मिल गए, यह सब मेरी वजह से हुआ है। मेरे बेटे असद का कोई कसूर नहीं था।




# जोगीरा सारा रा रा का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आने वाली फिल्म जोगीरा सारा रा रा का टीजर रिलीज हो गया है। कुशन नंदी द्वारा निर्देशित फिल्म जोगीरा सारा रा रा के टीजर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी को नेहा शर्मा के साथ दिखाया गया है। फिल्म जोगीरा सारा रा रा का टीजर कॉमेडी से भरपूर है। फिल्म में नवाज एक जुगाडू के रोल में है और उनके कैरेक्टर का नाम जोगी प्रताप है। टीजर की शुरूआत होते ही नवाज कहते नजर आते हैं जोगी का जुगाड़ कभी फेल नहीं होता। इसके बाद नेहा शर्मा आती हैं और कहती हैं कि क्या जुगाड़ करोगे तुम तुम्हारे सारे जुगाड़ फेल हैं। जोगीरा सारा रा रा 12 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## सलमान के साथ अफेयर पर पूजा हेगड़े ने तोड़ी चुप्पी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने सलमान खान के साथ अफेयर पर कहा है कि वह सिंगल है और उनका ध्यान करियर पर है। पूजा हेगड़े ने सलमान खान के साथ फिल्म किसी का भाई किसी की जान में काम किया है।यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है। लंबे समय से पूजा हेगड़े का नाम सलमान से जोड़ा जा रहा है। सलमान के साथ लगातार उड़ रहीं अफेयर की खबरों पर पूजा हेगड़े ने चुप्पी तोड़ी है। पूजा से सलमान के साथ उनके रिलेशनशिप रूमर्स पर सवाल किया है, तो उन्होंने कहा, मैं इस बारे में क्या कहूं। मैं अपने बारे में रोज नई-नई बातें पढ़ती रहती हूं। मैं सिंगल हूं, मुझे अकेले रहना पसंद है। वाकई मैं अभी अपने करियर पर ध्यान दे रही हूं। मैं अलग-अलग शहरों में ट्रैवल करती रहती हूं, अभी मेरा लक्ष्य मेरा करियर है। मैं अब बैठकर इन रूमर्स पर ध्यान नहीं दे सकती, मैं इस बारे में क्या ही करूंगी? पूजा हेगड़े ने कहा कि मुझे सलमान के साथ काम करके अच्छा लगा, वह सच में जैसे आप उन्हें इंटरव्यू में देखते हैं सेट पर भी वैसे ही हैं। मुझे पसंद है कि सलमान सर जिस तरह से खुलकर बात करते हैं, वो वही कहते तो जो उन्हें सही लगता है।






